आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

महोना में गन्ना लदा ट्रक ने छात्र की ली जान, सिर पर चढ़ा ट्रक का...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 27 नवंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 46 | www.janexpresslive.com/epaper



राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप वापस ले सकते... 12

# कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा

## अंबेडकर के संविधान में नहीं थे 'सेक्युलर' और 'समाजवादी': सीएम योगी आदित्यनाथ

- लोकभवन में आयोजित समारोह में सीएम ने दी संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि, बच्चों को किया सम्मानित
- भारत का संविधान 140 करोड़ देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधता है: मुख्यमंत्री
- दुनिया में सबसे पहले भारत ने महिलाओं को दी मताधिकार की शक्ति- सीएम
- नागरिक अधिकार और कर्तव्य दोनों ही लोकतंत्र के दो महत्वपूर्ण स्तंभ: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





संविधान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित समारोह में संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया और संविधान निर्माताओं को नमन किया। मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान को दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने सबसे पहले संविधान के रूप में एक भारत श्रेष्ठ भारत की आधारशिला रखी। इस दौरान सीएम योगी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने भारत के संविधान का गला घोंटा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान 26 नवंबर 1949 को दिया था 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द नहीं थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन हमें अपने लोकतंत्र और संविधान की महानता का स्मरण कराता है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत का सच्चा सपूत बताते हुए कहा कि उनकी अगुवाई में बनी संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने न्याय, समता और बंधुता जैसे मूल्यों को संविधान में शामिल कर देश को एक सशक्त भविष्य दिया। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद 1946 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मांग पर संविधान सभा का गठन हुआ था। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई, जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष चुना गया। 13 समितियों के माध्यम से संविधान निर्माण का कार्य किया गया, जिसमें ड्राफ्टिंग कमेटी का नेतृत्व बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने किया। संविधान निर्माण के लिए 13 कमेटियों के बहस और फिर उसके महत्वपूर्ण अंशों को संविधान में शामिल किया गया, मुख्यमंत्री ने इन बहसों को संविधान का सार बताते हुए कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को इनसे मार्गदर्शन लेना चाहिए। सीएम योगी ने भारत के लोकतंत्र की तारीफ करते हुए कहा कि भारत का संविधान हर जाति, मत और मजहब के व्यक्ति को समान मताधिकार देता है। जब दुनिया के अन्य लोकतंत्रों में भेदभाव जारी था, भारत ने पहले ही आम चुनाव में हर वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया। यह बाबा साहब अंबेडकर और संविधान सभा की दूरदर्शिता का परिणाम है। संविधान दिवस का यह आयोजन प्रदेशवासियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की महत्ता को समझाने और लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### कांग्रेस ने किया संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़- योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा है। कांग्रेस ने संविधान के मूल स्वरूप को बदलने का प्रयास किया और देश की जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाई। यह भाजपा की सरकार है जिसने संविधान के प्रति लोगों की आस्था को मजबूत किया। सीएम योगी ने कहा कि जिन लोगों ने भारत के संविधान का गला घोंटने का काम किया था जनता ने उनको भी सबक सिखाने में कोई कोताही नहीं बरती है। उन्होंने कहा कि किसी भी संविधान या किसी भी पवित्र कार्यक्रम की आत्मा उसका उद्देश्य होता है, भारत का जो मूल संविधान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को दिया जिसे भारत ने अंगीकार किया था, उसमें दो शब्द 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द भी नहीं था। कांग्रेस ने चोरी छिपे जब यह देश के नागरिक अधिकार निरस्त किए गए थे, देश इमरजेंसी थी तब इन दो शब्दों को भारत के संविधान में डालकर भारत की संविधान की आत्मा का गला घोंटने का काम कांग्रेस ने किया था। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग देश की जनता को गुमराह करते हैं, उनकी भावनाओं के बारे में देश की जनता को जानने की आवश्यकता है। इनका चेहरा लोकतांत्रिक दिखता है लेकिन वास्तव में लोकतांत्रिक है नहीं। यह अपनी उस तानाशाही फासीवादी मानसिकता के साथ काम करने वाले लोग हैं। जब भी इनको अवसर मिलेगा ये लोग अपनी हरकत से बाज नहीं आएंगे। सीएम योगी ने कहा कि इससे पहले 1975 रहा हो या फिर अब भारत के बाहर जाकर और भारत के अंदर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा सामाजिक रूप से दलित अति पिछड़ी जाति के लोगों को मिले हुए संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने के बारे में किस प्रकार की टिप्पणियां ये लोग करते हैं यह आज किसी से छिपा नहीं है।

### सबसे पहले भारत ने महिलाओं को दी मताधिकार की शक्ति: सीएम

सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर आधुनिक लोकतंत्र के जनक कहे जाने वाले उन तमाम देशों से पहले भारत ने महिलाओं को मताधिकार की शक्ति दी। अब भारत उससे भी आगे बढ़ चुका है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके विधायिका में एक तिहाई सदस्य महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया। यह भी दुनिया में सबसे पहले भारत में हुआ। सीएम योगी ने कहा कि भारत का संविधान भारत के नागरिकों को संरक्षण भी प्रदान करता है सम्मान भी प्राप्त करता है समानता के भाव के साथ भी जोड़ता है और संविधान निर्माताओं की मूल भावनाओं का सम्मान करना भी सीखाता है। न्याय, समता और बंधुता इसकी मूल भाव को लेकर अनेक उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए भारत के संविधान ने अपने इन 75 वर्षों की यात्रा को शानदार तरीके से किया है।

### नागरिक अधिकार और कर्तव्य दोनों ही लोकतंत्र के दो महत्वपूर्ण स्तंभ: योगी

सीएम योगी ने 2019 में उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद में नागरिक कर्तव्यों पर आयोजित विशेष सत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि नागरिक अधिकार और कर्तव्य दोनों ही लोकतंत्र के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि केवल अधिकारों की बात करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि संविधान में बताए गए नागरिक कर्तव्यों का पालन करना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस को सार्वजनिक महत्व का दिन बताते हुए कहा कि इसे केवल एक औपचारिक कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि जागरूकता अभियान के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

### सीएम योगी ने संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने का किया आह्वान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन के अंत में सभी नागरिकों से संविधान के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण तभी संभव है, जब हर नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे और संविधान में दिए गए अधिकारों का सही उपयोग करे।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को सीएम योगी ने किया सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'संविधान से आदर्श और मूल्य' विषय पर आयोजित वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने और इसके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।

### संविधान 140 करोड़ देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधता है- मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की यह धरोहर है जो संपूर्ण भारत को 140 करोड़ भारतवासियों को एकता के सूत्र में बांधता है वह भारत का संविधान है, इस भारत के संविधान का संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। भारत के संविधान के द्वारा भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए तय किए गए उसके मूलभूत कर्तव्यों का अगर हम पालन करेंगे तो यह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति, भारत के संविधान निर्माताओं के प्रति और भारत के महान स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

---

## संभल हिंसा

# सपा विधायकों और जिलाध्यक्ष के घर पर पुलिस का पहरा, कमिश्नर बोले, उपद्रवियों के फोटो होंगे जारी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लखनऊ

संभल जाने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सपा के जिलाध्यक्ष के घर को सोमवार की रात घेर लिया। सपा विधायक पिंकी यादव, कमाल अख्तर के घर पर पुलिस का पहरा है। सांसद रुचिवीरा के घर भी पुलिस गई थी लेकिन वह घर नहीं थीं। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने बताया कि पुलिस ने उनके दिल्ली रोड स्थित घर को घेर रखा है। उधर, मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि संभल में उपद्रव करने वालों के फोटो जारी किए जाएंगे। अफवाह फैलाने वाले भी सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे। प्रशासन के प्रयास से जनजीवन पहले की तरह स्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को आशंका थी कि वह संभल जा रहे हैं। इसी प्रकार असमोली विधायक पिंकी यादव के मानसरोवर स्थित आवास, कांठ के विधायक कमाल अख्तर के जिगर कॉलोनी स्थित आवास पर गई थी।

सांसद रुचिवीरा के घर भी पुलिस गई थी लेकिन वह घर मौजूद नहीं थीं। मंगलवार को वह भोजपुर स्थित शादी समारोह में गई थी तो पुलिस उनके पीछे लगी रही। आरोप है कि पुलिस सपा नेताओं के पीछे पड़ गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के साथ जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव समेत अन्य कार्यकर्ता संभल जाने वाले थे लेकिन माता प्रसाद पांडेय ने इस बारे में अभी तिथि नहीं की है।

### राहुल गांधी के संभल आने की सूचना, अमरोहा में पुलिस नाकाबंदी

जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संभल जाने की सूचना पर पुलिस ने हाईवे पर नाकाबंदी कर दी। दिल्ली से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। हसनपुर एसडीएम सुनीता सिंह, सीओ श्वेताभ भास्कर और इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के नेतृत्व में थाना पुलिस ने ब्रजघाट पुलिस चौकी के सामने बैरियर लगा कर वाहनों की जांच शुरू कर दी है।

---

**रिपोर्ट** पिछले एक साल से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट बंद चल रही है

# बेटियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे शासन के अधिकारी

- श्रमिकों की बेटियों को शिक्षित करने की तमाम योजनाओं का लाभ बेटियों को नहीं मिल पा रहा है
- इस करण संबंधित सभी सरकारी योजनाएं कागजों तक सिमटकर रह गई हैं
- निरअंकुश अफसरों के पास इतना भी समय नहीं है कि वो यह बता सकें कि वेबसाइट आखिर इतने लंबे समय से क्यों बंद पड़ी है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बेटियों को पढ़ाने और आगे बढ़ाने में तत्पर रहने का दावा करने वाली उत्तर प्रदेश सरकर की मंशा की हवा शासन के अधिकारी खुद निकाल रहे हैं। श्रमिकों की बेटियों को शिक्षित करने की तमाम योजनाओं का लाभ बेटियों को नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए सरकारी ढर्रा खुद जिम्मेदार है। पिछले एक साल से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट बंद चल रही है। इस करण संबंधित सभी सरकारी योजनाएं कागजों तक सिमटकर रह गई हैं। निरअंकुश अफसरों के पास इतना भी समय नहीं है कि वो यह बता सकें कि वेबसाइट आखिर इतने लंबे समय से क्यों बंद पड़ी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सरकार की एक पहल है इसका मकसद है कि लैंगिक भेदभाव खत्म हो और बेटियां सशक्त बनें। उत्तर प्रदेश सरकार के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के तहत भवन निर्माण श्रमिकों की बालिकाओं की शिक्षा के लिए कक्षा 1 से 5 तक 2000 रुपए, कक्षा 6 से 10 तक 2500 रुपए, कक्षा 11 से 12 तक 3000 रुपए एवं स्नातक पाठ्यक्रम या उसके समकक्ष 12000 रुपए एक मुश्त, आई टी आई, पालिटेक्निक, वोकेशनल कोर्स 12000 रुपए, प्रोफेशनल कोर्स जैसे एमबीए,बीबीए, बीटेक, एमटेक, बीसीए, एमसीए, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीजेएमसी, एमजेएमसी, बीफार्मा, एमफार्मा, बीडीएस, बीएएमएस, एलएलबी, एलएलएम में भुगतान किए जाने वाले शुल्क 60000 रुपए एक मुश्त तथा स्नाकोत्तर डिग्री हेतु 24000 रुपए, एमबीबीएस हेतु शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति एक मुश्त दी जाती है। किसी भी विषय में अनुसंधान हेतु 100000 रुपए एकमुश्त देय होती है। इसके अतिरिक्त यदि किसी निर्माण श्रमिक की मेधावी बालिका हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 70 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होती है तो उसे अगली कक्षा में प्रवेश की स्थिति में 8000 रुपए अतिरिक्त एक मुश्त देय होती है। स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षा 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होती है तो 12000 रुपए एक मुश्त दिए जाते हैं।

### छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है

अफ़सोसजनक है कि वर्तमान में श्रमिकों की बेटियों की शिक्षा में दिए जाने वाली सरकारी सहायता पर रोक लगा दी गई है। क्योंकि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। पिछले एक साल से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट बंद चल रही है। इस कारण बेटियों को पढ़ाई में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण अपनी बेटियों को पढ़ा नहीं पा रहे श्रमिक

श्रमिकों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण अपनी बेटियों को पढ़ा नहीं पा रहे हैं। प्राईवेट स्कूलों की फीस इतनी ज्यादा है कि अपने स्वयं के पारिश्रमिक से बेटियों को बेहतर शिक्षा दिलाने में निर्माण श्रमिक असमर्थ हैं। सरकार से मिलने वाली सहायता भी नहीं मिल रही है। इससे समाज में बेटियों को सशक्त बनाने की संकल्पना भी प्रभावित हो रही है। उनका डाक्टर, इंजीनियर, पत्रकार, वकील, जज, आईएएस आईपीएस बनने का सपना भी पूरा नहीं हो पा रहा है। निर्माण श्रमिकों की बेटियों के साथ ये भेदभाव कब तक किया जाएगा, इसका जवाब भी नहीं दिया जा रहा है।

### बेटियों को उनका अधिकार कब तक मिलेगा इस सवाल पर यूपी सरकार खामोश है

भवन निर्माण मजदूर परिषद संस्था के अधिवक्ता कृष्ण कुमार गौतम और अध्यक्ष रमेश चंद्र विश्वकर्मा ने जनसूचना अधिकार के तहत श्रम विभाग से जवाब मांगा लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने से कतरा रहे हैं, निर्माण श्रमिकों की बेटियों को उनका अधिकार कब तक मिलेगा इस सवाल पर यूपी सरकार खामोश है।



## राज्यमंत्री ने रोडवेज बस स्टैंड का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/उरई।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज जालौन के रोडवेज बस स्टैंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रोडवेज बसों का निरीक्षण किया और यात्रियों से उनकी यात्रा से संबंधित जानकारी ली। मंत्री ने यात्रियों से बातचीत करते हुए पूछा, ÷आपको कोई असुविधा तो नहीं हो रही है? सब कुछ ठीक है न? सभी के टिकट काटे गए हैं?÷ उन्होंने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया और इसे संतोषजनक पाया। इसके साथ ही उन्होंने बस कंडक्टर से टिकटों के बारे में जानकारी ली और सुनिश्चित किया कि सभी यात्री बिना किसी परेशानी के यात्रा कर सकें। मंत्री ने बस चालक और कंडक्टर को वर्दी पहनने और नेम प्लेट लगाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यह एक आवश्यक व्यवस्था है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और बस स्टैंड की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे।

# संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न कार्यालयों में हुए कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**





संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों में उत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इसके अलावा जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में पदयात्रा निकाल कर संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन से किए गए लाइव प्रसारण को भी देखा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने 201 स्वयं सहायता समूह को 9,90,50,000 रुपये का लोन वितरण किया गया। एलडीएम अनुराग शर्मा ने समूह की महिलाओं को लखपति दीदी योजना के बारे में भी बताया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। सफाई के लिए नगर पालिका परिषद कर्वी को सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का देश के लिए सराहनीय योगदान है उन्होंने संविधान में पिछड़े शोषितों वंचितों को मुख्य धारा से जोडे एवं उनके जीवन में परिवर्तन हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने सविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नियुक्त समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। साथ ही संविधान के विषय में जानकारी भी दी। इसके बाद एसपी ने पुलिस कार्यालय का भ्रमण कर कार्यालय के बाहरी परिसर की साफ-सफाई के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कार्यालय राजेश द्विवेदी, वाचक पुलिस अधीक्षक पारितोष दीक्षित, राजीव कुमार सिंह एवं कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

इसके अलावा जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान पदयात्रा का आयोजन किया गया। कुलपति शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि संविधान में हम सभी के अधिकार दिए गए है। हमे उन अधिकारों के प्रति हमें जागरुक रहना चाहिए। यह संविधान हम सभी के स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने सभी को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनन्द कुमार, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ विनोद कुमार मिश्रा, डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ गुलाबधर, डॉ निहार रंजन मिश्र सहित समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला जज ने संविधान दिवस के अवसर पर बताईं संविधान की विशेषताएं, दिलाई शपथ

**चित्रकूट।** उच्च न्यायालय एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में बाल सम्प्रेक्षण गृह, जिला कारागार एवं जिला कचहरी परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ करते हुए सभी को शपथ दिलाई गई। साथ ही विधिक साक्षरता एव जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। जिला कचहरी परिसर में अधिवक्ता परिसर द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में जिला जज विकास कुमार प्रथम ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुरूप हम सभी को काम करना चाहिए। साथ ही समाज व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निवर्हन करना चाहिए। प्रयागराज उच्च न्यायालय से आए सुरेन्द्र नाथ शुक्ल ने कहा कि भारतीय संविधान की विशेषता के कारण ही आज हम विश्व में अग्रणी हो रहे है। अधिवक्ता नागेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। जिसमें समानता को विशेष महत्व दिया गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कांग्रेसियों ने संविधान दिवस पर किया बाबा साहब को याद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** कौंग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अध्यक्षता में जिला कौंग्रेस कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें सभी कौंग्रेसियों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। साथ ही सभी ने संविधान की शपथ भी ली। कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि संविधान में पिछड़ों, दलितो और कमजोर तबके को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए के लिए बहुत से अधिकार दिए गए हैं, लेकिन वर्तमान सरकार पिछड़ों व दलितों के अधिकार को छेड़ना चाहती है और नए नियम लाकर गरीब तबके को उनके अधिकारों से वंचित करने का काम कर रही है। इसके बाद हुई बैठक में 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सेवादल प्रशिक्षण के बारे में भी चर्चा की गई। जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 के दिन ही भारतीय संविधान का गठन हुआ था। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, वरिष्ठ कौंग्रेस नेता शिव गुलाम वर्मा, जिला सचिव यमुना प्रसाद शुक्ला, जग जाहिर सिंह पटेल, महेंद्र सिंह पटेल, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, कामता प्रसाद द्विवेदी, इंद्रजीत उपाध्याय, सेवादल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद एडवोकेट, मातृशक्ति के रूप में सविता पाल, अग्नू प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### नेट परीक्षा 27 व 28 को

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देश के अनुपालन में 27 और 28 को नवंबर को आयोजित होने वाली नेट परीक्षा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम भी बनाए गए है। जिलाधिकारी ने ब्लॉक स्तरीय कंट्रोल रूम के प्रभारी के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी को नामित किया है। साथ ही जिला स्तर पर पुष्पेंद्र सिंह डी सी प्रशिक्षण को नामित किया गया है। कहा कि किसी भी शिक्षक को कोई भी समस्या हो, कंट्रोल रूप में संपर्क कर सकते है।

### कैरियर कांउसिलिंग कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राजकीय जिला पुस्तकालय में संविधान दिवस के अवसर पर कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करके संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम में पाठकों की कैरियर से सम्बन्धित समस्याओं को सुना गया तथा उनका निराकरण भी किया गया। साथ ही प्रतियोगी छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बन्धित 6000 रुपये की पुस्तके भी भेंट की गयी। इस मौके पर राजकीय हाई स्कूल भरतकूप की प्रधानाचार्या कमला साहू, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर के कोर्स कोआर्डिनेटर सीपी पांडेय, प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ प्रदीप नारायण शुक्ला, विषय विशेषज्ञ त्रिपुरारी शरण मिश्र आदि मौजूद रहे।

### शिविर लगाकर किया लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी चित्रकूट में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगो की मानसिक सेहत सुधारने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का हमारी सेहत पर गहरा असर पड़ता है, अगर मन स्वस्थ्य है तो हम शारीरिक बीमारियों से भी बच सकते है। संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और संयमित जीवनशैली मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए जरुरी है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया और कहा कि व्यक्तियों की सकारात्मक मानसिकता से न केवल परिवार, बल्कि पूरा समाज और राष्ट्र स्वस्थ्य रह सकता है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ संतोष कुमार, जिला कार्यक्रम आधिकारी आर के करवरिया, डॉ नरेद्र देव पटेल, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब, ज्ञानचन्द्र शुक्ल, गर्व तिवारी. अरुण कुशवाहा, डॉ सोनम सिंह, डॉ बरखा सिंह, अभिलाष खरे, कुलदीप सिंह, दीपक गौतम, आदि मौजूद रहे।

### चौपाल लगाकर सुनी गईं किसानों की चकबन्दी सम्बन्धित समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर चकबंदी प्रक्रिया को किसानों के बीच में विश्वसनीय और उपयोगी साबित करने के साथ इस प्रक्रिया को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उपसंचालक चकबंदी राजेश प्रसाद विभागीय अधिकारियों के साथ ग्राम चैपाल का आयोजन कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार को भुजौली माफी और गड़वारा में किसानों की समस्याएं सुनीं। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि चकबंदी आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी और जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के साफ निर्देश हैं कि किसानों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। खासतौर से चकबंदी के मामलों में पूरी प्रक्रिया के दौरान निष्पक्षता और पारदर्शिता अपनाई जाए। इसके चलते चकबंदी वाले गांव में चैपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चकबंदी से होने वाले लाभों की जानकारी किसानों को दी जाती है और उनकी शिकायतों को सुनकर समस्याओं का निराकरण किया जाता है। चैपाल में आए ग्रामीणों ने प्रसन्नता का इजहार करते हुए कहा कि इसके पूर्व किसी भी ग्राम पंचायत में चकबंदी अधिकारियों द्वारा ऐसी कोई पहल नहीं की जाती थी। जब अपनी समस्याओं को लेकर किसान जिला मुख्यालय जाते थे, तो चकबंदी से संबंधित अधिकारियों से मुलाकात न होने के कारण निराश होकर वापस लौट आते थे। ऐसे में संबंधित ग्राम पंचायत में शीर्ष अधिकारियों के स्वयं पहुंचने पर क्षेत्रीय किसान खुलकर अपनी समस्याएं बता रहे हैं। जिससे चकबंदी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारी और बिचैलियों के मंसूबों पर पानी फिर गया है। इस दौरान देहुरच गांव के सचिन कुमार सिंह ने सुझाव दिया कि चकबंदी प्रक्रिया में खसरा बंदोबस्त की तर्ज पर सजरा बंदोबस्त भी किया जाए। जिससे पूर्व में सीलिंग प्रक्रिया के दौरान हुई त्रुटियों को सुधार कर पैत्रक जमीनों से वंचित लोगों को उनका हक दिलाया जा सके। इस पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि किसान हित में नियमानुसार कार्य किया जाएगा। छोटे किसानों की अलग-अलग टुकड़ों में बंटी जमीनों को मालियत के अनुरूप एक स्थान पर किया जाएगा। इसके अलावा इस प्रक्रिया से जमीनों पर किए गए अवैध कब्जे भी समाप्त होंगे। इस मौके पर चकबंदी अधिकारी शैलेंद्र द्विवेदी, सहायक चकबंदी अधिकारी कैलाश नाथ समेत संबंधित चकबंदी लेखपाल व काश्तकार मौजूद रहे।

### डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन सहित अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को पोलियो-डे आठ दिसम्बर को विद्यालय खुले रखते हुए विद्यालय में मिड-डे-मिल का वितरण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने वैक्सीनेशन में जनपद की स्थिति ठीक न पाएं जाने पर सभी चिकित्साधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थिति ठीक करने के लिए कहा। कहा कि जहां वैक्सीनेशन हो, वहां अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को बुलाए। कहा कि जो एएनएम कार्य नहीं कर रही हैं, उनको हटाए। उन्होंने आशा एवं एएनएम को प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया। तथा कहा कि जो प्रशिक्षण के बाद कार्य न कर पाए, तो उन्हें हटाए। सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग मानीटिंग करते रहें। बीपीएम मानिकपुर के उचाढ़त्रीह में टीकाकरण की स्थिति ठीक नहीं पाई गई जिस पर बताया कि एएनएम फोन नहीं उठाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने उनके खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एम जतारिया को निर्देश दिए कि उचाढ़ीह टिकरिया जाकर निरीक्षण कर अवगत कराए। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को जनपद में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने को कहा। जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय में संचालित एसएनसीपी में मृतक बच्चों की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि लापरवाही नहीं होनी चाहिए। एफआरयू स्टेटस के संबध बीसीपीएम मऊ शिवरामपुर पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि अगली समीक्षा बैठक में डीसीपीएम बीसीपीएम की समीक्षा की जाएगी तथा जिनके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रसव लाभार्थियों का भुगतान की स्थिति में जिलाधिकारी ने रोहित अग्रवाल द्वारा जिला अस्पताल में भुगतान की स्थिति ठीक न पाए जाने पर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के लिए आदेशित किए।

**सरकारी धन का बंदरबांट...**

# निही गौशाला में बनाई जा रही बाउंड्रीवॉल में भारी अनियमिताएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

### डायमंड जाली के नामपर अधिक भुगतान

राज्य वित्त व 15वां वित्त आयोग से से वित्तीय वर्ष 2024/25 में डायमंड जाली का भुगतान अधिक कर लिया गया है। गौशाल में डायमंड जाली के लिए 30 सितंबर 2024 को 43200 रुपए का भुगतान भुगतान किया गया है। जबकि मौके से गौशाला में नाममात्र की डायमंड जाली लगी हुई है। इस तरह से सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया गया है।



सरकारी गौशालाओं में भ्रष्टाचार का घुन लग गया है। निर्माण कार्य के नामपर प्रधान और सचिव मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर अपनी जेबें भर रहे हैं। गौशाला में बाउंड्री वॉल निर्माण में जमकर अनियमिताएं की जा रही हैं। यहां अनुपातहीन मैटेरियल के साथ रद्दी ईंट से बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को ऐसे गुणवत्ताविहीन कार्यों को देखने की फुरसत नहीं है।

मानिकपुर विकास खण्ड के निही ग्राम पंचायत में विकास के लिए आई धनराशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। गौशाला में बनाई जा रही बाउंड्रीवल में मानकविहीन निर्माण किया जा रहा है। यहां बालू के साथ नाममात्र सीमेंट का मिश्रण कर रद्दी ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त बाउंड्री वॉल की एमबी भी लगत से अधिक बनाई गई है। इसी तरह से शासकीय धनराशि को ठिकाने लगाया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारों को कोई खबर नहीं है। निही ग्राम पंचायत के कई कार्यों में फर्जी तरीके से भुगतान किया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने शिकायती पत्र तैयार कर मुख्यमंत्री को भेजेंगे।

अड़गड़ा के नाम किया फर्जी भुगतान निही ग्राम पंचायत के गौशाला में लगे अड़गड़ा के नामपर गलत तरीके से भुगतान कर लिया गया है। जबकि गौशाला में लगा अड़गड़ा पिछली पंचवर्षीय में लगाया गया था और भुगतान भी हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2023/24 में राज्य वित्त व 15वा वित्त आयोग से 29 जनवरी 2021 को 12950 रूपये का न्यू शिवम ट्रेडर्स के नाम भुगतान कर लिया गया है।

## बारात लेकर नहीं पहुंचा लड़का पक्ष, लड़की पक्ष ने थाने में दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर दूल्हा बारात लेकर न आने पर लड़की पक्ष में खलबली मच गई। लड़की के पिता से जानकारी करने पर दूल्हा के पिता ने बताया कि दूल्हा गुम हो गया हैं। लड़की के पिता ने कोतवाली में तहरीर दे दी हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिरिया निवासी राजवीर कठेरिया की पुत्री पूजा की शादी कुठौंद थाना क्षेत्र के गांव ईकों निवासी माता प्रसाद कठेरिया के पुत्र विकास के साथ तय हुई थी। बताया गया है कि 25 नवम्बर सोमवार को शालिनी गेस्ट हाउस से होनी थी। देर रात तक बारात न आने पर लड़की के पिता राजवीर ने लड़के के पिता माता प्रसाद से बारात न आने को लेकर जानकारी की। माता प्रसाद का कहना था कि दूल्हा विकास अचानक कहीं लापता हो गया हैं। दूल्हा लापता की बात सुन लड़की पक्ष में खलबली मच गई। बारात न आने से नाराज लड़की पूजा, पिता राजवीर कठेरिया को लेकर कोतवाल पप्पू सिंह यादव के पास पहुंची। जहां पर कोतवाल ने दूल्हा के पिता माता प्रसाद से दूरभाष से बात की। माता प्रसाद ने कोतवाल को बताया कि दूल्हा गायब होने की शिकायत कुठौंद थाने शिकायत दे दी गई हैं।

## प्रभारी मंत्री ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण, ईओ की लगाई फटकार



**जन एक्सप्रेस । उरई**

प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग संजय सिंह गंगवार ने ग्राम सरसौखी स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान भूसा का भंडारण गौवंशो को कम चोकर देने पर अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाई।त्रिस्तरी जांच कमेटी गठित कर कान्हा गौशाला पर खर्च की जा रही धनराशि की जांच कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में संरक्षित गोवंशों को पर्याप्त भूसा, हरा चारा, दाना चोकर दिया जाए। सरकार इसके लिए पर्याप्त धनराशि दे रही है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समय समय पर चिकित्सक गौवंशो का स्वास्थ परीक्षण करते रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला में गौवंशो के लिए सर्दी के बचाव के इंतजाम किए जाए। उन्होंने गौशाला में लगे भूसा घर पर चरही व मुख्य द्वार पर सीसीटी कैमरों को देखा, जो सभी संचालित थे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि बीमार गौवंश की सूचना तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि गौवंशों के लिए खान-पान और अन्य चीजों की पर्याप्त सुविधा है। उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रख रखाव देखा, जिसमे भूसा का भंडारण कम मिला।

## मुस्कान हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस व एसओजी टीम ने बीती 15 नवम्बर को कोतवली कर्वी अन्तर्गत ग्राम कसहाई में हुई छात्रा मुस्कान की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीती 15 नवम्बर को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम कसहाई में छात्रा की हत्या हो गयी है। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात आरोपियों के अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा पुलिस व एसओमी टीम की विवेचना के क्रम में मृतका के घर के पास नटों के डेरों का सात वर्षीय चश्मदीद बच्चें शाहीद उर्फ अब्बे के बयान के आधार पर गुड्डु, छुटकू, इरफान निवासीगण कुर्मिन का पुरवा, शरीफ उर्फ इक्यहवा निवासी जजौली थाना करारी, रहीस निवासी बहादुरपुर थाना करारी जिला कौशाम्बी का नाम प्रकाश में आया। इसके बाद मंगलवार को दो आरोपियों को शिवरहा तालाब महुआ गांव राजापुर के पास गिरफ्तार कर लिया गया। पूंछतांछ करने पर उन्होंने अपना नाम रहीस व कल्लू निवासी कुर्मिन का पुरवा जजौली थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी बताया। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह, गौरव तिवारी, हर्षित मिश्रा, आरक्षी राहुल देव, नीतू द्विवेदी, पवन राजपूत, महिला आरक्षी रुचि वर्मा व एसओजी टीम से मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, नीतेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह व गोलू भार्गव शामिल रहे।

## डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट गोदाम का किया मासिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज निर्वाचन कार्यालय में स्थित ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) व वीवीपैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम में रखी ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोदाम में स्थापित सभी सीसीटीवी कैमरों की संचालित पाए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों का निरंतर संचालन और निगरानी में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह कैमरे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने छात्रा की मौत के मामले में दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

- सेक्रेट हार्ट सेंटनरी एकेडमी विद्यालय में बस का अगला पहिया चढ़ने से हुई थी छात्रा की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**



डीएम ने शहर के सेक्रेट हार्ट सेंटनरी एकेडमी विद्यालय में बस का अगला पहिया चढ़ने से हुई छात्रा की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए।

शहर के मुहल्ला पाठकपुरा निवासी कौशलेंद्र सिंह की साढ़े सात वर्षीय पुत्री राधिका सिंह कक्षा दो व पुत्र हर्ष कक्षा एक में सेक्रेट हार्ट सेंटनरी एकेडमी विद्यालय में पढ़ रहे थे। सोमवार सुबह पौने आठ बजे स्कूल की बस से वह विद्यालय पहुंचे थे। बस से परिसर में उतरते समय बच्ची का बैग गिर गया तो वह उसे उठाने लगी थी कि तभी चालक ने बस को बैक कर दिया था। तभी बस का अगला पहिया मासूम के पेट से निकल गया था। बाद में चालक उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए। जिसके लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मनोज कुमार को छह सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में बच्ची के पिता कौशलेंद्र सिंह ने स्कूल प्रधानाचार्य व बस मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाया था।पुलिस ने तहरीर के आधार पर चालक मनु सोनी पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।विद्यालय में बच्ची के मौत के बाद वहां के बच्चे व पूरा स्टाफ दुखी था। मामले को देखते हुए प्रधानाचार्य सिस्टर रफायल ने तीन दिन के लिए विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि घटना के बाद से सभी स्टाफ दुखी है। जिला प्रशासन की जो भी जांच होगी उसमें पूरा सहयोग किया जाएगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# टिकरिया रेलवे स्टेशन में बना बाल उद्यान बदहाल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



टिकरिया रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण के दौरान रेलवे परिसर में बनाए गए बाल उद्यान बदहाली का शिकार है। रेलवे कालोनी स्थित बाल उद्यान पार्क की दशा दिन पर दिन खराब होती जा रही है। स्थिति यह है कि अब यहां शाम के समय बच्चों की चहल पहल नहीं सुनाई देती। बल्कि आवारा तत्वों का जमघट जरूर नजर आता है। उद्यान को घांसफूंस ने अपने आगोश में ले लिया है। झूले, कुर्सी आदि बड़ी - बड़ी घांस उग आने से सब ढक गया है। डब्लूसीआर के जबलपुर डिवीजन अंतर्गत टिकरिया रेलवे स्टेशन परिसर में बने बाल उद्यान बदहाली का शिकार है। अब से 3 वर्ष पूर्व टिकरिया रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया था, जहां लाखों की लागत से बाल उद्यान भी बनाया गया था, लेकिन देखरेख की अभाव में उद्यान की हालात बेहद खराब हो चुकी है।

पार्क में हरियाली नहीं, बल्कि गंदगी का अंबार लगा हुआ है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते पार्क दुर्दशा का शिकार है। कई बार इस पार्क की सुनसान स्थिति को देखकर कुछ गलत किस्म की घटनाएं भी घट चुकी हैं। पार्क की दुर्दशा को देखकर अंदाज लग जाता है कि देखरेख की कमी के चलते यह सब हुआ है। यहां की क्यारियों पूरी तरह से गुम हो गई हैं। बड़ी-बड़ी घांस उग आने से कुर्सियां, झूले इत्यादि गुम हो गए हैं।उल्लेखनीय है कि रेलवे का यह पार्क किसी समय में काफी गुलजार रहा करता था। चारों तरफ फूल और सुंदर सुंदर पौधे मन मोह लेते थे। बच्चों के खेलने के लिए कई तरह के सामान उपलब्ध थे। पर अब यह स्थिति है कि लोग पार्क में बैठने तो छोड़ों इस ओर देखते तक नहीं हैं। क्योंकि बड़ी-बड़ी घांसफूंस के चपेट में आ गया है। रेलवे प्रशासन की लापरवाही के चलते पूरी तरह से बदहाल हो चुका है। अगर समय रहते इसका रखरखाव नहीं किया गया तो जो बचा भी है वह भी ध्वस्त हो जाएगा।

## सड़क हादसे में घायल होमगार्ड जवान की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में घायल हुए होमगार्ड जवान की उपचार के दौरान मौत हो गई। डकोर कस्बा निवासी कुंदेश्वर 56 बर्ष होमगार्ड विभाग में कार्यरत थे। करीब डेढ़ वर्ष पहले उनकी ड्यूटी डकोर में ही चल रही थी। तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिससे वह घायल हो गया था। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई थी। मौजूद लोगों ने उसकी पहचान कर सूचना पुलिस व उसके परिजनों को दी थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। जहां से उन्हें ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया था। तभी से उनका इलाज चल रहा था। सोमवार की रात अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया कि उनके दो पुत्र हैं। उनकी मौत से पत्नी आशा देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रालोद का व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जालौन के प्रबुद्ध जनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के आमंत्रण पर एवं प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के संगठन विस्तार के उद्देश्य से रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा मंगलवार को उरई पहुंचे। सर्वप्रथम उनके कालपी पहुंचने पर बुंदेली सेना के अध्यक्ष सोनू ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ माला पहनाकर राष्ट्रीय सचिव का स्वागत किया। कालपी से उरई के बीच मार्ग में जगह-जगह लोगों ने राष्ट्रीय सचिव का स्वागत किया। तदोपरांत राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा एसआर इंटर कालेज पहुंचे। जहां पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक राठौर के साथ मिश्रा ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र छात्राओं से भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराने के साथ सभी को संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई। उसने पश्चात राष्ट्रीय सचिव ने सर्किट हाउस पहुंचकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। साथ ही बड़ी संख्या में युवाओं ने सर्किट हाउस पहुंचकर राष्ट्रीय सचिव का स्वागत किया एवं जिले की विविध समस्याओं से राष्ट्रीय सचिव को अवगत कराया। मिश्रा ने सभी समस्याओं के समाधान हेतु पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से संवाद करने एवं समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उसके पश्चात राष्ट्रीय सचिव व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। जिसमें जिले के विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर रालोद के जिलाध्यक्ष ध्रुव गुप्ता भी मौजूद रहे।तदोपरांत राष्ट्रीय सचिव सेमरिया गांव पहुंचे जहां बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष सोनू ठाकुर के नेतृत्व में सेना के सदस्यों ने पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाई। राष्ट्रीय सचिव श्री अनुपम मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों की इन भावनाओं का सम्मान करता है। इसके पश्चात राष्ट्रीय सचिव रूरा अडडू गांव पहुंचे जहां पहले से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एकत्र थे। राष्ट्रीय पदाधिकारी को अपने सम्मुख देख ग्रामीणों को अपने समस्याओं को लेकर उम्मीद के भाव नज़र आ रहे थे। राष्ट्रीय सचिव श्री ने धैर्य पूर्वक ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अपने व पार्टी के स्तर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।



### एनआईए ने मणिपुर हिंसा के तीन बड़े मामलों...

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर के हाल के हिंसा से जुड़े तीन बड़े मामलों की जांच शुरू कर दी है। एक आधिकारिक बयान में जानकारी दी गई कि जांच एजेंसी की टीमों ने 21 और 22 नवंबर को घटनास्थलों का दौरा किया और जांच शुरू की। बयान में कहा गया है... पढ़ें पेज 12 पर...

# अपराध और दंड नहीं बल्कि न्याय है तीन नये कानूनों का भाव : सीएम

## सीएम भारतीय संविधान को अंगीकृत किये जाने की 75वीं वर्षगांठ पर नवीन आपराधिक कानूनों के तहत न्याय प्रक्रिया में फॉरेंसिक विज्ञान एवं साइबर सिक्योरिटी की भूमिका विषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस में हुए शामिल

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फॉरेंसिक साइंसेज के ऑडिटोरियम का किया उद्घाटन
- बोले, सुशासन की पहली शर्त होती है कानून का राज स्थापित करना, आज प्रदेश के कानून के राज की हो रही हर जगह चर्चा
- प्रदेश के सभी 1775 थानों में संचालित हैं साइबर हेल्प डेस्क





**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से देश में एक जुलाई-24 से तीन नए कानून लागू किये गये। यह तीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 हैं। इन सभी का भाव आपराधिक संहिता और दंड संहिता नहीं है बल्कि न्याय संहिता है। यह नागरिक सुरक्षा की संहिता है। इसके तहत पहले साक्ष्य जुटाए जाएंगे, उसके बाद अपराधी को कटघरे में खड़ा किया जाएगा। सुशासन की पहली शर्त कानून का राज स्थापित करना होता है। पिछले साढ़े सात वर्षों से प्रदेश में कानून का राज दृढ़ता से स्थापित है। वहीं देश विदेश में प्रदेश के कानून के राज की चर्चा हो रही है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भारतीय संविधान को अंगीकृत किये जाने की 75वीं वर्षगांठ पर नवीन आपराधिक कानूनों के तहत न्याय प्रक्रिया में फॉरेंसिक विज्ञान एवं साइबर सिक्योरिटी की भूमिका विषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस (26-27 नवंबर) के शुभारंभ पर कही। इस दौरान सीएम योगी ने फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट में नये ऑडिटोरियम का उद्घाटन भी किया। साथ ही बच्चों को विभिन्न कोर्सेज के सर्टिफिकेट प्रदान किये। सकारात्मक सोच के लोग टेक्नोलॉजी से न भागें- सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 26 नवंबर 1949 की तिथि स्वतंत्र भारत के इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण तिथि है। भारत माता के सपूत बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को 75 वर्ष पहले भारत ने अंगीकार किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर 2015 से इस तिथि को पूरे देश में संविधान दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि टेक्नोलॉजी के प्रयोग से विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, लेकिन कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल कर लोगों को आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं। ऐसे में साइबर फ्रॉड्स और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए टेक्नोलॉजी का सकारात्मक इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के लोग टेक्नोलॉजी से भागेंगे तो नकारात्मक लोग उस पर हावी होंगे। ऐसे में हमे उन्हे हावी नहीं होने देना है। सीएम ने कहा कि साइबर फ्राड्स से निपटने के लिए पहले चरण में प्रदेश के 18 रेंज में साइबर थानों की स्थापना की गयी है। इसके बाद 75 जनपद में स्थापना की गयी। वहीं आज प्रदेश के सभी 1775 थानों पर एक-एक साइबर हेल्प डेस्क संचालित हैं। इसी के तहत प्रदेश में पहला उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की स्थापना की गयी ताकि बच्चे से साइबर फ्राड्स की पढ़ाई कर इसे रोकने में अपना सहयोग करें।

### अधंकार युग (सपा सरकार) में दुर्दांत भू माफिया ने इंस्टीट्यूट की जमीन पर कर लिया था कब्जा

सीएम योगी ने कहा कि इंस्टीट्यूट की जमीन पर प्रदेश के एक अंधकार युग (सपा सरकार) में दुर्दांत भू माफिया ने कब्जा कर लिया था। ऐसे में भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर जमीन को खाली कराया गया और आज उसी जमीन पर भव्य इंस्टीट्यूट खड़ा है, जहां विभिन्न पाठ्यक्रम की पढ़ाई हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति क्या थी, यह किसी से छुपी नहीं है। प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त थी। उस दौरान गुंडागर्दी चरम पर थी। एक शरीफ व्यक्ति सड़कों पर नहीं आ सकता था। वह घर से बाहर आने में डरता था। दुर्दांत अपराधी और माफिया स्वच्छंद होकर पैरेलल समानांतर सरकारें संचालित करते थे। उसका दुष्परिणाम यह था कि प्रदेश के नौजवानों और नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। वहीं आज प्रदेश दंगा मुक्त, गुंडा मुक्त और माफिया मुक्त है। सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में पुलिस में खाली पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की है। इस दौरान 1,54,000 से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती पारदर्शी तरीके से की गयी। वहीं हाल ही में 60,200 पुलिस कार्मिकों की नई भर्ती की प्रक्रिया संचालित है, जिसका रिजल्ट भी आ गया है। सीएम योगी ने युवाओं को टेक्नोलॉजी से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक राजेश्वर सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, एडीजी जीके गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# खाद केन्द्रों पर किसानों को समय से नहीं मिल पा रही खाद, किसान परेशान

- सैदापुर फर्रुखाबाद खाद केन्द्र पर किसानों का लगा रहा जमावड़ा, नहीं मिली पाई खाद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



**लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खाद केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद ना होने के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। बता दें कि मंगलवार सुबह करीब 9:00 बजे बीकेटी तहसील क्षेत्र के सैदपुर फर्रुखाबाद खाद केंद्र पर किसानों की भारी संख्या में भीड़ देखने को मिली, जहां किसान लाइनों में लगे दिखाई दिए और कुछ किस खाद पाने के लिए आपस में झड़प करते दिखाई दिए। वहीं पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत कर खाद का वितरण करवाया गया। वहीं कुछ किसानों ने आरोप लगाया है कि आलू , गेहूं अन्य फसलें डीएपी व एनपीके खाद ना मिलने से फसलों की बोवाई लेट हो रही हैं। आपकों बता दें कि बीकेटी तहसील क्षेत्र के सैदापुर फर्रुखाबाद, सैरपुर, टनटा पुरवा, भटेसुवा, उसरना, बरगदी, चंदाकोडर, पहाड़पुर अन्य खाद केन्द्रों पर किसानों की लंबी-लंबी लाइन लगीं दिखाई देती है, लेकिन खाद नहीं उपलब्ध हो पा रही है। जिससे किसान काफी आक्रोशित व नाराज है। वहीं किसानों को खाद अधिकारी व बड़े व्यापारियों की सांठगांठ से छोटे किसानों को खाद मिलने में संकट बना रहता है और बड़े व्यापारियों व प्राइवेट दुकानदारों को खाद आराम से उपलब्ध हो जाती हैं। वहीं किसानों को खाद सही समय पर ना मिल पाने से किसानों की आलू, गेहूं की फैसले लेट हो रही हैं जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं खाद वितरण में धांधली करने वालों व मनमानी कर नियम के विरुद्ध खाद वितरण करने के मामले में जिले के अधिकारी को जांच कर कार्यवाहीं करनी चाहिए।

### प्राइवेट दुकानदारों व व्यापारियों की वजह से किसान को खाद लेने में होती है परेशानी

बीकेटी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत छोटे किसानों को खाद लेने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं अधिकारियों व व्यापारियों की सांठगांठ से प्राइवेट दुकानदारों के पास डीपी खाद महंगे दाम पर मिल जाती है, सरकारी खाद केन्द्रों पर डीएपी खाद पहले ही बांट दी जाती हैं और किसानों की आलू और गेहूं की बुवाई के समय छोटे किसानों को सरकारी खाद केन्द्रों पर खाद समय से नहीं मिल पाती हैं और किसान सुबह से लेकर शाम तक खाद्य केन्द्रों पर लाइनों में लगे रहते हैं जिससे किसानों की फैसले लेते हो रही है। इस मामले में लखनऊ जिले के उच्च अधिकारियों को केन्द्रों की जांच कर गड़बड़ी पायें जाने पर कड़ी कार्यवाहीं करनी चाहिए।



# नगर निगम की खलिहान व बंजर भूमि हुई सुरक्षित

- नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार की टीम लगातार नगर निगम की जमीन को सुरक्षित कराने का हर संभव कर रही प्रयास

> नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलते ही मैं तत्काल कार्यवाही करूंगा।
> –रत्नेश कुमार, नायब तहसीलदार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेश पर काम कर रहे प्रभारी अधिकारी संपत्ति संजय यादव, तहसीलदार अरविंद पांडे, संजय कुमार सिंह, नगर निगम नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार, लेखपाल मनोज आर्या, संदीप यादव, तनुज मदान, अनूप गुप्ता के साथ तहसील सरोजनी लेखपाल सारांश सिंह की उपस्थिति में ग्राम औरंगाबाद जागीर तहसील सरोजनी नगर लखनऊ की खसरा संख्या 160 रकबा करीब 0.201हे0 जो नगर निगम के राजस्व अभिलेखों में खलिहान, खसरा संख्या 560 रकबा 0.304हे0 खसरा संख्या 853 रकबा 0.284हे0 खसरा संख्या 854 रकबा 0.025हे0 बंजर में दर्ज है, जिस पर प्रापर्टी डीलर व अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इस अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए। बिजनौर पुलिस बल, नगर निगम ई0टी0एफ0 टीम की उपस्थिति में शांतिपूर्ण रूप से अतिक्रमण को धवस्त कर खलिहान व बंजर भूमि को सुरक्षित कराया गया।

## खेल मंत्री ने संविधान दिवस पर पदयात्रा को दिखाई हरी झण्डी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने 75 वें संविधान दिवस पर राजधानी मे पदयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, युवा कल्याण एवं खेल आलोक कुमार द्वितीय, सचिव, युवा कल्याण एवं खेल तथा महानिदेशक, युवा कल्याण, सुहास एल.वाई. विशेष सचिव, युवा कल्याण, सुनील कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक, अशोक कुमार कनौजिया एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे एवं पदयात्रा में प्रतिभाग किये। पदयात्रा 1090 चौराहा से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर पार्क गोमती नगर के परिसर में स्थित मुख्य स्थल पर समाप्त हुई। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वारा डा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर पुष्पार्पण करने के उपरान्त पदयात्रा समापन स्थल पर एकत्रित युवाओं को सम्बोधित करते हुए संविधान दिवस की महत्ता के विषय में बताया गया। तदोपरान्त संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। विचारों, अवधारणाओं को प्रसारित करने के साथ-साथ संविधान के प्रति नागरिकों को अपने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जाना है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बीजेपी ने मनाया संविधान दिवस

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में जिला स्तर पर संविधान दिवस मनाकर संविधान के प्रति प्रतिबद्धता के साथ बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को कृतज्ञ नमन किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए संविधान का पूजन कर नमन किया।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में संविधान दिवस पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत का आधुनिक लोकतंत्र 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण करके आगे बढ़ रहा है। आज ही के दिन 1949 में संविधान देश की जनता को समर्पित किया गया। गणतंत्र, पंथनिरपेक्षता, सशक्त निर्वाचन पद्धति, संघीय ढांचा, मौलिक अधिकर, मूलभूत कर्तव्य, सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय संविधान के कीर्तिमान है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान है।पीएम नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान के सिद्धान्तों और आर्दशों से सदैव प्रेरणा ली है और संविधान के मूल्यों को सभी लोककल्याणकारी योजनाओं में समाहित किया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश-एक संविधान के संकल्प को सिद्ध किया है। संविधान के निर्माता डा. बाबा साहेब अम्बेडकर जी के जीवन से जुड़े पंचतीर्थों का निर्माण कराकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। हमारा संविधान हमारे लिए पवित्र ग्रन्थ है।

### जद यू कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में संविधान दिवस धूम धाम से मनाया गया ।इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ इस अवसर पर हरि शंकर, डाक्टर जितेंद्र सिंह, सुभाष पाठक ,सुशील पटेल आदि ने संविधान निर्माता डाक्टर भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके गोष्ठी की शुरुआत की गोष्ठी की अध्यक्षता डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने किया।

### पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 03 करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 03 करोड़ 82 लाख 21 हजार रुपए मात्र की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत किया जायेगा। यह योजना 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित तथा 40 प्रतिशत राज्य पोषित है।पशुधन विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए निदेशक, रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# भाषा विवि के छात्रों का अमूल बनास डेयरी का दौरा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग के बी.टेक छात्रों ने किया अमूल बनास डेयरी का दौरा किया गया। प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय से विभिन्न शैक्षणिक दौरों का आयोजन होता है इसी श्रृंखला में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग के बी टेक छात्रों ने औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लखनऊ स्थित प्रसिद्ध अमूल बनास डेयरी का दौरा किया।अमूल बनास डेयरी की टीम ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें संयंत्र के संचालन, उत्पादन प्रक्रियाओं और गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र की जानकारी दी। छात्रों ने डेयरी संयंत्र के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया, जिसमें दूध प्रसंस्करण इकाइयां, पैकेजिंग लाइन, कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं आदि शामिल हैं। उन्हें उत्पादन और वितरण में उपयोग की जाने वाली उन्नत तकनीकों और मशीनों से परिचित कराया गया। इस दौरे के बारे में बात करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. आरके त्रिपाठी ने कहा कि इस औद्योगिक दौरे ने हमारे छात्रों को डेयरी उद्योग में आधुनिक औद्योगिक प्रक्रियाओं और नवीन तकनीकों की व्यावहारिक समझ प्रदान की।अमूल बनास डेयरी के प्रबंधन ने भी अपनी स्थिरता प्रथाओं, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और ग्रामीण विकास में डेयरी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी साझा की। दौरे का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने विशेषज्ञों के साथ करियर के अवसरों, नवीन प्रथाओं और डेयरी उद्योग में चुनौतियों पर चर्चा की। इस तरह के औद्योगिक दौरे भविष्य के पेशेवरों को गढ़ने और उन्हें अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# महिला जनसुनवाई आज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जनपदों में आयोग के पदाधिकारियों की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई के पश्चात् महिला बंदी गृह, बालिका एवं महिला गृहों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण आयोग के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य सचिव ने बताया कि प्रदेश के जनपद गोरखपुर, बहराइच, आजमगढ़, बस्ती, श्रावस्ती, गाजियाबाद, मुरादाबाद, कानपुर नगर, इटावा, अम्बेडकरनगर, जालौन, शाहजहांपुर, अलीगढ़, मिर्जापुर, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, बिजनौर व प्रयागराज में 27 नवम्बर को पूर्वान्ह् 11 बजे संबंधित जनपदों के गेस्ट हाउसों में महिला जनसुनवाई के पश्चात् महिला बंदी गृहों, बालिका महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी आयोग के पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा।

### दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान मनाया गया संविधान दिवस

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा 26 नवम्बर को 75वें भारतीय संविधान दिवस के पवित्र अवसर पर संस्थान के अपर निदेशक बीडी चौधरी की अध्यक्षता में, संस्थान के समस्त अधिकारियों कार्मिकों तथा अद्यतन रूप से संस्थान के अन्तर्गत संचालित हो रहे, समानान्तर चार प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कुल लगभग 200 प्रतिभागियों की गरिमामयी उपस्थिति में, संविधान प्रलेखन समिति के अध्यक्ष बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरान्त उपस्थित गयी।

# राज्य संग्रहालय ने किया व्याख्यान का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य संग्रहालय लखनऊ संस्कृति विभाग द्वारा आज अपरान्ह 12 बजे एक दिवसीय व्यख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ देव प्रकाश शर्मा पूर्व निदेशक भारत कला भवन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय उपस्थित थे जिन्होंने अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विजय कुमार पूर्व पुलिस महानिदेशक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सृष्टि धवन निदेशक राज्य संग्रहालय लखनऊ द्वारा की गयी। डॉ शर्मा ने बताया ताम्र अस्त्र भारत में ज्यादातर भारी संख्या में मिलते है जिससे आभास होता है इसका प्रयोग प्राचीन काल के युद्ध में हुआ था। इन अस्त्रों का महाभारत युद्ध में प्रयोग हुआ था। भारी संख्या में ताम्र अस्त्र का महाभारत कथा से सम्बन्धित स्थलों के उत्खलन से भारी संख्या में ताम्र अस्त्रों का ढेर प्राप्त हुआ। डॉ शर्मा ने गंगा के मैदानी क्षेत्रों में पाये गये ताम्र अस्त्रों के आकार, अनुपात आदि पर विस्तार से व्याख्यायित किया।

# महोना में गन्ना लदे ट्रक ने छात्र की ली जान, सिर पर चढ़ा ट्रक का पहिया, मौत

- परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल, नागरिकों ने महोना सड़क जाम कर किया प्रदर्शन
- इटौंजा अन्य कई थानों की पुलिस ने आक्रोशित नागरिकों को कराया शांत, पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज
- घटनास्थल पर पहुंचे बीकेटी विधायक, परिजनों को हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन





**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन क्षेत्र के इटौंजा थाना अंतर्गत महोना चौंकी क्षेत्र के महोना चौराहे पर मंगलवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। जिसमें एक छात्र की मौत हो गई। बता दें कि इटौंजा की तरफ से आ रहे गन्ना लदा ट्रक का पहिया छात्र के सिर पर चढ़नें से छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। छात्र दोपहर में साइकिल से घर जा रहा था? और ट्रक की चपेट में आ जाने से छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों और महोना नागरिको द्वारा महोना कुर्सी रोड जाम कर दिया गया। मौके पर इटौंजा, बीकेटी, महिगवां सहित कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रहीं। मंगलवार दोपहर करीब 1:40 बजे अंश वर्मा पुत्र मोहित वर्मा निवासी नगर पंचायत महोना वार्ड नंबर 10 कसाई टोला उम्र करीब 10 वर्ष साइकिल लेकर महोना कुर्सी रोड चौराहे पर सामान लेकर घर जा रहा था, तभी इटौंजा की तरफ से आ रहे ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक की चपेट में आ जाने से छात्र अंश वर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सूचना मिलते ही अंश वर्मा के परिजन व महोना के नागरिकों द्वारा महोना सड़क जाम कर तीन घंटे प्रदर्शन किया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला व बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचकर परिजनों को बड़ी महान मनोबल के बाद शांत करवाया। वहीं गन्ने से लदा ट्रक ओवरलोड था और स्पीड में जा रहा था छात्र अंश की साइकिल में ट्रक टकराने से ट्रक का अगला पहिया साइकिल पर चढ़ गया और ड्राइवर की लापरवाहीं से ट्रक ना रोकने के कारण छात्र अंश वर्मा के सिर पर ट्रक का पिछला पहिया चढ़ गया। जिसमें छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला के कहने पर परिजन शांत हुए। परिजनों द्वारा की गई। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, आगे की विधिक कार्यवाहीं की जा रही है।

### दोपहर 2 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक महोना कुर्सी सड़क रहा जाम

इटौंजा थाना महोना चौकी क्षेत्र के महोना चौराहे पर ट्रक से छात्र की मौत के मामले में मंगलवार दोपहर 2 बजे से लेकर शाम करीब 4 बजे तक परिजनों ने महोना सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस ने ट्रक व भारी वाहनों को डायवर्सन कर बीकेटी की तरफ भेजा जा रहा था। लगभग 3 घंटे ट्रक व भारी वाहन महोना कुर्सी रोड पर चलने से बंद कर दिए गए थे, हर चौराहे पर सिपाहियों द्वारा बीकेटी जाने के लिए ट्रक ड्राइवर को कहा गया।

### बीकेटी विधायक के आश्वासन पर परिजन हुए शांत, विधायक ने हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन

बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के इटौंजा थाना क्षेत्र महोना चौंकी क्षेत्र अंतर्गत महोना चौराहे पर गन्ने से लदा ट्रक से नगर पंचायत महोना वार्ड नंबर 10 कसाई टोला निवासी अंश वर्मा पुत्र पुत्र मोहित वर्मा उम्र 10 वर्ष की ट्रक की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। जहां परिजनों द्वारा महोना कुर्सी सड़क जाम कर घंटों प्रदर्शन किया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही बीकेटी भाजपा विधायक योगेश शुक्ला मौके पर पहुंचे और परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। विधायक योगेश शुक्ला के साथ बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने हर सरकारी सहायता अन्य मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं विधायक योगेश शुक्ला परिजनों के साथ इटौंजा थाने पहुंचे। जहां परिजनों द्वारा लिखी शिकायत देकर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज़ करने की मांग की। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि हम परिजनों के दु:ख में उनके साथ हैं हम परिजनों की हर संभव मदद करेंगे। विधायक ने कहा कि मोहित वर्मा के पुत्र अंश वर्मा के निधन पर बहुत दुखी हूं, सरकार से हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करूंगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सपा के जिला कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पार्टी कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नें कहा कि वर्तमान में सत्ता पक्ष संविधान का नाम लेकर नाटक कर रहा है। एक तरफ संविधान के नाम पर सरकारी स्तर पर उत्सव मनाने का फरमान जारी किया गया है वहीं दूसरी तरफ संविधान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है लोक तंत्र में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का कार्य सरकारी तंत्र द्वारा किया जाना इसका स्पष्ट प्रमाण है वर्तमान में पी0डी0ए0 के माध्यम से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संविधान को मजबूती प्रदान कर रहे है साथ ही डा0 लोहिया, बाबा साहब अम्बेडकर नेता जी मुलायम सिंह यादव एवं मान्यवर कांशीराम के मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मो0 आफताब खां उर्फ रज्जू नें कहा कि संभल का दंगा सरकार की देन है निर्दोषों पर फर्जी मुकदमे लिखे जा रहे है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव नें कहा कि ''जब लूट ले कहार ही दुल्हन की पालकी, आज वही हाल है हिन्दुस्तान की''। शिक्षाविद वरिष्ठ नेता उमाशंकर चौधरी नें कहा कि संविधान के द्वारा जनता की दिनचर्या निर्धारित है जन्म से मृत्यु तक की हर गतिविधि का संचालन संविधान से ही होता है समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि वोट से लोग सी0एम0, पी0एम0 तो आरक्षण से एस0पी0 डी0एम0 यह संवैधानिक संदेश है पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बबलू लोधी ने कहा कि ग्राम पंचायत से लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत तक पहुंचने का हक हमें संविधान से ही मिलता है जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्रयादवनेकहाकिसंवैधानिक सस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है उपाध्यक्ष शिवनारायण सोनकर नें कहा कि बाबा साहब ने कहा था शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो। जिला सचिव सुरेश पासी नें कहा कि संविधान के द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों में कटौती की जा रही है। गोष्ठी का संचालन अरविन्द चौधरी एडवोकेट नें किया। इस अवसर पर मो0 मुकीम पूर्व ब्लाक प्रमुख, योगेश्वर पटेल, राकेश यादव, पुत्तन सिंह यादव, शुभम लोहिया, बिट्टू यादव, सुरजीत सिंह, विनय यादव, राजेन्द्र बहादुर, राजेश मौर्या, करन मौर्य, अशोक गुप्ता, देवतादीन यादव, विजय कुमार, लाल जी यादव, सुरेश कुमार, आदि लोगों ने संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना मौलिक अधिकारी संविधान में आरक्षण की व्यवस्था आदि पर विस्तार से चर्चा कर संविधान दिवस मनाया गया।

### बाबा साहब की जयंती मनाई गई

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** बाबा साहब डॉ॰बी आर अम्बेडकर जन्मोत्सव संयुक्त समिति, के संयोजन में विश्व दलित परिषद उ॰प्र॰, स्ट/स्ज्ञ बेसिक टीचर वेलफेयर एशोसिएशन के तत्वाधान रायबरेली शहर में स्थित बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर प्रतिमा स्थल (प्रेरणा स्थल) पर 26 नवम्बर संविधान दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ त्रिशरण ,पंचशील,बुद्ध वंदना के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया।समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक चिंतक इंजीनियर एस के आर्या एंव संचालन विश्व दलित परिषद् उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश कुरील द्वारा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद रायबरेली के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने उपस्थिति जनो को संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ संकल्पित कर संविधान के मौलिक अधिकारों के बचाने का आह्वाहन किया।सभाध्यक्ष इंजी॰ एस के आर्या ने संविधान निर्माण में बाबा साहब के योगदान पर चर्चा कर संविधान के मूल उद्देश्यों को जन तक हर घर संविधान पहुंचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाए जाने का आह्वाहन किया इस अवसर पर अनिल कांत,रोहित चौधरी, महेश सर,आशाराम रावत, देश राज पासी , सी एल गौतम, मास्टर राम भरोसे, सतेश गौतम विमल किशोर सबरा, राज कुमार आर्या, दिनेश वाल्मीकि, राम संजीवन धीमान, राम सरन , हरिकेश गौतम दीपक मौर्या,नीरज रावत,,अशोक प्रियदर्शी,अनीता प्रियदर्शी, पिंकी दोहरे, प्रेम चन्द्र मौर्या, इंजी॰ वंश बहादुर यादव, चंद्रशेखर बौद्ध, डा॰ जे के भारत,प्रीतम कुमार राज किशोर विद्यार्थी, रामेश्वर भारती, एड॰ अभय सोनकर, एड॰ सरवन बौद्ध, एड॰ शिव कुमार, अनोद पासी, राम कुमार वाल्मीकि, विजय सोनकर पी सी भारती मास्टर देशराज पासीआदि ने संविधान की महत्ता एवं संविधान निर्माता के योगदान पर चर्चा कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया।

### जिलाधिकारी ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का कराया पाठन

# संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गणों द्वारा लखनऊ से सीधे प्रसारण का देखा गया लाइव कार्यक्रम

**संविधान दिवस पर जिलाधिकारी ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्या अर्पण कर कलेक्ट्रेट में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ**

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



आज प्रातः 9ः30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार मेंजिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने भारतीयसंविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन करायाजिलाधिकारी ने भारतीय संविधान की उद्देशिका को पढ़ा, जिस पर सभागार में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों ने भी उद्देशिका को दोहराया।

उन्होंने कहा कि ''हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति, विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिये दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर,1949 ई0 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है।'' संविधान दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी सभी ने देखा गयाजनपद के समस्त कार्यालयों, स्वायत्तशासी निकायों/संगठनों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिनमें संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धान्तों पर आधारित गोष्ठी आदि का भी आयोजन सम्बंधित विभागों द्वारा किया गया

सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चन्द्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भू-माफियाओं का दबदबा सरकारी जमीन पर कब्जा

**राजस्व कर्मियों की भूमिका सवालों के घेरे में**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



तहसील अमेठी क्षेत्र के ग्राम सभा महमूदपुर के रामनाथपुर बड़ा में भू-माफियाओं की मनमानी एक बार फिर उजागर हुई है। राजस्व अभिलेखों में 263 ख के तहत ऊसर सरकारी भूमि के रूप में दर्ज जमीन पर अवैध कब्जा कर लाखों की संपत्ति पर अपना अधिकार जमाने की साजिश हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कानूनगो और लेखपाल की मिलीभगत से सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण का कार्य शुरू हुआ। हालांकि पूर्व में शिकायत के बाद तहसील प्रशासन ने इस पर कार्रवाई की थी। और निर्माण कार्य बंद करवा दिया था।लेकिन अब फिर से इस जमीन पर कब्जा करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि इस सरकारी भूमि की कीमत पच्चास लाख रुपये से अधिक है। भू-माफियाओं द्वारा इसे कब्जाने में माहिर तरीके से खेल रचा गया। जिसमें राजस्व कर्मियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।कानूनगो और लेखपाल पर मोटी रकम लेकर जमीन कब्जाने की अनुमति देने के आरोप लग रहे हैं। तहसील प्रशासन ने पिछली शिकायतों के बाद निर्माण कार्य रुकवाया था। लेकिन अब फिर से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। भू-माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन हड़पने के इस मामले में स्थानीय प्रशासन की भूमिका संदिग्ध लगती है।इस घटना ने तहसील क्षेत्र में भू माफियाओं और प्रशासनिक मिलीभगत पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में किस तरह का कदम उठाता है।

## सरेनी में कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




सरेनी कांग्रेस का संविधान दिवस विधानसभा सरेनी में आयोजित हुआ जिसमें सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्रों पर माल्यार्पण के पश्चात संविधान की प्रस्तावना का पाठन एवं संविधान के संवैधानिक मूल्य एवं मूलभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया इस मौके पर सरेनी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी समाजसेविका श्रीमती सुधा द्विवेदी ने कहा वर्तमान सरकार एक तरफ संविधान के नाम पर सरकारी स्तर पर उत्सव मनाने का फरमान जारी किया वही दूसरी तरफ संविधान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है लोकतंत्र में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का कार्य सरकारी तंत्र द्वारा किया जाना इसका स्पष्ट प्रमाणहैप्रमुख रूप से इस कार्यक्रम में सरेनी विधानसभा प्रभारी श्री संतोष त्रिवेदी जी सरेनी ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश बहादुर सिंह लालगंज ब्लाक अध्यक्ष कामता गौड़ जी, डलमऊ ब्लॉक अध्यक्ष विनोद प्रताप सिंह जी, नगर पंचायत लालगंज की अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता जी, राजकुमार द्विवेदी जी, दीपेंद्र गुप्ता जी, अजय सिंह जी आदि कांग्रेस के पदाधिकारी गण एवं कांग्रेस पार्टी के हमारे सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन, नन्हे वैज्ञानिकों ने दी प्रस्तुती, दिखा आकर

# नन्हे वैज्ञानिकों' ने दिखाया हुनर, हेलमेट से चलती बाइक का मॉडल रहा श्रेष्ठ

- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया। ब्लॉकों से जीतकर आए 'नन्हें वैज्ञानिकों' का हुनर देखते ही बन रहा था। 'नन्हें कलॉमों' की खोज का हुनर कुछ इस तरह से था कि मॉडल देखकर हर कोई तारीफ कर रहा थाजनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में नन्हे वैज्ञानिकों ने दी प्रस्तुती सभी के आकर्षण का केंद्र रही जीआईसी परिसर में आयोजित जनपदस्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित आकर्षक मॉडल सजाए पांच विजेताओं को राज्य स्तर के लिए चुना गया।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी और राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद उन्होंने सभी ब्लॉकों से आए बच्चों के मॉडल का अवलोकन किया कार्यक्रम का संचालन कर रहे बीईओ रोहिनया डॉ. सत्य प्रकाश यादववबृजलाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जीतने के बाद अब सीधे ही बच्चे राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे जिला समन्वयक प्रशिक्षण दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी की क्विज प्रतियोगिता में रोहिनया ब्लॉक के इटौरा बुजुर्ग राधिका द्विवेदी प्रथम, ऊंचाहार के जमुनापुर की अंजलि दूसरे, खीरों ब्लॉक के शिवपुरी की शिफा बानो तीसरे, शिवगढ़ ब्लॉक के बाकागढ़ के राज चौथे और राही ब्लॉक के बकवारा के शोभित पांचवे स्थान पर रहे।

मॉडल प्रतियोगिता में हरचंदपुर ब्लॉक के गोपालगंज की अंशु, अमावां ब्लॉक के कोड़रस बुजुर्ग के आदित्य दूसरे, रोहिनया ब्लॉक के ऐहारी बुजुर्ग की दिव्यांशी, सलोन ब्लॉक के तिवारीपुर के शिवा चौथे और छतोह ब्लॉक के चतुरपुर ब्लॉक की दिव्या पांचवें स्थान पर रही अनमोल तरीके 'नन्हें वैज्ञानिकों' की प्रतियोगिता में बच्चों का हुनर खूब बोला। किसी बच्चे से हेलमेट से चलती गाड़ी बनाई, तो किसी ने सेंसर से काम करता हुआ कूड़ाघर, किसी ने पूरा सेंसर सहित ट्रैफिक सिस्टम तो किसी ने दिव्यांगों की अनमोल स्ट्रिक तैयार की।

हरचंदपुर ब्लॉक के यूपीएस गोपालगंज के छात्र अंशु ने इलेक्ट्रानिक तरीके से चलने वाला हेलमेट बनाया था। यह हेलमेट कुछ इस तरह का है कि जब आप हेलमेट चलाएंगे तभी ही बाइक चलेगी। कोड़रस बुजुर्ग के बच्चे से कूडाघर ऐसा बनाया था जो कि कूडा सामने आते ही अपने आप ढक्कन खुल जा रहा था। रोहनिया की दिव्यांशी ने फसलों की सुरक्षा के लिए सेंसर अलॉर्म बनाया था। यह अलॉर्म खेत के आसपास जानवर आते ही अपने आप बजने लगता है। सलोन के शिवा ने पूरा ऐसा ट्रैफिक सिस्टम इजात किया था कि एक किलोमीटर पहले से पता आगे ट्रैफिक लगा हुआ है बत्ती रास्ता बदलने का संकेत करने लगेगी ऐसे ही दिव्या ने सेंसर के साथ वाली छड़ी इजात की थी जो कि दृष्टिबाधित दिव्यांगों के लिए रामबाण साबित होगीइन बच्चों के अलावा विज्ञान प्रतियोगिता में किसी बच्चे ने बाढ़ से बचने का तरीका बताया तो किसी ने अम्ल वर्षा से नुकसान में पहुंच रहे ताजमहल, किसी ने सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के तरीकों को बताया था सभी ब्लॉकों से आएं बच्चों ने अपना खूब हुनर दिया था।

## संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने संविधान की उद्देशिका का कराया पाठन



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मंगलवार को जनपद में संविधान दिवस सम्यक ढंग से मनाया गया।इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा,उप जिलाधिकारी गौरीगंज सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर सभागार में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया।और जनपद वासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्प हैं।तथा भारतीय संविधान समस्त नागरिकों को सामाजिक,आर्थिक, राजनैतिक न्याय,समानता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है।संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के कार्यालयों, तहसीलों,ब्लॉकों,ग्राम पंचायतों,शिक्षण संस्थानों में भी संविधान की उद्देशिका का पाठन कराने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

# माताओं में वह शक्ति है, जो देश की धर्म, संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखी है: आचार्य शांतनु जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी**




आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पांचवे दिन की कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु महाराज ने अयोध्या काण्ड की पावन मांगलिक प्रारंभिक चौपाइयों के गायन के साथ प्रारम्भ किया। कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने शीशा देखने के तात्पर्य को स्पष्ट करते हुये कहा कि सही व्यक्ति का गुरु भी है दुश्मन भी है इसलिये शीशा जरूर देखना चाहिये।

स्वयं के देखने से गुरु का काम करता है यदि दूसरा दिखाये तो दुश्मन का काम करता है। शीशा देखने का अर्थ आत्मावलोकन आत्मचिंतन आत्म दर्शन आत्म संवाद से है। जब महाराज को सफेद बाल कान के दिखाई पड़े तो उन्होंने राज्य राम को सौंपने का मन बनाया। ऐसे ही मनुष्य को धीरे धीरे जिम्मेदारियों से हटकर भजन में मन लगाना चाहिये। राज्याभिषेक की तैयारियां हो रही थी। और देवता विघ्न की रचना कर रहे थे। सरस्वती जी ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ी है। और मंथरा ने सत्यानाश कर दिया। कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने वरदान के प्रसंग को सुनाते हुये कहा मां कैकेई भगवान के वनवास का वरदान मांगा इस बात को महाराज दशरथ बर्दाश्त नही कर पाए। भगवान को वनवास की सूचना प्राप्त हुई। और मां कौशल्या से आशीर्वाद लेकर चले गए। इस देश की माताओं में वह शक्ति है और क्षमता व पराक्रम है। जो इस देश की धर्म संस्कृति परंपराओं को जीवित रखी है। कौशल्या ने एक प्रकार से पारिवारिक एकता का संकेत किया है कि मां के प्रति भगवान राम को भड़काया नहीं अपितु मां का दर्जा दिया है। मां और पिता यदि दोनों की आज्ञा है तो बन जाना चाहिए। लक्ष्मण को बहुत समझाने के बाद भी लक्ष्मण जब नहीं माने तो लक्ष्मण भगवान राम और जानकी के साथ वन के लिए चले। यह है रघुवंश का भ्रातृ प्रेम। जिस कारण से आज भी हम सब ऐसे भाइयों को याद करके आनंदित होते हैं।कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, सलोन के विधायक अशोक कोरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी तिलोई राम किशुन कश्यप को व्यास पीठ से अंगवस्त्र भेंट किया। वहीं राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया।

## रामदरबार के पूरा होने की तारीख तय

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

राममंदिर के दूसरे तल पर स्थापित होने वाले रामदरबार की मूर्तियां 15 जनवरी तक बनकर अयोध्या पहुंच जाएंगी। इन मूर्तियों का निर्माण राजस्थान के जयपुर में हो रहा है। इसके अलावा सप्तमंडपम के सात मंदिरों की सात मूर्तियां व परकोटे के छह मंदिरों की छह मूर्तियां भी जयपुर में ही बन रही हैं। ये सभी मूर्तियां जनवरी तक बनकर तैयार हो जाएंगी। राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम दरबार की मूर्ति का परीक्षण आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा पूरा कर चुके हैं, मूर्तियां संतोषजनक पाई गई हैं। संगमरमर के पत्थर पर मूर्तियों को आकार देने का काम चल रहा है। विख्यात शिल्पकार वासुदेव कामत राम दरबार को आकार दे रहे हैं। राम दरबार में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन व हनुमान की मूर्तियां एक साथ रहेंगी। यह मूर्ति 15 जनवरी तक बनकर अयोध्या पहुंच जाएगी।

## एनएसपीएस त्रिपुला में संविधान दिवस पर हुए विविध आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए लघु नाटिका प्रस्तुत की गई छात्र विभोर ने भारतीय संविधान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा इसे अंगीकृत किया गया और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान अंगीकृत किये जाने के समय इसके 22 भागों में 395 अनुच्छेद 8 अनुसूचियाँ और लगभग 145,000 शब्द थे, इस कारण यह अब तक का अंगीकृत किया जाने वाला सबसे लंबा राष्ट्रीय संविधान बन गया। संविधान हमारे व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करने, शासन के लिए एक ढांचा स्थापित करने, क़ानून के शासन को बनाये रखने, स्थिरता प्रदान करने, नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने और अत्याचार के खिलाफ सुरक्षा के लिए है, यह हमें मौलिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है और सरकार की संरचना को रेखांकित कर जवाबदेही सुनिश्चित करता है प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे संविधान ने भारतवर्ष को एक लोकतांत्रिक देश बनाया, इसमें नागरिकों को छह मौलिक अधिकार और ग्यारह मौलिक कर्तव्य दिए गए हैं, यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो हमारे राष्ट्र का मार्गदर्शन करता हैइस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी शिवकरन पालरामदेवअजय सिंह, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत 12778.07 मीट्रिक टन धान की खरीद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति जायस,जाफरगंज एवं पंजीकृत चावल मिलर,आढतियो और व्यापारियों के साथ बैठक किया।बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत प्राप्त खरीद लक्ष्य 132000 मी टन के सापेक्ष 12778.07 मी टन की खरीद 1990 किसानो से की गयी। केन्द्र पर क्रय धान में से 2449.00 मी टन का सम्प्रदान केन्द्र से सम्बद्ध चावल मिलों को प्रेषित किया गया।प्रेषित धान से उत्पादित सीएमआर 1657.24 मी टन के सापेक्ष 116.00 मी टन का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम डिपो को किया जा चुका है।साथ ही यह भी जानकारी दी कि जनपद में कार्यरत आढतियो,व्यापारियों के द्वारा बिना 6आर,9आर के जनपद अथवा मण्डी क्षेत्र के बाहर अन्य जनपदों को धान प्रेषित किये जाने की सूचना संज्ञान में आ रही है।इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा मण्डी सचिव जायस,जाफर गंज को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि आढतियों आदि के द्वारा जो भी धान क्रय किया जाय उसकी पूरी सूचना जैसे किसान का नाम,पता,आनलाइन भुगतान का विवरण एवं किसान का मो नम्बर अवश्य अभिलेख में अंकित किया जाय।अन्य जनपद हेतु प्रेषित किये जा रहे धान का नियमानुसार अभिलेख बनाया जाय। जिससे सत्यापन टीम द्वारा पारदर्शी ढंग से यह सत्यापित किया जा सके कि किसानो को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य का लाभ प्राप्त हो रहा है।साथ ही मण्डी समिति के सचिवों को प्रवर्तन का भी कार्य त्वरित गति से करने को कहा गया।जिलाधिकारी द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी को यह निर्देश दिया गया कि मण्डी के द्वारा किये गये प्रवर्तन कार्य एवं आढतियों व्यापारियों के स्टाक के सत्यापन का क्रास वेरिफिकेशन करने हेतु टीम का गठन किया जाय।उन्होंने इस बात बार विशेष जोर दिया कि जनपद में किसी भी स्थिति में धान का अवैध भण्डारण एवं जनपद से अन्य जनपदों हेतु अवैध संचरण न होने पाये।किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।बैठक में अपर जिलाधिकारी व जिला खरीद अधिकारी अर्पित गुप्ता के द्वारा उपस्थित चावल मिल मालिकों को सरकारी कार्य यथा केन्द्र से प्रेषित किये गये धान की प्राप्ति एवं उससे उत्पादित सीएमआर का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम डिपो में करने हेतु प्रथम वरीयता देने का निर्देश दिया गया।डीएम के द्वारा जनपद में कृषि विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये गये सम्भावित उत्पादकता 355384.84 मी टन के सापेक्ष जिले को आवंटित होने वाले खरीद लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त कर जिले को प्रदेश में उच्चतर स्तर पर स्थापित करने हेतु प्रयास करने में शत प्रतिशत सहयोग देने के लिये सभी को प्रोत्साहित किया गया।



**भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा...**

नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में 26 नवम्बर संविधान दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डा0 भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर किया... शेष पेज 07 पर...

# कानपुर को शुक्लागंज से जोड़ने वाला 147 वर्ष पुराना पुल ढहा

- 1875 में ईस्ट इंडिया कंपनी के इंजीनियरों ने तैयार किया था शुक्लागंज पुल का मॉडल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**







मंगलवार की सुबह कानपुर को शुक्लागंज से जोड़ने वाले पुराने गंगापुर का एक बड़ा हिस्सा अचानक भर भरा कर ढह गया। पल के दसवें नंबर की कोठी का बड़ा हिस्सा देखते ही देखते गंगा नदी में समा गया। हालांकि पुल जर्जर होने के वजह से इस पुल पर आवागमन पहले ही बंद किया जा चुका था। इसलिए किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हो सकी। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि यह पल देश की आजादी से पहले का बना हुआ था। इतना ही नहीं पल में कई जगह बड़ी-बड़ी दरारें आ गई थी।

आपको बताते चलें कानपुर को शुक्लागंज से जोड़ने वाला यह पक्का पुल लगभग 147 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शासनकाल में बनाया गया था। पुराने पुल की कई कोठियां में बीते कई वर्षों से बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई थी। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने तत्कालीन जिलाधिकारी को पुल की कोठियां में पढ़ने वाली दरारों की जांच करने के बाद रिपोर्ट सौंप दी थी। इस रिपोर्ट में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने साफ तौर पर या लिखा था कि अब यह पुल वाहनों के आवागमन योग्य नहीं रहा है। जिस वक्त यह जांच हुई थी उसे वक्त पुल अत्यंत जर्जर अवस्था में पहुंच गया था।

### वर्ष 2021 में वाहनों के आवागमन के लिए बंद किया गया था पुल

पूर्व जिलाधिकारी आलोक तिवारी ने 5 अप्रैल 2021 को इस पुल को पूरी तरीके से बंद करने के आदेश जारी किए थे। इतना ही नहीं पुल के ऊपर से कोई वहां ना ले जा सके इसके लिए कानपुर व शुक्लागंज की ओर पुल पर 5 से 6 फीट ऊंची दीवार भी उठवा दी गई थी। दीवार उठने के बाद कुछ समय तक साइकिल सवार व पैदल राहगीर इस पुल से आवागमन करते रहे। पुल की कोठी का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गंगा नदी में गिर जाने के बाद इस पुल को पैदल आवागमन के लिए भी बंद कर दिया गया था।

### पुल का मेंटेनेंस ना होने की वजह से ऐतिहासिक पुल की हुई यह हालत

सूत्रों के माने तो इंजीनियरिंग का साफ यह मत है कि लोहे का मेंटेनेंस हर साल होना चाहिए। अन्यथा यह धीरे-धीरे जंग की वजह से मजबूती खोने लगता है। पुल पर 27 कोलगेज पिलर ब्रिक्स बनाए गए थे। ब्रिक्स की जिंदगी 100 साल मानी जाती है। पड़ताल में सामने आया कि पल की रोड बनाने का काम 2013 में पीडीडब्लूडी द्वारा कराया गया था। इसके बाद कभी भी इस पुल का मेंटेनेंस नहीं किया गया। क्षेत्रीय लोगों की मां ने तो इस पुल से रोजाना लगभग 22 हजार चार पहिया-दो पहिया समेत 1.45 लाख लोग गुजरते थे। पल्स 12 मीटर चौड़ाई और लंबाई टेल से टेल तक 1.38 के करीब थी। अंग्रेजों के जमाने से यह कानपुर को शुक्लागंज से जोड़ने वाला सबसे अहम पुल माना जाता था।

### ईस्ट इंडिया कंपनी के इंजीनियर ने तैयार किया था इस पुल का मॉडल

अंग्रेजों ने कानपुर को उन्नाव लखनऊ से जोड़ने के लिए 1875 में इस पुल का निर्माण कराया था। ईस्ट इंडिया कंपनी के इंजीनियरों ने इस पुल का मॉडल तैयार किया था। इस पुल को बनने में 7 वर्ष 4 महीने का समय लगा था। इस पुल के निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के लिए मस्कारा घाट पर प्लांट तैयार किया गया था। अंग्रेजों ने गंगा नदी पर यातायात को सुगम करने के लिए इस पुल का निर्माण कराया था।

## हयात ज़फ़र हाशमी फरोग ए उर्दू अवार्ड से सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



तरबिया इस्लामिक इंग्लिश स्कूल ट्रांसपोर्ट नगर का वार्षिकोत्सव पुरुस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह मे समाजिक संस्था एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फ़र हाशमी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के डायरेक्टर मौलाना सालिम मिस्बाही ने किया। स्कूल के बच्चों द्वारा सवाल - जवाब प्रतियोगिता,नात शरीफ प्रतियोगिता, जर्नल नॉलेज प्रतियोगिता मे भाग लिया।

प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि हयात ज़फ़र हाशमी ने पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज मुझे यहां आकर बहुत खुशी हो रही है कि एक छत के नीचे तरबिया इस्लामिक इंग्लिश स्कूल दीन और दुनिया दोनों से बच्चों को जोड़ने का काम कर रहा, हाशमी ने कहा स्कूल के डायरेक्टर मौलाना सालिम मिस्बाही,मौलाना हस्सान क़ादरी, प्रधानाचार्य आकिब की मेहनतों का नतीजा है कि छात्र छात्राओं को दीन दुनिया दोनों की बेहतर उम्दा तालीम मिल रही और बच्चे मुस्तकबिल मे ना केवल कानपुर बल्कि देश प्रदेश स्कूल का नाम रोशन करेगे।

हाशमी ने आगे कहा कि बच्चों के अभिभावकों को चाहिए कि तरबियाह इस्लामिक इंग्लिश स्कूल से जोड़ें वहां दाखिला कराएं ताकि दीन की मुकम्मल मालुमात के साथ ही हाईटेक एजुकेशन भी हासिल कर सकें। इस दौरान स्कूल के निदेशक मौलाना सालिम मिस्बाही ने मुख्य अतिथि मुहाफिज ए नामूस रिसालत हयात ज़फ़र हाशमी को फरोग ए उर्दू अवार्ड से सम्मानित किया।

मौलाना सालिम मिस्बाही ने बताया कि हयात ज़फ़र हाशमी का शिक्षा, विशेष कर उर्दू को जिन्दा रखने की कोशिश और संघर्ष को देखते हुए आज हमने उन्हें फरोग ए उर्दू अवार्ड से सम्मानित किया है। समारोह मे हाजी इम्तियाज़ बरकाती, हाफ़िज़ खुर्शीद, हाफ़िज़ तनवीर अत्तारी, हाजी नासिर बरकाती, हाफ़िज़ तनवीर निजामी, हाजी असलम, साजिद बरकाती, आदि मौजूद रहे।

## ब्रह्मावर्त तीर्थ के विकास को लेकर पुरोहित समाज ने की अहम बैठक



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर। बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट पर तीर्थ पुरोहित समाज एवं ब्रह्मावर्त नवजीवन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार की शाम 5ः00 बजे एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीर्थ पुरोहित समाज एवं ब्रह्मावर्त नवजीवन सेवा समिति के पदाधिकारी ने तीर्थ के विकास को लेकर तीन मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। बैठक के दौरान सचिव आशुतोष द्विवेदी ने उपस्थित सभी लोगों को बताया कि जिस प्रकार सभी तीर्थ का प्रदेश सरकार विकास कर रही है वही पौराणिक तीर्थ बिठूर अभी भी उसे विकास से वंचित है। बैठक में ब्रह्मावर्त बिठूर रेलवे स्टेशन को लखनऊ रेलवे स्टेशन तक लिंक रोड से जोड़ा जाए, स्थानीय बस अड्डे पर राज्य के विभिन्न जिलों से बसों का स्टॉपेज होना एवं अंतर राज्यीय सड़कों से जोड़ना की समुचित व्यवस्था, ब्रह्मावर्त तीर्थ के प्रमुख घाटों के सामने बालू (सिल्ट) को हटाए जाने जिससे घाट पर गंगा नदी का प्रवाह हो सके इन मुद्दों को लेकर गहन चर्चा हुई। श्री द्विवेदी ने समिति के सभी पदाधिकारी की सहमति से एक मांग पत्र रेलवे मिनिस्ट्री, बस परिवहन मंत्रालय, व उत्तर प्रदेश सरकार को भेजने की बात कही है। कार्यक्रम के चलते बिठूर तीर्थ पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अपना अहम योगदान देने को लेकर समिति के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने अभिषेक द्विवेदी को भगवान श्री राम का चित्र देकर व अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। बैठक में प्रमुख रूप से सुरेश द्विवेदी, ब्रह्मावर्त तीर्थ प्रमुख आरती पुजारी रवि दीक्षित, रामप्रताप द्विवेदी, भरत उपाध्याय, अनुज मिश्रा, के साथ-साथ सैकड़ो तीर्थ पुरोहित समाज के लोग मौजूद रहे।

## भंवर राठौर डिजाइन स्टूडियो काकादेव में वर्कशॉप का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कानपुर स्थित भंवर राठौर डिजाइन स्टूडियो जो कि फैशन, डिजाइन और आर्किटेक्चर के क्षेत्र में भारत की एकमात्र एसी संस्था है जिसका प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट में भारत में स्थान सबसे उच्च माना जाता है। संपूर्ण भारत में भंवर राठौर डिजाइन स्टूडियो की 90 शाखाएं हैं और एक दुबई में है। कानपुर में ये संस्था किदवई नगर और काकादेव में है जिसके संचालक हैं ध्रुव मिश्रा और सौम्या श्रीवास्तव जो स्वयं डिजाइन के क्षेत्र से ताल्लुकात रखते हैं। यहाँ पर सभी विद्यार्थियों को अपने गंतव्य की तरफ स्वेक्षा से बढ़ना सिखाया जाता है और अपने वर्क को एन्जॉय करके अपना रिजल्ट बनाना यहाँ का मुख्य संकाय है। मंगलवार को आयोजित किए गए वर्कशॉप में छात्रा प्रभा प्रीत कौर, नव्या दीक्षित, अंजलि पटेल, पार्थवी श्रीवास्तव, श्रेया वर्मा, सृष्टि शुक्ला, अंशी कनौजिया, दिव्यांशी सिंह, आधरिका पांडे ने वर्कशॉप में अपनी डिजाइनिंग से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आयोजन ध्रुव मिश्रा ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का हुआ भव्य आयोजन





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल तथा नेहरू युवा केंद्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बीएनएसडी शिक्षा निकेतन तथा राजकीय पॉलिटेक्निक में मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री दीक्षा जैन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत अवयव, जीवन कौशल अवयव, के अंतर्गत लोक नृत्य लोकगीत कविता कहानी लेखन चित्रकार डिक्लेमेशन आदमी कलाकारों ने प्रतिभा किया। इसी के साथ-साथ थिमेटिक अवयव के अंतर्गत विज्ञान मेले, युवा कृति का आयोजन राजकीय पॉलिटेक्निक गुरुदेव पैलेस में किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा करने अव्वल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### इन छात्रों को किया गया पुरस्कृत

लोकगीत एकल में वरुण सिंह प्रथम शैली गुप्ता द्वितीय रेशमा खान तृतीय स्थान पर रही, लोकगीत समूह में श्वेता एंड टीम प्रथम वैदेही द्विवेदी एंड टीम द्वितीय रेशमा खान एंड टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य एकल में श्वेता त्रिवेदी प्रथम तन्वी द्वितीय प्राची राजपूत को तृतीय स्थान मिला। लोक नृत्य समूह में क्राइस्ट चर्च ग्रुप प्रथम भी एनएसजी शिक्षा निकेतन द्वितीय एसएस सेन तृतीय स्थान पर रहे। कविता लेखन में अमन मिश्रा प्रथम अनन्या सिंह द्वितीय शताक्षी मिश्रा तृतीय, कहानी लेखन अमित कुमार प्रथम दिव्य साहू द्वितीय जिक्रा हबीब तृतीय, चित्रकार में रेणु देवी प्रथम अमन कुशवाहा द्वितीय हर्षित आर्य तृतीय, डिक्लेमेशन में खिजरा खान प्रथम आयशा मोइद द्वितीय प्रतीक सक्सेना तृतीया, फोटोग्राफी में अभिषेक प्रथम दीक्षा द्वितीय पूजा गौतम तृतीय स्थान पर रही?। वहीं साइंस एंड टेक्नोलॉजी एकल में आदित्य सिंह प्रथम अश्मित सिंह द्वितीय वैष्णवी तृतीय, साइंस एंड टेक्नोलॉजी समूह में निशीका एंड टीम प्रथम, श्लोक एंड टीम द्वितीय, आयुष वर्मा एंड टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी को जिला युवा कल्याण अधिकारी कानपुर नगर श्रीमती आरती जयसवाल, सुश्री प्रिया तिवारी, विदेशी शिक्षा निकेतन के प्राचार्य डॉक्टर ब्रजमोहन सिंह ने पुरस्कृत किया।

## भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर की मंडल चुनाव अधिकारियों की बैठक हुई सपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में मंडल चुनाव अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सभी मंडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मंडलों में वो चुनाव अधिकारी है।

वहां के प्रत्येक बूथ पर बूथों के रजिस्टर दुरस्त करवा ले और पार्टी का निर्देश मिलते ही बूथों के चुनाव करवाना प्रारम्भ कर दे।

और सभी वरिष्ठ जनों से सामंजस्य बनाकर सभी का साथ लेकर सहमति से बूथों और मंडलों का चुनाव करवाए। बैठक में प्रमुख रूप से दिवाकर मिश्र, अनिल दीक्षित अनुराग शर्मा, जन्मेजय सिंह विनय पटेल, अमित बॉथम आदि लोग उपस्थित थे।

## जलकल में कार्यरत महिला से हुआ गैंगरेप

- ढाई साल बाद मामले में आठ यूनियन के अध्यक्ष सहित आठ पर हुई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जलकल विभाग में काम करने वाली एक विधवा महिला ने ग्वालटोली थाने में गैंगरेप की एफआईआर दर्ज करवाई है। जिसमें जलकल सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुनील सुमन और लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष समेत चार लोगों को नाम जज किया गया है। साथ ही साथ अन्य चार अज्ञात के खिलाफ भी उक्त धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इतना ही नहीं महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके डेढ़ लाख रुपए भी वसूल लिए गए। ग्वालटोली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक जलकल में कार्य महिला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद वह मृतक आश्रित कोटे से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में काम कर रही थी। पति की मौत के बाद उसके आगे पीछे पर भी करने वाला कोई नहीं था। महिला ने सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुनील सुमन से मदद मांगी तो वह बुरी नीयत से उसकी मदद करने लगा। कई बार अकेले पाकर जबरदस्ती करने के भी कोशिश की। लेकिन उसने किसी तरह अपनी अजमत बचा ली। आरोपी की उसने विभाग से लेकर थाने में कई बार शिकायत की लेकिन आरोपी के रसूखदार होने की वजह से पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पुलिस ने सुनील की शिकायत ग्वालटोली निवासी रिश्तेदार किशन सिंह से की। इतना ही नहीं सुनील के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के लेकर मदद भी मांगी। आप है कि कृष्ण ने मदद का ज्यादा देते हुए कहा कि आरोपी सुनील के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके जेल भिजवा देंगा। होली दहन की रात 17 मार्च 2022 को सुबह लगभग 8ः00 बजे प्रार्थी किशन सिंह के ग्वालटोली मकबरा चौराहे के पास स्थित घर पर गई। कृष्ण ने प्रार्थना को देखकर कहा कि बैठो टाइपिस्ट को बुलाकर ला रहे हैं और थोड़ी देर बाद किशन सुनील सुमन और संजय को साथ लेकर कमरे के अंदर आ गया। इस दौरान सुनील ने प्राथमिक को देखकर गाली देकर कहा तू मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएगी। तुझे ऐसा सबक सिखाएंगे की जिंदगी भर याद रखेगी। इसके बाद सुनील ने दरवाजा बंद करके दावोच लिया। इसके बाद सुनील संजय और किशन सिंह ने रेप की घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं मेरा अश्लील वीडियो भी बना लिया। तब खाते हुए कहा कि अगर कहीं शिकायत की तो तेरा अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा। आरोपियों ने अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करके डेढ़ लाख रुपए भी वसूल लिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि यह सब घटना होने के बाद जब मैं पुलिस के पास गई तो पुलिस ने मेरी एक ना सुनी। थक हारकर मैं कोर्ट की शरण ली। तब कहीं जाकर कोर्ट के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में डीपी सर्कल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि मामला ढाई साल पुराना है। कोर्ट के आदेश पर मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ वालटोली थाने में गैंगरेप समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर ने संविधान दिवस को धूमधाम से मनाया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर संविधान दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर 26 नवंबर से लेकर 26 जनवरी तक चलने वाले 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान की शुरुआत के अंतर्गत नाना राव पार्क स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष संविधान रक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर के नगर अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी ने संबोधित करते हुए कहा की पूरा देश विभिन्नताओं से भरा हुआ है लोगों का खानपान अलग-अलग तरीके का अलग-अलग जगह पर है अलग-अलग धर्म है अलग-अलग जातियां हैं प्रत्येक जगह रीति रिवाज अलग-अलग है। जन्म से मृत्यु तक के संस्कार अलग-अलग तरीके से किए जाते हैं कोस पर भाषा पर कोस पर पानी बदल जाता है इन सब विभिन्नताओं के बावजूद भारत का संविधान ही है जो हम सबको एक माला में पिरोकर सभी को बराबरी का दर्जा सभी को जीने की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी देता है लेकिन आज कुछ शक्तियां केंद्र व प्रदेश सरकार के रूप में इस संविधान को खंडित करने का प्रयास कर रही है उनका डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान पर भरोसा ही नहीं है। जिस कारण समय-समय पर संविधान पर हमले हो रहे हैं रिट याचिकाएं दाखिल की जाती हैं अपने आदमियों से कराकर जिसमें पंथनिरपेक्ष धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्दों को हटाने के लिए कुचक्र रचे जा रहे हैं अदालतों पर अतिक्रमण किया जा रहा है। कानून को तोड़कर कानून के रखवाले ही हिंसा और नफरत फैला रहे समाज के दलित वर्ग के लोगों के साथ लगातार अत्याचार किया जा रहा है अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं ऐसे में हम सब कांग्रेस जन की जिम्मेदारी है कि हम संविधान रक्षक अभियान के अंतर्गत संविधान रक्षक बनकर भारत के संविधान की रक्षा का संकल्प ले भले ही इसके लिए कोई भी आहुति देनी पड़ जाए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रतियोगिताएं भी कराई जाएगी तथा संविधान पर भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा वार्ड से लेकर शहर स्तर पर जहां इस अभियान को पांच बिंदुओं को लेकर केंद्रित करने का प्राथमिक तौर पर लक्ष्य होगा।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विकाश सोनकर ने व धन्यवाद मुकेश बाल्मिकी ने दिया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से सर्वश्री पवन गुप्ता, शंकर दत्त मिश्रा, दिलीप शुक्ला, अवनीश सलूजा लल्लन अवस्थी, श्याम देव सिंह, महेश मेघानी, राजेश गौतम, डा महादेव, डॉक्टर आर ए गौतम, सैमुअल लकी सिंह, विशाल सोनकर, अरुण कुमार, सुरेश बक्शी, संजय बाथम, तिवारी, वसुंधरा वर्मा, उषा रानी कोरी, राजलक्ष्मी सिंह, गुफरान शकील मंसूरी, रमाकांत मिश्रा, अख्तर भाई, मनु पांडेआदि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## कानपुर वन्य प्राणी उद्यान में 5 किलो शहद खा रहा भालू

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जैसे-जैसे सर्दी का असर बढ़ने लगता है वैसे-वैसे कानपुर बंद प्राणी उद्यान के जानवरों के डाइट में भी बदलाव किया जाता है। जैसे कि सर्दियों की शुरुआत हो चुकी है। कानपुर के चिड़ियाघर में जानवरों की डाइट में बदलाव शुरू हो गए हैं। उनको सर्दी से बचाने के लिए आवश्यक प्रोटीन डाइट को बढ़ा दिया गया है। यह डाइट शाकाहारी और मांसाहारी जानवरों के लिए अलग-अलग तैयार की गई है। इतना ही नहीं उनके रहने की व्यवस्था में भी बदलाव किया जा रहा है। चिड़ियाघर में कुछ ऐसे भी जानवर है जिन पर सर्दी के मौसम में विशेष ध्यान दिया जाता है। जिम भालू गैंडा और हिरण शामिल है। भालू को शहद खिलाया जा रहा है। जबकि हिरण को गुड और गैंडे को एंड खिलाई जा रहे हैं।

प्रतिदिन कानपुर के चिड़ियाघर में 40 से 50 किलो गन्ना गैंडे को खिलाया जा रहा है। जबकि भालू को 200 ग्राम शहद खिलाया जा रहा है।

इसी के साथ-साथ चार से पांच अंडे भालू को खिलाए जाते हैं। महीने भर में लगभग 6 किलो शहद भालू को खिलाया जा रहा है।

यह जानकारी कानपुर वन्य प्राणी उद्यान के डॉक्टर अनुराग ने दी उन्होंने बताया कि अत्यधिक सर्दी से जानवरों को कैसे बचाया जाए इसको लेकर विशेष आहार चार्ट तैयार किया गया है।

मांसाहारी जानवरों की डाइट बढ़ा दी गई है।

## केडीए का बुलडोजर गरजा, कब्जामुक्त करवाई 73 करोड़ की जमीन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




कानपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को अवैध कब्जेदारों के खिलाफ अभियान चलाकर 73 करोड़ की जमीन कब्जामुक्त करवाई। कार्रवाई के दौरान टीम ने सड़क के दोनों ओर के अतिक्रमण भी ढहा दिए। बारासिरोही में ग्राम समाज की करीब पांच बीघा भूमि कब्जामुक्त कराई गई। गंगागंज, पनकी में भी बुलडोजर से ग्राम समाज की तीन बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान अतिक्रमण की जद में आ रही बाउंड्रीवॉल व मकान को ढहा दिया गया। टीम ने शताब्दी नगर में केस्को चौराहे से गंगागज चौराहे तक सड़क के दोनों तरफ करीब एक किलोमीटर तक अतिक्रमण ध्वस्त कराए। गंभीरपुर चौराहे से बारासिरोही तक सड़क के दोनों ओर एक किलोमीटर क्षेत्र के अवैध कब्जे गिराए गए। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता सीबी पांडेय, अमीन रामलाल, रमेश प्रजापति, मनोज कुशवाहा, सुपरवाइजर व सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहे।

इस दौरान केडीए जोन-2 के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) रवि प्रताप सिंह ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि की निगरानी के लिए अमीन व सुपरवाइजर की टीम गठित की गई है। दोबारा अतिक्रमण करने पर प्राथमिकी दर्ज कराने की चेतावनी दी गई है। बताया कि कब्जामुक्त कराई गई ग्राम सभा की आठ बीघा जमीन की कीमत करीब 73 करोड़ रुपये है। अभियान आगे भी चलता रहेगा।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# विधानसभा के चुनावों के निहितार्थ

**सभी खुद को ही असली शिवसेना और असली एनसीपी बता रहे थे। इस चुनाव में बेशक अजित पवार के खेमे की सीटें कम हुई हैं, लेकिन शरद पवार की एनसीपी से उसके ज्यादा ही विधायक जीते हैं। इसी तरह एकनाथ शिंदे की शिवसेना की सीटें बढ़ी हैं, जबकि हिंदुत्ववादी की बजाय सेकुलर चोला धारण करने वाले उद्धव ठाकरे की शिवसेना पिछड़ गई है। अब इन नतीजों के आधार पर अजित पवार की पार्टी असली एनसीपी होने का दावा करेगी तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना भी खुद को असली और बाला साहब ठाकरे की असल उत्तराधिकारी बताएगी।**

*हर राज्य की अपनी अहमियत है। लेकिन राजनीतिक लिहाज से देखें तो उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा महत्व अगर किसी राज्य का है तो वह महाराष्ट्र है। देश की आर्थिक राजधानी इस राज्य की राजधानी है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों के मुकाबले 48 सीटों के साथ दूसरा बड़ा राज्य महाराष्ट्र है। राजनीतिक हलकों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी होने के लिए भारतीय जनता पार्टी सदा विपक्षी निशाने पर रहती है, उस संघ का मुख्यालय भी इसी राज्य में है। इस लिहाज से महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों का असर दूरगामी होना स्वाभाविक है। मराठी मानुष ने जो जनादेश दिया है, उसका असर देश की राजनीति पर तो पड़ेगा ही, अर्थनीति पर भी पड़ेगा। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर भी कई बदलाव नजर आ सकते हैं। देश की राजनीति पर झारखंड के चुनाव नतीजों का भी पड़ना ही है। इसका असर दिखने लगा है। इंडिया गठबंधन की अगुआई राहुल गांधी से छीनने को लेकर आवाज उठने लगी है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से मांग आ भी गई है कि मोदी को चुनौती देने के लिए जरूरी है कि इंडिया गठबंधन की कमान राहुल गांधी की बजाय ममता बनर्जी को दी जाय। महाराष्ट्र के क्षत्रप शरद पवार को लेकर हाल ही में कहा जाने लगा था कि उनके बिना महाराष्ट्र की सत्ता की कल्पना नहीं की जा सकती। इस धारणा को ढाई साल पहले बीजेपी ने तोड़ दिया था। एकनाथ शिंदे की अगुआई में शिवसेना में टूट हुई और सबसे ज्यादा 104 विधायक होने के बावजूद बीजेपी ने अपने कद्दावर नेता देवेंद्र फणनवीस को शिंदे का सहयोगी बनने के लिए राजी कर लिया। इस सरकार के कार्यकाल में हुआ लोकसभा चुनाव में बीजेपी की अगुआई वाली महायुति को समर्थन नहीं मिला। बीजेपी और शिवसेना-शिंदे- दोनों को लोकसभा सीटों का नुकसान झेलना पड़ा। लेकिन इससे बीजेपी और शिवसेना दोनों ने सीख ली। बीजेपी ने अपने पारंपरिक गढ़ विदर्भ पर फोकस तो किया ही, गैर मराठा वोटरों पर भी अपना ध्यान लगाया। मराठवाड़ा में शिवसेना शिंदे और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर भरोसा जताया। नतीजा सामने है। पार्टी ने इस बीच एक काम और किया। उसने माझी लड़की बहीण योजना लागू की। इसके तहत 21 से 65 साल तक की उम्र वाली पात्र महिलाओं को पंद्रह सौ रूपए महीने दिए जाने लगे हैं। राज्य की करीब एक करोड़ महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगा है। इसका फायदा महाराष्ट्र की महायुति सरकार को हुआ है। माना जा रहा है कि राज्य की महिलाओं ने महायुति की अगुआई वाली सरकार को अपना समर्थन दिया है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की तरह कई अन्य राज्य सरकारें महिलाओं को आर्थिक सहयोग देना शुरू कर चुकी हैं। माना जा रहा है कि महाराष्ट्र के नतीजों के बाद इस चलन को और बढ़ावा मिलेगा। बाकी राज्य सरकारें भी तेजी से इस दिशा में कदम बढ़ाएंगी और महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश करेंगी। हालांकि झारखंड में एनडीए का यह फॉर्मूला नहीं चल पाया है। झारखंड की 81 में से 68 सीटों पर पुरूषों की तुलना में साढ़े पांच लाख से ज्यादा महिला वोटरों ने मतदान किया है। बीजेपी वहां के लिए ढाई हजार रूपए की माई सम्मान योजना का प्रस्ताव लेकर आई थी. लेकिन वहां की महिलाओं ने हेमंत सोरेन की गोगो दीदी योजना पर ही ज्यादा भरोसा जताया। महाराष्ट्र के चुनावों का असर कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर भी पड़ सकता है। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में 13 सीटें जीतकर बड़ा दल बनने के बाद पार्टी ने ग्रेस सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। इसके चलते पार्टी में गुरूर दिखने लगा। विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे में पार्टी खुद को सबसे आगे रखने और सहयोगी दलों को पीछे रखने की रणनीति पर काम करने लगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दर्शाता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दर्शाते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण को सम्बोधित करने के बजाय, अलगाव लक्षणों को लक्षित करता है जबकि शक्ति असंतुलन और खराब शिक्षा जैसे मूल कारणों को अछूता छोड़ देता है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट (2023) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईपीसी के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' से जुड़ा था। अलगाव पुरुष पेशेवरों के लिए ग्राहक आधार को कम करता है।**

# क्या टेलरिंग शॉप और सैलून में पुरुषों पर रोक से महिलाएँ सुरक्षित हो पायेंगीं?



प्रियंका सौरभ

**प्रतिबंधात्मक विनियमों से प्रभावित पेशेवरों को वित्तीय और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करें, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम, 2013) के तहत सरकार द्वारा वित्तपोषित कौशल संवर्धन कार्यक्रम नाई और दर्जी को अपने ग्राहकों में विविधता लाने में मदद कर सकते हैं।**

सामाजिक मान्यताएँ अक्सर महिलाओं को कमज़ोर और पुरुषों को आक्रामक के रूप में चित्रित करती हैं, जो असमान लिंग गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं जो उत्पीड़न को बनाए रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं को असंगत रूप से प्रभावित करता है क्योंकि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण जड़ जमाए हुए हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों सहित कई लोगों को कार्यस्थल पर उत्पीड़न कानूनों के बारे में जानकारी नहीं है, जिसके कारण अनियंत्रित कदाचार होता है। केवल 35त्न भारतीय महिला कर्मचारी ही यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 के बारे में जानती हैं। कानूनों का अकुशल क्रियान्वयन और जवाबदेही की कमी उत्पीड़कों को बढ़ावा देती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवंटित निर्भया फंड (2013) खराब प्रशासन के कारण कम उपयोग में आता है। कुछ व्यवसायों में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व पुरुष-प्रधान वातावरण बनाता है, जिसमें सत्ता का दुरुपयोग होने की संभावना होती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लगभग 37त्न पर बनी हुई है। न्याय, पीड़ित को दोषी ठहराने या प्रतिशोध का डर पीड़ितों को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करता है, जिससे चुप्पी की संस्कृति बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, नतीजों के डर, अपर्याप्त जागरूकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बहुत कम रिपोर्ट किए जाते हैं। लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमज़ोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मज़बूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुक़सान पहुँचाती हैं। अध्ययनों से



**भारत समानता और सम्मान में निहित समाज का निर्माण कर सकता है। ही फॉर शी अभियान जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत को ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करना चाहिए जहाँ सुरक्षा और सम्मान अंतर्निहित हो, न कि लागू किया जाए।**

पता चलता है कि समावेशी कार्य वातावरण लिंगों के बीच अधिक सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। अलगाव असमान अवसरों को बनाए रखता है, एक लिंग के वर्चस्व वाले व्यवसायों में भागीदारी को प्रतिबंधित करता है। भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दर्शाता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दर्शाते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण को सम्बोधित करने के बजाय, अलगाव लक्षणों को लक्षित करता है जबकि शक्ति असंतुलन और खराब शिक्षा जैसे मूल कारणों को अछूता छोड़ देता है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट (2023) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईपीसी के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' से जुड़ा था। अलगाव पुरुष पेशेवरों के लिए ग्राहक आधार को कम करता है, जो निम्न-आय वर्ग के लोगों को असमान रूप से प्रभावित करता है। छोटे शहरों या गांवों में जहाँ यूनिसेक्स सैलून उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, ऐसी प्रथाओं से पुरुष नाइयों के लिए नौकरी के अवसर कम हो सकते हैं। उत्पीड़न की जड़ से निपटने के लिए सम्मान, सहमति और कार्यस्थल नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएँ। पॉश अधिनियम, 2013 प्रशिक्षण सत्रों को अनिवार्य बनाता है, जिसे टेलरिंग और सैलून जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाना चाहिए। आपसी समझ विकसित करने और रूढ़िवादिता को कम करने के लिए व्यवसायों में मिश्रित-लिंग स्टाफिंग को बढ़ावा दें। संयुक्त राष्ट्र महिला के ही फॉर शी अभियान जैसी पहल पुरुषों और महिलाओं को विविध सेटिंग्स में समान रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उत्पीड़न विरोधी कानूनों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें और शिकायत समाधान के लिए मज़बूत तंत्र बनाएँ। अनौपचारिक क्षेत्रों में आंतरिक शिकायत समितियों का विस्तार करने से कमजोर श्रमिकों की रक्षा हो सकती है। निगरानी के बजाय, निजी फिटिंग रूम और ग्राहक-अनुकूल लेआउट जैसे सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दें। प्रतिबंधात्मक विनियमों से प्रभावित पेशेवरों को वित्तीय और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करें, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम, 2013) के तहत सरकार द्वारा वित्तपोषित कौशल संवर्धन कार्यक्रम नाई और दर्जी को अपने ग्राहकों में विविधता लाने में मदद कर सकते हैं। लिंग के आधार पर व्यवसायों का पृथक्करण एक सतही प्रतिक्रिया है जो रूढ़िवादिता को मज़बूत करती है जबकि उत्पीड़न के प्रणालीगत मुद्दों को सम्बोधित करने में विफल रहती है। समावेशी कार्यस्थलों को बढ़ावा देकर, कानूनी सुरक्षा को मज़बूत करके और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देकर, भारत समानता और सम्मान में निहित समाज का निर्माण कर सकता है। ही फॉर शी अभियान जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत को ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करना चाहिए जहाँ सुरक्षा और सम्मान अंतर्निहित हो, न कि लागू किया जाए।

## एक्सप्रेस कविता

*तेरी पलकों में समाँ जाऊंगा मैं।*
*तेरी कल्पनाओं में छा जाऊंगा मैं।*
*महकती बयार बन जाएगी तू,*
*तेरी सांसों में समा जाऊंगा मैं।।*
*.महलों की अजीम शान है तू।*
*तेरे लिए शीशा बन जाऊंगा मैं ।।*

*कहां खोजूं किस दर पर जाऊं ।*
*तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।*
*न तेरा पता ना तेरी कोई खबर,*
*तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।*
*तेरी यादों का सबब मैं तो नही*
*यादों की महक बन जाऊंगा मैं।।*
*सितारों की रोशनी से रोशन तू,*
*रातों का जुगनू बन जाऊंगा मैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***शक्ति ही जीवन है, कमजोरी मृत्यु***
***है विस्तार जीवन है, संकुचन मृत्यु***
***है प्यार ही जीवन है, घृणा मृत्यु है***

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 30:23 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 31:29 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | आयुष्मान, 15:10 |
| सूर्योदयः | 06:57 |
| सूर्यास्तः | 17:19 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 12:08-13:26 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### हम भी करें प्रहार !

*दो हमको अधिकार ।*
*लड़नी और लड़ाई ।।*
*करते आए, करना है ।*
*आप की भलाई ।।*
*दे दो इतनी सीटें ।*
*हम भी करें प्रहार ।।*
*और प्यार बरसा कर ।*
*पहनाओ फिर हार ।।*
*डाल रहे वो बाधा ।*
*करते जो भी काम ।।*
*वादा है निभाया ।*
*किए जो तमाम ।।*
*ना रुकना है हमको ।*
*यूं ही चलते जाना ।।*
*भले पूर्व में हमने ।*
*है भरा हर्जाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आयुर्वेद के अनुसार पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं ये 5 फूड कॉम्बिनेशन



**सोशल** मीडिया पर आएदिन फूड कॉम्बिनेशन वायरल होते रहते हैं। लोग खाने की चीजों के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहते हैं। किस चीज में क्या मिलाने से सेहत पर क्या असर पड़ सकता है, यह जाने बिना ही लोग फूड कॉम्बिनेशन ट्राई करते रहते हैं। गलत फूड कॉम्बिनेशन से पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ सकता है। इससे न सिर्फ पेट खराब होता है बल्कि कई बीमारियों का खतरा रहता है। आयुर्वेद की मानें तो गलत फूड कॉम्बिनेशन शरीर के लिए विरूद्ध आहार की तरह काम करते हैं। अगर इन गलत फूड कॉम्बिनेशन का सेवन बार-बार किया जाए, तो ये गंभीर बीमारियों की वजह भी बन सकते हैं। कई बार हम चीजों को हेल्दी समझकर एक साथ खाते हैं। जबकि उनका कॉम्बिनेशन सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होता है।

**दूध और स्प्राउट्सः** दूध और स्प्राउट्स को एक साथ कभी नहीं खाना चाहिए। अगर आप स्प्राउट्स खाने के कुछ देर बाद ही दूध पी लेते हैं, तो इससे आपको पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। स्प्राउट्स में फाइबर और प्रोटीन अधिक होता है। अगर आप इसे खाने के तुरंत बाद दूध पीते हैं, तो पचने में मुश्किल हो सकती है।

**चिकन और गुड़ः** अगर आप चिकन खाने के साथ गुड़ से बनी कोई चीज खाते हैं, तो आपका वजन बढ़ सकता है। इसके अलावा, चिकन खाने के बाद भी गुड़ खाना नुकसानदायक है। इसलिए इन कॉम्बिनेशन का सेवन न करें।

**चीज और मीटः** चीज और मीट शरीर के लिए नुकसानदायक कॉम्बिनेशन है। चीज दूध से तैयार की जाती है। जब इसे मीट के साथ खाया जाता है, तो इससे हार्मोनल हेल्थ को नुकसान हो सकता है। इससे मेटाबॉलिक डिसऑर्डर होने की संभावना हो सकती है।

**तिल और पालकः** अगर आप सफेद तिल के साथ पालक से बनी कोई चीज खाते हैं, तो आपकी बॉडी को नुकसान हो सकता है। तिल और पालक दोनों ही पाचन तंत्र के लिए भारी होते हैं। जब इन चीजों को एक साथ खाया जाता है, तो इससे शरीर को नुकसान हो सकता है। इसलिए पालक के बाद सफेद तिल से बनी कोई चीज न खाएं। इससे डायरिया होने की संभावना हो सकती है।

**शहद और घीः** कई लोग मिठाई बनाने के लिए घी के साथ शहद मिला देते हैं। लेकिन घी के साथ शहद मिलाना सेहत के लिए नुकसानदेह कॉम्बिनेशन है। इससे पाचन तंत्र पर भार बढ़ सकता है। इन चीजों को एक साथ मिलाकर खाने से आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है। इसलिए इन फूड कॉम्बिनेशन को अवॉइड करें। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो इसे शेयर करना न भूलें।

## एक्सप्रेस विशेष

# महाराष्ट्र में हिंदुत्ववादी ताकतों ने एनडीए के पक्ष में कैसे बाजी पलटी



पंकज जगन्नाथ

**झारखंड में भाजपा को जीत नहीं मिली लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में उसकी जीत ने विपक्षी दलों सहित सभी लोगों की सोच को पूरी तरह बदल दिया है, जो पहले यह मानते थे कि भाजपा का पतन शुरू हो चुका है। केंद्र सरकार मजबूत होगी और राष्ट्रहित में और अधिक ठोस फैसले लेगी।**

**हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस जटिल कार्य को सहजता से पूरा किया, तथ्यों और आंकड़ों के साथ जागरूकता फैलाई कि सभी को हिंदुत्व के झंडे तले क्यों एकजुट होना चाहिए। इससे भाजपा और उसके सहयोगियों को बहुत फायदा हुआ है। मराठा और ओबीसी मतदाताओं ने जातिगत राजनीति को दरकिनार कर बेहतर और महान महाराष्ट्र के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान किया।**

**23 नवंबर** 2024 हिंदू समुदाय के लिए एक आंतरिक परिवर्तन का दिन बन गया है, क्योंकि भाजपा और सहयोगियों ने महाराष्ट्र में एक ऐसी स्थिति में भारी जीत हासिल की, जो बड़ी चुनौतीपूर्ण लग रही थी। हिंदू जागरण ने न केवल इस चुनाव के लिए, बल्कि भविष्य के चुनावों के लिए भी कथानक को परिभाषित किया है और यह भी बताया है कि कैसे राजनीतिक दल सनातन सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए विकास के लिए काम कर सकते हैं। भाजपा और उसके सहयोगियों की अकल्पनीय स्ट्राइक रेट पर बेमिसाल सफलता में किन तत्वों ने योगदान दिया। भारत के विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के खिलाफ डीप स्टेट ताकतों के झूठे कथानक, साथ ही राहुल गांधी और इंडी गठबंधन को अंतर्राष्ट्रीय डीप स्टेट ताकतों का मजबूत समर्थन ने जाति, संविधान और आरक्षण के आधार पर हिंदू मतदाताओं के बीच व्यापक विभाजन पैदा कर दिया था। पीएम मोदी ने फिर से केंद्र में सरकार बनाई, लेकिन इस बार अपने दम पर बहुमत हासिल किए बिना। वामपंथी उदारवादी ताकतों और हिंदुत्व विरोधी राजनीतिक ताकतों ने झूठे कथानकों का लाभ उठाते हुए सनातन धर्म और मोदी सरकार पर भयंकर वैचारिक हमला किया। यह हिंदुत्व के लिए अधिक हानिकारक साबित हुआ है, लेकिन आरएसएस, विहिप, हिंदू धार्मिक और आध्यात्मिक संतों और उनके संगठनों जैसी हिंदुत्ववादी ताकतें हिंदुत्व के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए एक साथ आ गई हैं। आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं के धार्मिक धर्मांतरण और इसके घातक प्रभावों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके झूठी कथाओ पर काम करना शुरू कर दिया, और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं, यह बताया गया। इस सजगता ने हिंदू समुदाय में एक बड़ी सकारात्मक लहर पैदा की, और उन्होंने पहचाना कि एकता कितनी महत्वपूर्ण है, यही वजह है कि 2019 और मौजूदा लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नारे एक है तो सुरक्षित है और बटेंगे तो कटेंगे ने हिंदुओं में जबरदस्त जागृति पैदा की। श्रेष्ठता और हीनता का सीमित जातीय रवैया टूट गया और हिंदू अब एकजुट होकर मतदान कर रहे हैं। मुस्लिम नेता सज्जाद नोमानी और अन्य मौलवी और मुस्लिम संगठनों द्वारा एमवीए को वोट देने के लिए फतवा जारी करने से भी हिंदू एकता बढ़ी है। धुले, महाराष्ट्र लोकसभा सीट पर हुए वोट जिहाद के बारे में हिंदुओं में समझ पैदा गई कि अगर वोट जिहाद के परिणामस्वरूप ऐसी सरकार बनती है जो मुसलमानों की महाराष्ट्र धर्म और सनातन धर्म विरोधी 17 मांगों को पूरा करती है तो यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए कितना खतरनाक होगा। हिंदुत्ववादी ताकतों के संयुक्त प्रयासों ने हिंदू एकता को मजबूत किया और साथ ही सभी राजनीतिक दलों, खासकर हिंदुत्व का विरोध करने वाले और शरिया का समर्थन करने वालों को एक मजबूत संकेत दिया कि हिंदुओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक नहीं माना जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अपने भाषण और रैली से काफी प्रभाव डाला, खासकर मराठवाड़ा के उस क्षेत्र में जिसने लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार के खिलाफ वोट दिया था। सभी क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों की टीमों को संगठित करके और हर अंतिम व्यक्ति तक सटीक जानकारी या आख्यान पहुँचाकर झूठे आख्यानों का भंडाफोड़ करना बहुत ही कारगर साबित हुआ है। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन द्वारा आगे बढ़ाए गए हर झूठे आख्यान को तथ्यों और आंकड़ों का उपयोग करके पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। इससे लोगों में यह जागरूकता भी बढ़ी है कि संविधान, आरक्षण, व्यापार, उद्योग, उद्योगपति, अर्थव्यवस्था, महाराष्ट्र के गुजरात के साथ संबंध और किसानों की कठिनाइयों से संबंधित झूठे आख्यानों को सत्यता के साथ जवाब दिया जा रहा है। मराठा आरक्षण कारक ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुत नुकसान पहुँचाया। मराठा और ओबीसी जाति की राजनीति ने भाजपा और उसके सहयोगियों को काफी नुकसान पहुँचाया है। मराठों के मन को बदलना मुश्किल था, यह तथ्य प्रस्तुत करके कि कौन उनके पक्ष में था और कौन उनके खिलाफ काम कर रहा था। साथ ही, ओबीसी की भावनाओं को सावधानीपूर्वक संबोधित किया जाना चाहिए।

# दिशाहीन आईजीआरएस लगाकर पुलिस ने पीड़िता के न्याय में डाला रोड़ा

अगर जांच की जाए तो ज्यादातर आनलाइन मामलों में पुलिस विपक्षी को फोन कर बुलाती है डराती है जेल चले जाओगे मुकदमा लिख देते उपर से आदेश है विपक्षी डर में पुलिस के कहने पर मुंह मांगा सुविधा शुल्क दे देता और विपक्षी को सुविधा यह दी जाती उसके पक्ष में आईजी आर एस लग जाता बहुत बड़ा भ्रष्टाचार सामने आएगा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** अपने ससुर देवर के जुल्म का शिकार पीड़िता ने न्याय पाने के लिए आन लाइन शिकायत की जिसकी संदर्भ संख्या 40015324043221 है जिसमें उप निरीक्षक जय प्राकाश यादव थाना हैदराबाद ने बताया।

की आवेदिका की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी जबकि आवेदिका की शादी 12 वर्ष पूर्व हुई थी 4 साल का पुत्र है दूसरे आवेदिका न्यायालय द्वारा ससुराल गयी थी जबकि आवेदिका का मामला कभी अदालत तक गया नहीं आवेदिका का पति से कोई वाद विवाद नहीं दर्शाया शिकायती पत्र में जबकि कहा जा रहा पति लड़ाई झगडे से तंग आकर बाहर रहता है और हर आख्या में पुलिस द्वारा पीड़ित पर यह आरोप लगाया जाता बढ़ा-चढ़ाकर शिकायती पत्र दिया पूरा मामला यह है पांच माह से गर्भवती पीड़िता अपने चार साल के पुत्र को लेकर लगाई न्याय की गुहार पीड़िता चांदनी पुत्री मजीद ग्राम अल्ली पुर चौकी अजान थाना हैदराबाद लखीमपुर खीरी ने बताया की उसकी शादी रोशन नगर चौकी सिकंदराबाद कोतवाली नीमगांव लखीमपुर खीरी के रहने वाले लियाकत अली के बड़े पुत्र रियासत अली से 12 वर्ष पूर्व हुई थी शादी के 9 साल बाद एक पुत्र अरमान उर्म 4 वर्ष हुआ इस समय मैं 5 माह से गृभवती हूं मुझे पति से कोई शिकायत नहीं लेकिन ससुर लियाकत बहुत परेशान करता जिसकी वजह ससुर द्वारा दो पत्नियों का होना एक पत्नी यानि की मेरी सास व दूसरी हरिजन पत्नी घर से कुछ दूरी के साथ रहता है मेरी वजह ससुर को सास से मिलने में अड़चन होती है जबकि ससुर के आने पर मै घर से निकल बाहर बैठ जाती हूं फिर भी ससुर द्वारा आए दिन मुझको प्रताड़ित किया जाता रहा है।मुझपर ससुर व देवर की गदी नज़र है अपने मकसद में कामयाब न होने पर मुझे बेवजह परेशान किया जाता ससुर लियाकत आए दिन खुलेआम कहता है। की मुझे खुश नहीं करोगी तो अपने पुत्र यानि मेरे पति से तीन तलाक़ दिलाकर दूसरी शादी करा देगा। मुझे ससुर देवर इतनी गालियां देते है की रात दिन मै रोती रहती हूं खाना तक नहीं खाती मुझे 17.10.2024 को पति हंसी खुशी मायके छोड़ गया था कहा था एक हफ्ते बाद ले जाएगा एक माह हो गया है मुझे पति लेने नहीं आया ससुर के भड़काने पर उल्टे ससुर द्वारा षड्यंत्र रच कर मेरे पति को कहीं हटाकर मेरे व परिवार पर झूठे आरोप लगाकर पुलिस में शिकायती पत्र देकर मायके भी नहीं रहने दिया जा रहा भयभीत मेरे परिवार वाले मुझको घर से जाने को कह रहे ससुर द्वारा ऐसा खेल खेला जा रहा है की ना मैं मायके में रह सकती हूं और ना ससुराल में मुझको जीते जी मारने का पूरा प्लान बनाया गया है अगर समय रहते हुए मुझको न्याय नहीं मिला तो मेरे साथ-साथ मेरे गर्भ में पल है बच्चे की भी मौत हो सकती है जिसका जिम्मेदार मेरा ससुर होगा।

# भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है: विजय शुक्ला रिंकू

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में 26 नवम्बर संविधान दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डा0 भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत सभी उपस्थित जनों ने मा0 प्रधानमंत्री जी का लाइव सम्बोधन सुना तथा संविधान मेंभारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है विजय शुक्ला रिंकू नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में 26 नवम्बर संविधान दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डा0 भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत सभी उपस्थित जनों ने मा0 प्रधानमंत्री जी का लाइव सम्बोधन सुना तथा संविधान में वर्णित अपने अधिकारों, कर्तव्यों एवं दिशानिर्देश का पालन करने की नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शपथ दिलाते हुए कहा कि, भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है ।भारतीय संविधान देश के मौलिक कानून के रूप में हमारे मूल्यों, सिद्धांतों और शासन के ढांचे का प्रतीक है। यह भारत की सर्वोच्च विधि के रूप में भूमिका निभाता है, तथा राज्यों के कामकाज का भी मार्गदर्शन करता है। भारतीय संविधान के द्वारा नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी सुनिश्चित किया जाता है। संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा तथा हमारी स्वतंत्रता का आधार है।

अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि, भारतीय समाज को एकरूपता, समरसता तथा स्वतंत्रता का अधिकार देता है।इस अवसर पर सभासद हरिओम वर्मा, हर्ष अवस्थी, राजेश वर्मा, मोहित कनौजिया, धर्मेन्द्र तिवारी, रियाजुद्दीन, सुफियान खान,आनंद सोनी, रज्जन खान, दानिश अंसारी खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी सहित पालिका कर्मी उपस्थित रहे। वर्णित अपने अधिकारों, कर्तव्यों एवं दिशानिर्देश का पालन करने की नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शपथ दिलाते हुए कहा कि, भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान देश के मौलिक कानून के रूप में हमारे मूल्यों, सिद्धांतों और शासन के ढांचे का प्रतीक है। यह भारत की सर्वोच्च विधि के रूप में भूमिका निभाता है, तथा राज्यों के कामकाज का भी मार्गदर्शन करता है। भारतीय संविधान के द्वारा नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी सुनिश्चित किया जाता है। संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा तथा हमारी स्वतंत्रता का आधार है।

अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि, भारतीय समाज को एकरूपता, समरसता तथा स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इस अवसर पर सभासद हरिओम वर्मा, हर्ष अवस्थी, राजेश वर्मा, मोहित कनौजिया, धर्मेन्द्र तिवारी, रियाजुद्दीन, सुफियान खान, आनंद सोनी, रज्जन खान, दानिश अंसारी खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी सहित पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस, जनपद में उत्साह उल्लास और उमंग से मनाया गया





जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार को खीरी में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संविधान की आत्मा उद्देशिका का पाठन किया गया। इस कार्यक्रम में एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम राजीव निगम, रत्नाकर मिश्रा, रेनू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम और उपस्थित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों के साथ भारत माता एवं संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। राजधानी लखनऊ में संविधान दिवस पर आयोजित सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान हमारे देश में लागू हुआ, लेकिन संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को ही संविधान अंगीकृत कर लिया गया था। संविधान की महत्ता एवं कर्तव्य बोध समझाने के उद्देश्य से व्यापकता के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आइए, राष्ट्रहित और लोकहित के दृष्टिगत हम सभी अपने संविधान के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लें। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे प्राचीनतम

लोकतंत्र है, और उस लोकतंत्र का प्राण हमारे संविधान में बसता है। संविधान निर्माताओं ने तमाम देशों के संविधानो का अध्ययन करने के उपरांत अपने देश की संस्कृति, चेतना और विरासत को समावेशित करते हुए इस संविधान का निर्माण किया है।

# जनपद के 125 परीक्षा केन्द्रों पर होंगी यू.पी. बोर्ड की परीक्षाएं

- जनपद स्तरीय समिति ने की केन्द्रों की संस्तुति, आज विभागीय वेबसाइट पर आज प्रदर्शित की जाएगी सूची

जन एक्सप्रेस । बहराइच



बोर्ड परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तहसील एवं जनपदीय समिति द्वारा कुल 125 परीक्षा केन्द्रों की संस्तुति की गई। ज्ञात हो कि पहले से नियत 93 परीक्षा केन्द्रों में से 8 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों जहाँ पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं थे, उन्हें निरस्त करने का निर्णय लिया गया और परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत 40 अन्य विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाये पर समिति ने संस्तुति की। इन सभी परिक्षा केन्द्रों की सूची 27 नवम्बर को विभागीय वेबसाईट यूपीएमएसपीडाट ईडीयूडाटइन पर प्रदर्शित की जायेगी। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समिति द्वारा प्रमाणित/अपडेट कराई गई विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं के आधार पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र., प्रयागराज की वर्ष-2025 की हाईस्कूल /इण्टरमीडिएट परीक्षाओं हेतु निर्धारित आनलाइन प्रक्रिया के अन्तर्गत मुख्यालय परिषद कार्यालय, प्रयागराज द्वारा जनपद बहराइच हेतु 93 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण करते हुए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र एवं छात्र आवंटन सूची 10 नवम्बर को जारी की गई थी, जिनमें से 8 परीक्षा केंद्रों को निरस्त किया गया और आवश्यकता के मद्देनजर 40 परीक्षा केन्द्र और बढ़ाये गये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, समस्त उप जिलाधिकारी व तहसील स्तरीय समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

## चप्पल के शोरूम में युवकों ने काटा हंगामा कड़े से वार कर मैनेजर का फोड़ा सिर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। संकटा देवी से चंद कदम दूरी पर स्थित एक जूते-चप्पल के शोरूम पर डिस्काउंट को लेकर शोरूम के मैनेजर और ग्राहक के बीच विवाद हो गया। इससे नाराज युवक ने अपने करीब 25 साथियों को बुला लिया और शोरूम मैनेजर की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि एक युवक ने हाथ में पड़ा लोहे का कड़ा उसके सिर पर मार दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।शहर निवासी मोहित कुमार ने बताया कि वह निघासन रोड पर संकटा देवी पुलिस चौकी के निकट स्थित एक कंपनी के जूते-चप्पल के शोरूम पर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। घटना सोमवार की रात करीब दस बजे की है। शहर निवासी एक युवक उनके शोरूम पर आया और उसने 260 रुपये की एक लेडीज चप्पल खरीदी। वह चप्पल में डिस्काउंट करने की मांग करने लगे। इस पर उन्होंने उसे बताया कि इस चप्पल में कोई डिस्काउंट मिल पाना संभव नहीं है। इसी बात को लेकर वह विवाद करने लगे। आरोप है कि मोबाइल से कॉल कर अपने साथियों का बुला लिया। बाइकों से आए 20-25 अन्य लोगों ने शोरूम में घुसकर उसे खींच लिया और जमकर पिटाई करने लगे। पिटाई के दौरान एक युवक ने सिर पर लोहे का कड़ा मार दिया, जिससे उसका सिर फूट गया और वह खून से लथपथ हो गया।उसने घटना की सूचना संकटा देवी चौकी पुलिस को दी। सूचना के करीब आधे घंटे बाद दो सिपाही तब पहुंचे। जब हमलावर जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। वह किसी तरह पुलिस चौकी पहुंचा और कुछ लोगों को नामजद करते हुए लिखित तहरीर दी। उसके सिर में तीन टांके लगे हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

# पिंजड़े में कैद हुआ जंगल से बाहर घूम रहा तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



दुधवा टाइगर रिजर्व के बफरजोन से निकलकर थाना निघासन क्षेत्र के गोविंदनगर फार्म और उसके आसपास के गांवों के खेतों में घूम रहा तेंदुआ सोमवार की रात बरुही फार्म पर लगे वन विभाग के पिंजड़े में कैद हो गया। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंच गई है। वन विभाग ने आला अधिकारियों को तेंदुआ पकड़े जाने की सूचना दी है।दुधवा टाइगर रिजर्व और उसके बफरजोन से सटे गांवों में तेंदुआ और बाघ का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जंगलों से निकलकर भोजन की तलाश में हिंसक वन्य जीव खेतों और गांवों की तरफ रुख कर रहे हैं। हफ्ते भर पहले मझगई रेंज क्षेत्र में एक तेंदुआ और एक बाघ पिंजड़े में कैद हा चुका है, लेकिन अभी भी जंगल से बाहर हिंसक वन्य जीव घूम रहे हैं। मझगई वन रेंज के गोविंद नगर फार्म, बरुही फार्म, खड़रिया फार्म और उसके आसपास के खेतों में कई दिनों से एक तेंदुआ देखा जा रहा था। इससे ग्रामीण दहशत में थे। वह खेतों की तरफ भी जाने का साहस नहीं जुटा पा रहे थे।

इससे गन्ने की छिलाई के साथ ही खेती-किसानी का काम भी प्रभावित हो रहा था। वन विभाग ने बरुही फार्म के निकट बिट्टू सिंह के फार्म पर पिंजड़ा लगाया था और उसमे पड्डे को बांधकर रखा गया था। सोमवार की रात तेंदुआ शिकार के लालच में पिंजड़े में पहुंच गया, जिससे वह कैद हो गया।

सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वन क्षेत्राधिकारी ने तेंदुआ पकड़े जाने की सूचना वनाधिकारियों का दी है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस लाइन में एसपी नगर व ग्रामीण ने अलग-अलग स्थानों दिलाई राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ

जन एक्सप्रेस । बहराइच। संविधान दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रुप से राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ दिलाई गयी। यह दिन संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रति वर्ष मनाया जाता है। साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने हेतु संविधान की शपथ दिलायी गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालयों, थानों/चौकियों में संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया व राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर विभिन्न थानों के प्रभारी तथा उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।

### एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने ली संविधान दिवस पर शपथ

जन एक्सप्रेस । बहराइच। आज दिनांक 26 नवंबर को एनएसएस के तीनों इकाइयों के स्वयंसेवी एवं स्वयं सेविकाओं को महाविद्यालय की बीएड विभाग के प्रोफेसर ओ पी सोनी ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई इस कार्यक्रम में बीएड विभाग के प्रोफेसर मोहम्मद उस्मान डॉक्टर प्रमोद कुमार पंकज कुमार सिंह भूगोल विभाग के डा धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह डॉक्टर कृष्ण कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय प्रताप सिंह अभिषेक प्रताप सिंह ने ली शपथ।

### अलग-अलग हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

जन एक्सप्रेस। बहराइच। जिले के अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई जबकि बाइक सवार जीजा साले घायल हो गए दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात के बहादुरचक गांव निवासी सुकई (43) पुत्र राम लखन सोमवार रात आठ बजे साइकिल से जा रहे थे। सुहापारा गांव के पास रात नौ बजे किसी अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर गोंडा जिले के कोतवाली देहात के दत्त नगर निवासी राहुल (28) पुत्र काशी अपने ससुराल पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज बाजार में आए थे। रात में राहुल अपने साले पयागपुर के भूपगंज बाजार निवासी विकेश (12) पुत्र बुधई के साथ बाइक से जा रहे थे। बनकटा गांव के पास मवेशी से टकराकर जीजा और साले घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में जीजा साले का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

जन एक्सप्रेस। बहराइच। किशोरी से दुष्कर्म के एक आरोपी को पाक्सो कोर्ट के विद्वान न्यायाधीश दीपकांत मणि ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा एक लाख ?10 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट की ओर से पीड़िता को प्रति कर दिए जाने का भी आदेश किया गया है। और इस आदेश के क्रियान्वयन का दायित्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को सौंपा गया है। पीड़िता की मां की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया कि वह अपने मायके घुमनाभारू आई थी। 6 में 2022 को रात में पीड़िता खेत में शौच के लिए गई थी वहां पप्पू पुत्र राम चैत्र ने उसे अकेला पाकर खेत में दबोच लिया और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जाति सूचक गालियां दी और अन्य अपशब्दों का भी प्रयोग किया। इस घटना की प्राथमिकी थाना कोतवाली मुर्तिहा में पप्पू पुत्र राम चैत्र के विरुद्ध नामजद दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया और आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया।

# संविधान दिवस पर केडीसी में दिलाई राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ







जन एक्सप्रेस । बहराइच

किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था में संविधान दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। यह शपथ मध्यकालीन इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.तबरेज अनीस ने दिलाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भौतिकशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर गुंजन शर्मा थीं। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ.तस्नीम फातिमा जैदी, वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.शैलेश कुमार, प्राचीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर बैजनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सत्यभूषण सिंह, समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अनूप कुमार शर्मा,अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर विवेक जायसवाल उपस्थित थे।

# एलिम्को ने दिव्यांग बच्चों के लिए लगाया उपकरण वितरण शिविर

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद में सोमवार को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र चित्तौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा पर दिव्यांग बच्चों का एक दिवसीय एलिम्को उपकरण वितरण शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच आशीष कुमार सिंह, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बृजेश सिंह और दिव्यांग कल्याण अधिकारी वीपी सत्यार्थी मौजूद तथा खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विकास खंड चित्तौरा, पयागपुर, विशेश्वरगंज, नगर क्षेत्र तथा हुजूरपुर विकास खंड से आए दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में 25 ट्राई साइकिल 17 व्हील चेयर, 7 सीपी चेयर अति गंभीर मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए बैसाखी 10 रोलेटर 06 ब्रेल किट 3 सुगमय केन 2, हेयरिंग ऐड 33, बच्चों को कैलीपर्स 8के साथ-साथ अन्य उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार मिश्रा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जयवीर सिंह महेंद्र सिंह गिरजेश पांडे, वेद प्रकाश यादव, रंजना देवी, आरती सिंह, स्नेह लता पांडे, चंद्रभानु, दिनेश कुमार, साकेत मणि पांडे तथा पंकज श्रीवास्तव उपस्थित उपस्थित रहे।

## खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने किया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन, नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । बहराइच। इंदिरा स्टेडियम में सेल्फ फाइनेंस प्रिंसिपल मैनेजर एसोसिएशन के सौजन्य से खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के महामंत्री/हरमैन स्कूल के डायरेक्टर मो मशकूर इश्तियाक ने बताया कि बहराइच नगर के लगभग 25 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया है। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल ने फीता काटकर किया इसके बाद सभी स्कूल के बच्चों ने फ्लैग मार्च किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का बुके व बैज लगा कर स्वागत किया गया। प्रथम दिन के खेल महोत्सव मे 200 मीटर रेस बालक बालिका की हुई एवं लम्बी कूद में सीनियर, जूनियर बालक का खेल हुआ।

# डीएम की पहल पर....कलेक्ट्रेट में हुई आईजीआरएस संवेदीकरण कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर जिला स्तरीय अधिकारियों- कर्मचारियों की एक दिवसीय आईजीआरएस संवेदीकरण कार्यशाला हुई। डीएम-एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में अधिकारी कर्मचारियों का संवेदीकरण हुआ। कार्यशाला में मुख्य रूप से डीएफओ, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

शिकायतो के समाधान पर करें फोकस, कराए गुणवत्तापरक निस्तारण- डीएम

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि सभी अफसर प्राप्त शिकायतो के समाधान पर फोकस करते हुए गुणवत्तापरक निस्तारण कराए। सभी अधिकारी शिकायतकर्ताओं से बात कर उन्हें संतुष्ट अवश्य कर दें। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल की वर्किंग को बिंदुवार रेखांकित किया। प्रतिदिन 10 मिनट डेडिकेट आइजीआरएस पोर्टल को अनिवार्य रूप से दें।

# जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 6 अभियुक्त किए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तार अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया है। फखरपुर थाना की पुलिस ने अभियुक्त इब्राहिम पुत्र कादिर निवासी ग्राम शिवनाथ पुरवा बुबकापुर के विरुद्ध थाने में मुकदमा अपराध संख्या 405 / 24 धारा 74- 333 एवं 351 बीएनएस से संबंधित दर्ज है जिसे मनोचा चौराहे से गिरफ्तार किया गया है थानाध्यक्ष मटेरा मदनलाल ने बताया कि उनकी ओर से गठित टीम ने सोमवार को मु0अ0सं0 249/24 धारा 137(2)/ 87 बीएनएस में चल रहे वॉछित अभि0 अहमद रजा पुत्र सोना उर्फ शमशुलहुदा नि0 ग्राम मासूपुर कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच को सुप्रीम कोर्ट व मानवाधिकार आयोग द्वारा निर्गत आदेशों व निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कोर्ट रवाना किया।? जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। अभियुक्त को गिरफ़्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई सुशील कुमार सिहं तथा हेड कांस्टेबल सत्य नारायण यादव शामिल रहे। थानाध्यक्ष रामगांव आलोक कुमार सिंह ने बताया कि उनकी ओर से गठित टीम में शामिल एस आई रामप्रवेश यादव, हेड कांस्टेबल विजयशंकर सिंह, कांस्टेबल राजकुमार गौतम ने सोमवार को वारंटी देशराज पुत्र मेवालाल निवासी तैबाजोत दा0 सोहरवा थाना रामगांव जनपद बहराइच को ग्राम न्यायालय महसी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट मु0नं0 457/19, मु0अ0सं0 103/16 धारा 323/504 भादवि0 तारीख पेशी 29 नवंबर 2024 के क्रम मे सम्बन्धित वारंटी को उनके घर पर दबिश देकर समय करीब 08.15 बजे हिरासत पुलिस लिया गया तथा पुलिस टीम के उप निरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी, हेड कांस्टेबल अमरजीत ने सोमवार को वारंटी जयचन्द्र उर्फ पवन पुत्र कौशल किशोर निवासी मिल्कीजोत दाखिली नौतला थाना रामगांव जनपद बहराइच को सिविल जज (प्र0ख0) बहराइच की कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तार किया गया। कैसरगंज के थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि उनके नेतृत्त्व में कैसरगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त अम्बर चौहान पुत्र गुरुशरण निवासी गोड़हिया नं. 4 थाना कैसरगंज जनपद बहराहच को ग्राम चुलम्भा में चोरी करते समय ग्रामवासियो की सहायता से मौके पर ही चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से तीन अदद मोबाइल फोन,430 रुपये नगद,पीली व सफेद धातु के आभूषण तथा कृत्रिम आभूषण जिनकी अनुमानित कीमत 30,000 रुपये आंकी गई बरामद किए गए। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र मिश्रा उ0नि0 रामसनर यादव तथा हेड कांस्टेबल विनोद चौहान शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज हरेन्द्र मिश्रा के कुशल नेतृत्व में कैसरगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमे के आरोपी मो0 फैसल पुत्र मो0 सनीफ निवासी ग्राम कुडौनी थाना कैसरगंज जनपद बहराहच को शिवदयाल होटल कैसरगंज से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# बाईपास प्रभावित किसानों की जनजागरण यात्रा तीसरे दिन भी जारी

- बिना कटौती सर्किल रेट के चार गुना मुआवज़ा के बिना नहीं देंगे एक भी इंच जमीन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में एन एच 727ए देवरिया बाईपास से प्रभावित किसानों के जनजागरण यात्रा के तीसरे दिन किसान संगठनों ने घटैला गाज़ी, रामपुर खुर्द, पोखरभिंडा और परसा बरवां में भ्रमण करके सरकारी लेखपालों के कैम्प का विरोध करते हुए हुंकार भरी। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने कि जब तक प्रशासन द्वारा जमीनों का सही सर्किल रेट लगाकर बाजार मूल्य का बिना कटौती चार गुना मुआवज़ा निर्धारित करके अवार्ड संशोधित नहीं किया जाता, तब तक कोई भी किसान पेपर जमा नही करेंगे और अपनी एक इंच भूमि भी नही देंगे। इसके अलावा संशोधित अवार्ड में भूमि के ऊपर मौजूद फसल, पेड़, निर्माण आदि का भी मुआवज़ा शामिल होना चाहिए। प्रभावित भूस्वामी चरणदास झुनझुनवाला ने कहा कि सरकार किसानों के साथ जातीय कर रही हैं मगर सभी जनप्रतिनिधि एकदम चुप्पी साधे हुए हैं। आज तक कृषि मंत्री से लेकर सत्ता पक्ष के सभी विधायक , सांसद भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस गम्भीर मुद्दे पर नहीं मिले।प्रभावित किसान लाल प्रताप सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन मुआवजा निर्धारण में एकदम मनमाना कर रहा हैं। किसानों के जमीनों की लूट मची हैं। सरकार करोड़ों की जमीन लाखों में लेना चाहती हैं मगर किसान ना ही अपना पेपर जमा करेंगे और ना ही अपनी जमीन रजिस्ट्री करेंगे। जनजागरण यात्रा में राजनाथ यादव सुधीर चौहान, सुग्रीव मिश्रा,हरिलाल यादव ध्रुव नारायण चौहान नूर आलम खान राम आधार शिवाजी चौहान, राघवेन्द्र चौहान,सुशील राय,सत्य प्रकाश मिश्रा राज प्रताप यादव सचिन यादव राजन कुमार, संजय सिंह इत्यादि किसान शामिल रहे।

# किसान सभा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



उत्तर प्रदेश किसान सभा की जिला इकाई के पदाधिकारी जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर धुस पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी को सौंपकर फसलों के लिए फार्मूला सी 2+50 प्रतिशत पर एमएसपी कानून बनाने की मांग की। मंगलवार को किसान सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड मोहन गोंड़ व माकपा जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में किसान जिला मुख्यालय पहुंचे। कामरेड श्रीवास्तव ने कहा कि एनडीए की तीसरी सरकार की नीतियों से किसानों व मेहनत कश लोगों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। अपने दिए 11 सूत्रीय ज्ञापन में सभा ने मांग किया कि अनाज का लाभकारी मूल्य दिलाया जाय। किसानों का कर्ज माफ करने, तीनों कृषि कानून वापसी के समझौते को लागू करने, नीलगाय व आवारा पशुओं से बचाव व बर्बाद फसलों का मुआवजा देने, फसल अवशेष नष्ट करने का निःशुल्क वकारगर उपाय करने, बकाया गन्ना मूल्य भुगतान व गन्ना मूल्य 500 रुपये करने, खाद, बिज की कालाबाजारी रोकने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, नहरों की सफाई व हेड से टेल तक पानी देने, सरकारी संपत्ति का निजीकरण रोकने, साम्प्रदायिक शक्तियों पर रोक लगाने की मांग की गयी। इस अवसर पर शमसुद्दीन अंसारी, इन्द्रीश, कैलाश गिरी, राम प्रसाद गोंड़, सुभाष गोंड़, भुआली, कमालुद्दीन, सुरेश सिंह पटेल मौजूद रहे।

# प्रधान प्रतिनिधि की दबंगई से सहम गया गांव

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

- प्रधान प्रतिनिधि व उसके सहयोगियो ने युवक की पिटाई के बाद गला दबा कर किया बेहोश
- घटना की वीडियो बना रहे पीड़ित के मामा रिटायर्ड इंस्पेक्टर की मोबाइल छीन कर पोखरे में फेंका
- पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि और उसके 50 अज्ञात सहयोगियों पर दर्ज किया केस
- पैमाइश के दौरान प्रधानप्रतिनिधि के ललकाने पर बिगड़ा माहौल

सहजनवा थाना क्षेत्र के भिटहा गांव में सोमवार को बाग की जमीन की पैमाईश के दौरान प्रधान प्रतिनिधि और उसके सहयोगियों की दबंगई से पूरा गांव सहम गया। प्रधान प्रतिनिधि के ललकाने से उसके सहयोगियों ने युवक की लात,घूसों व डंडे जमकर पिटाई। इतना ही नहीं युवक का गला दबा दिया। जिससे युवक बेहोश गया। युवक के मामा रिटायर्ड इंस्पेक्टर घटना की वीडियों बना रहे थे और मनबढों ने उनकी मोबाइल छीन कर पोखरे में फेंक दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने इस मामले में प्रधान प्रतिनिधि और उसके पच्चास अज्ञात सहयोगियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। सहजनवा थाना क्षेत्र के भिटहा गांव निवासी संजय दूबे पुत्र स्वर्गीय नर्वदेश्वर दूबे का आरोप है कि सोमवार को लेखपाल ने उसके मामा रिटायर्ड इंस्पेक्टर ओम प्रकाश चौबे को फोन करके बाग की जमीन की पैमाईश के लिए बुलाया। लेखपाल के बुलाने पर मौके पर उनके अलावा सह खातेदार रामसुमेर चौबे,घनश्याम चौबे भी पहुंचे। आरोप है कि वहां पहले से ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि वृजेश कुमार अपने परिवार और 50 से अधिक सहयोगियों के साथ गिरोह बंद होकर फौजदारी पर आमदा थे। आरोप है कि वृजेश कुमार के ललकारने पर उनके परिवार और सहयोगियों ने खाते के सहखातेदार उसके मामा रिटायर्ड इंस्पेक्टर ओम प्रकाश चौबे जो घटना की वीडियो बना रहे थे,उसे उक्त लोगों ने जबरिया मोबाइल छीन लिया और पोखरे में फेंक दिया। घटना देखकर वह अपने मामा को वहां से भाग जाने को कहे। इतना सुनते ही प्रधान प्रतिनिध वृजेश कुमार अपने परिवार और सहयोगियों के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया और लात घूसों तथा लाठी,डंडे से बुरी तर तरह से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। लोगों ने उसका गला भी दबा दिया। जिससे वह मौके पर बेहोश हो गया। घटना को गांव के तमाम लोगों ने देखा और बीच -बचाव किया। प्रधान प्रतिनिधि की दबंगई देखकर गांव के लोग सहम गए। आरोप है कि मामा रिटायर्ड इंस्पेक्टर की जो मोबाइल उक्त लोगों ने पोखरे में फेंकी है,उसमें प्रधान प्रतिनिधि वृजेश कुमार के पूर्व के मनबढ़ई और दुर्व्यवहार की वीडियो व फोटो भी कैद थी। वृजेश कुमार मनबढ़ किस्म का है और उसने गांव में गोल बना रखा है और लोगों को डरा धमकाना उसकी फितरत हो गई। पीड़ित संजय दूबे ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भिटहा गांव में जमीन की पैमाईश के दौरान प्रधान प्रतिनिधि पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों को मारापीटा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि वृजेश कुमार और अन्य पचासों अज्ञात लोगों के खिलाफ गोलबंद होकर मारने-पीटने औ गला दबा कर बेहोश कर देने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा,आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम के कार्यप्रणाली पर अधिवक्ताओ में असंतोष किया कार्य का वहिष्कार

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

बार असोसिएशन के अध्यक्ष देशदीपक पाण्डेय की अध्यक्षता मे अधिवक्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार कर दिया। अध्यक्ष का कहना है कि न्यायालय मे प्रस्तुत पत्रावलियों मे कानूनी प्रक्रिया का एसडीएम शैलेन्द्र गौतम द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। कई बार चेतावनी देने के बाद भी कार्यप्रणाली में सुधार न होने की स्थिति मंगलवार कार्य का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने चेतावनी दिया कि मे उच्च अधिकारियों से मिलकर उनके कार्यशैली के सम्बंध मे अवगत कराया जायेगा।इस दौरान महामंत्री सुनील चौधरी,उपाध्यक्ष राकेश चौबे,कृण्ण कुमार चौहान, त्रिपुरेश पाण्डेय, राविश पाण्डेय, सचिदानंद, नवीन मिश्रा, आशुतोष पाण्डेय उपस्थित रहे।

# तक्षशिला कोचिंग सेंटर में संविधान दिवस पर आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता



**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा**

मंगलवार को तक्षशिला कोचिंग सेंटर में संविधान दिवस के अवसर पर एक भव्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने संविधान के महत्व और उसकी विशेषताओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्था के डायरेक्टर योगेंद्र मौर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान देशवासियों के लिए एक वरदान है। यह नागरिकों को उनके अधिकार और कर्तव्यों का ज्ञान प्रदान करता है और समाज में समता एवं समानता सुनिश्चित करता है। उन्होंने संविधान को भारतीय समाज की एकता और अखंडता का आधार बताते हुए इसे सच्चे अर्थों में पालन करने की अपील की। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर अवनीश कुमार यादव ने भी इस अवसर पर संविधान दिवस का महत्व समझाया और छात्रों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा, संविधान ने हर व्यक्ति को एक समान अधिकार दिए हैं, जिससे हम एक मजबूत और समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में अजय कुमार, विपिन कुमार, सौरभ, संदीप, सुधा, अंकिता, विजयलक्ष्मी, आसमा और निकिता समेत कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में छात्रों के जोश और उत्साह ने दर्शकों को प्रेरित किया। यह कार्यक्रम संविधान के प्रति जागरूकता और इसे अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सराहा गया।

# सपाइयों ने संविधान रक्षा का लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



समाजवादी पार्टी जिला इकाई कुशीनगर द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन पडरौना पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शुकरूल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संविधान दिवस के इस अवसर पर सभी साथियों ने संविधान बचाने व उसके अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया और वक्ताओं ने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों पर विस्तार से चर्चा किया भारत का संविधान भारतीय लोकतंत्र के संरचना का एक आधारशिला है दुनिया का सबसे बड़ा और समावेशी संविधान भारत का संविधान है जिसमें न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के साथ-साथ हर नागरिक के लिए अधिकार और कर्तव्य की व्यवस्था है।संविधान एक तरफ जहां व्यक्ति के अधिकार को निर्धारित करता है वहीं दूसरी तरफ उसके कर्तव्यों का भी बोध कराता है आज वर्तमान स्थिति में देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो संविधान विरोधी कार्य करने का कार्य कम कर रही है नए संसद भवन मे सिंगोल की स्थापना कर भाजपा ने अपना चेहरा साफ कर दिया है यह सिंगोल जो राज दंड का प्रतीक है इसकी स्थापना से साफ है कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया के सबसे अच्छे संविधान को बदलना चाहती है देश में आरक्षण नागरिकों के अधिकार को आए दिन खत्म किया जा रहा है ऐसी स्थिति में देश में संविधान के प्रति आम जनता में काफी संदेह पैदा हो गया है समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखे संविधान के साथ है समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी संविधान बचाने के लिए संकल्पित है उनके निर्देश के क्रम में आज पार्टी के जिला कार्यालय पर सभी समाजवादी साथियों ने संविधान की रक्षा का संकल्प लेते हुए इसके लिए हर कुर्बानी देने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष मोहम्मद शुकरूल्लाह अंसारी के साथ-साथ राजेंद्र यादव उर्फ मुन्ना शाहिद लारी कैसर ज़माल टीटू वाज़दि अली विवेक ओझा राम लखन यादव आजम अंसारी राम प्रताप कुशवाहा मुन्ना अंसारी विधानसभा अध्यक्ष गण क्रमशः निठुरी राजभर राजेंद्र पाल, ओम प्रकाश यादव, दाउद अली, असफाक अहमद, करन चौहान आदि ने संबोधित किया तथा संचालन कैसर ज़माल टीटू ने किया।

# कठोरता और लचीलेपन का मिश्रण है भारतीय संविधान: डॉ देवेन्द्र मणि



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

भारतीय संविधान कठोरता एवं लचीलेपन का अद्भुत मिश्रण है, ऐसा शायद ही किसी अन्य देश में है। यही कारण है कि धर्म तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक विभिन्नता के बावजूद पूरे देश को बांधने में सफ़ल है। उक्त बातें आज संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने विद्यालय में आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता कहा। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि आज ही के दिन संविधान को अंगीकृत किया गया। भारतीय संविधान दो वर्ष ग्यारह माह अठारह दिन में बना।इसे लिपिबद्ध रायबहादुर प्रेमजादा ने किया। सन् 2015 से आज ही के दिन डॉ भीमराव अम्बेडकर के 125 वीं जयंती से प्रत्येक वर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है।इस अवसर पर कालेज की छात्रा कु अदिति पांडेय एवं शीतल सिंह ने संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही सभी बच्चों को भारतीय संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संजय पाण्डेय, निर्भय मिश्र, रामस्वरूप पांडेय, अभिषेक पाण्डेय, प्रदीप, राहुल, उत्तम, आशीष, मनीष, सत्येन्द्र मिश्र सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोन लिए ढाई लाख कर्जदार हो गए 52 लाख

**जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर**

कारोबार के लिए अल्पसंख्यक वित्तीय विकास निगम से 80 लोगों ने लोन लिया। इसमें से 71 लोगों ने अभी तक लोन की रकम जमा नहीं किया। जिससे ब्याज की रकम बढ़ती गई। नतीजा यह है कि एक कर्जदार ने ढाई लाख का लोन कराया था और वर्तमान में वह 52 लाख का कर्जदार हो गया। विभाग ने पुनः सभी बकाएदारों को नोटिस जारी करके 30 नवंबर तक कर्ज की रकम जमा करने का अल्टीमेटम दिया है। इसके बावजूद यदि रकम जमा नहीं की तो आरसी जारी करा कर भू राजस्व की भांति कर्ज की रकम की वसूली कराएंगा। वर्ष 1997 से वर्ष 2004-05 तक 80 लोगों ने विभिन्न कारोबार के लिए अल्पसंख्यक वित्तीय विकास निगम से लोन लिया। इसमें किसी ने अंबेसडर टैक्सी तो किसी ने महिंद्रा जीप और फिर पीसीओ टेलीफोन, बजाज आटो, मोटर मैकेनिक, टेलरिंग शॉप, डेयरी यूनिट, कारपेंटर की दुकान, वुड वर्क, रेडीमेट गारमेंट्स आदि उद्योग के लिए लोगों ने लोन लिया।

# पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

पडरौना के राज दरबार में मंगलवार को पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री स्वर्गीय सी.पी.एन. सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधि, एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय सी.पी.एन. सिंह के योगदान और व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट आर.के. सिंह ने कहा, स्वर्गीय सी. पी. एन. सिंह एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने 1969 से 1989 तक सांसद रहते हुए अपने क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी। उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने क्षेत्रीय विकास को मजबूती प्रदान की। पडरौना सदर विधायक मनीष जायसवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, स्वर्गीय सी.पी.एन. सिंह जी की दूरदृष्टि और जनता के प्रति उनकी निष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने पूर्वांचल के विकास के लिए जो प्रयास किए, वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। सभा में शामिल लोगों ने भी अपनी भावनाओं को साझा करते हुए स्वर्गीय सीपीएन सिंह जी के योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोका विधायक विनय गोड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शिव कुमारी देवी, पडरौना ब्लॉक प्रमुख आशुतोष सिंह बहुगुणा, विशनपुरा ब्लॉक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, मोतीचक ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह, राजकुमार सिंह, नरेंद्र तिवारी, ममता मणि त्रिपाठी, अरविन्द सिंह, अशोक मालवीय, गुड्डू मल्ल, संतोष श्रीवास्तव, प्रिंस प्रताप सिंह, राधेश्याम पासवान, अतुल मिश्र, पियूष सिंह, चंदन जायसवाल, प्रदीप मोदनवाल सहित अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# वाराणसी मंडल के पार्सल कार्यालयों में क्यूआर डिस्प्ले डिवाइस से भुगतान की सुविधा आरम्भ

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल द्वारा रेल राजस्व में वृद्धि हेतु सदैव सर्वोत्तम प्रयास किए जा रहे हैं एवं इसके लिए वाराणसी मंडल लगातार प्रयत्नशील है। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में वाराणसी मंडल में PRS/UTS के साथ साथ अब पार्सल कार्यालय को Digitalised करते हुए QR Scanner द्वारा भुगतान की सुविधा प्रदान कर दी गई है। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार CRIS द्वारा बनाए गए Parcel Management System के माध्यम से पार्सलों की बुकिंग करने की सुविधा की शुरुआत की गई है।

# स्लोगन प्रतियोगिता में विजेता छात्र हुए पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



विकास खण्ड दुदही अंतर्गत बांसगांव सरगटिया स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके बाद सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। यह एक गर्व का क्षण था, जिसने सभी को संविधान की मूल भावनाओं और उसके महत्व का अनुभव कराया। पायनियर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एखलाक अहमद ने किया। इस मौके पर उन्होंने छात्रों को संविधान के महत्व के बारे में बताया। स्लोगन प्रतियोगिता में आकृति प्रथम, खुश्बू द्वितीय, अनुराधा व सुहेल तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक ब्रिजेश कुमार व प्रधानाचार्य दिनेश गुप्ता ने सभी विजेता छात्राओं को मेडल पहना कर सम्मानित किया। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने संविधान के निर्माण की प्रक्रिया, इसके रचयिताओं विशेषकर डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान, और इसमें निहित समानता, स्वतंत्रता, न्याय जैसे मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संविधान हमारे देश का मार्गदर्शक दस्तावेज है, जो प्रत्येक नागरिक को अधिकार और कर्तव्यों की भावना से प्रेरित करता है। इस अवसर पर अभिषेक राय, अजित जायसवाल, मंजू गुप्ता, सिम्पी रौनियार, नेहा गुप्ता, रागिनी जायसवाल, दुर्गावती सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# सेंट मैरी स्कूल पर सड़क सुरक्षा जागरूकता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



**आनन्दनगर।** सेंट मैरी इंटरनेशनल स्कूल, सिधवारी आनन्दनगर (फरेंदा) में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित हुई। उक्त अभियान के तहत विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में वि?द्यालय की प्रबंधक चंद्रकला साहनी एवं प्रधानाचार्य निधीश थॉमस और उप प्रधानाचार्य रत्ना हाजरा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में यातायात पुलिस की ओर से प्रभारी यातायात अधिकारी महराजगंज अरुणेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात के नियमों का पालन करने की आवश्यकता को विस्तार से समझाया। इस दौरान विद्यार्थियों को ट्रैफिक लाइट, जेब्रा क्रॉसिंग और हेलमेट तथा सीट बेल्ट पहनने जैसे आवश्यक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक चंद्रकला साहनी, शिक्षकगण, गैर-शिक्षण स्टाफ और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अनुरोध किया कि वें सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सेंट मैरी इंटरनेशनल स्कूल का यह कदम बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास है।इस दौरान विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# बारातियों से भरी बस गिट्टी लदी ट्रॉली से भिड़ी, पांच घायल

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

मंगलवार को तड़के लगभग साढ़े तीन बजे रामकोला पडरौना मार्ग पर मेहदीगंज के समीप बारातियों से भरी एक बस घने कोहरे के कारण गिट्टी लदी एक ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ गई। जिससे बस में बैठे पांच लोग घायल हो गए। मिले जानकारी के अनुसार उक्त बस महाराजगंज से बारात लेकर तमकुहीराज गई थी। तथा वापस लौटते समय मेहदीगंज के समीप घने कोहरे की वजह से गिट्टी लदी एक ट्रैक्टर ट्राली से पीछे से टकरा गई। इस जबरदस्त टक्कर में बस में बैठे पांच लोग घायल हो गए। जिन्हे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जिसमे एक गंभीर रुप से घायल महताब अली उम्र 55 वर्ष निवासी नरकटवा थाना बांसी जिला महाराजगंज की स्थिति काफी नाजुक होने के कारण ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज़ के बाद जिला अस्पताल पडरौना रेफर कर दिया गया। तथा शेष चार घायलों का इलाज चल रहा है। सुरेयन 60 वर्ष पुत्र भंवरा नि. खड़खड़िया थाना कैम्पियरगंज गोरखपुर शामिल हैं।

# पूर्वांचल के ऐतिहासिक गोविंद साहब मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जिलाधिकारी ने पूर्वांचल के ऐतिहासिक गोविंद साहब मेले के तैयारी के संबंध में मेला समिति के सदस्यों के साथ बैठक की 8 दिसंबर को ऐतिहासिक गोविन्द साहब मेले का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। यह मेला लगभग एक माह तक चलता रहेगा। इसमें जनपद से तथा आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, कुछ प्रमुख तिथियों में यहां श्रद्धालुओं के आने की संख्या कई लाख तक पहुंच जाती है। इस प्रसिद्ध एतिहासिक मेले को भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित किए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थानीय लोगों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि गोविंद साहब मेला एक पौराणिक एवं ऐतिहासिक मेला है इसकी महत्वता को दृष्टिगत रखते हुए इसे प्रांतीयकृत मेला का दर्जा शीघ्र ही प्राप्त होगा जिसके लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के मंशानुसार जनपद के विभिन्न पौराणिक एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों यथा श्रवण क्षेत्र धाम व शिव बाबा धाम में धार्मिक पर्यटन सुविधाओं का विकास कार्य प्रगति पर है इसी प्रकार गोविंद साहब में भी आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी के दृष्टिगत इस मेले को प्रांतीयकृत मेला का दर्जा दिलाए जाने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है इस मांग को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जा चुका है। अतिशीघ्र गोविंद साहब मेले को राजकीय मेले का दर्जा मिलने की संभावना है।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मेलार्थियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने मेला के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, प्रकाश की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया साथ ही संपूर्ण मेला क्षेत्र में ढीले विद्युत तारों व खंभों को ठीक करने तथा विद्युत सुरक्षा के मानक को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र में पेयजल हेतु प्रयाप्त पानी के टैंकर लगाने, आवश्यकतानुसार मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था करने आदि सहित मेला क्षेत्र एवं टॉयलेट आदि की नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। संपूर्ण मेला क्षेत्र में अभी से ही एंटी लार्वा का छिड़काव एवं फॉगिंग कराने की कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मेलार्थियों के यातायात एवं आवागमन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने, मेलार्थियों के वाहनों की पार्किंग की बेहतर एवं सुगम व्यवस्था करने तथा वाहन पार्किंग का निश्चित दर भी निर्धारित करने के निर्देश दिए। मुख्य मार्ग से मेला क्षेत्र तक पहुंचने के लिए आवश्यकतानुसार ई रिक्शा का संचालन कराने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को अतिरिक्त बसों के संचालन हेतु पत्राचार करने के निर्देश दिए। ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जगह जगह अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। संपूर्ण मेले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में किसी भी प्रकार का मिलावटी खाद्य पदार्थ ना बिकने पाए। दुकानदार अपने दुकानों में विद्युत सुरक्षा एवं अन्य सुरक्षाओं का विशेष ध्यान रखें। सभी दुकानदार खाद्य पदार्थों की साफ-सफाई पर स्वयं भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन के अधिकारी स्थानीय निवासियों से समन्वय स्थापित कर मेला में आने वाले लोगों को उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान करें समस्त तैयारियां समय पर पूर्ण करें, कहीं पर भी किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेला क्षेत्र में चिकित्सा विभाग की मय एंबुलेंस एक टीम लगाने तथा एंटी स्नैक बेनम व सभी आवश्यक दबावों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। दुकानदारों को दुकानों को लगाने आदि से संबंधित अनुमति में किसी भी प्रकार की समस्या ना आए इसके लिए उन्होंने मेला क्षेत्र में ही सिंगल विंडो सिस्टम की सुविधा 5 दिसंबर से उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पवित्र सरोवर की साफ सफाई के कार्य को बेहतर ढंग से करने के साथ ही महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम को बनाने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में चल रहे समस्त कार्यों को अपेक्षित समय में प्रत्येक दशा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस भव्य मेले में इस बार कई एलईडी बैन भी लगाई जाएगी। शासन की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का पूरा ख्याल रखने का इंतजाम किया जा रहा है,उनके रहने के लिए व्यवस्था, स्नान करने की व्यवस्था, चेंजिंग रूम व्यवस्था ,लाइट व्यवस्था, साफसफाई, टॉयलेट व्यवस्था तथा आदि व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखा जाएगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी इसी के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवानों की भी तैनाती की जाएगी। मेला क्षेत्र में जगह-जगह वॉच टावर बनाए जाएंगे जहां से निगरानी की जाएगी। उन्होंने मेला में लगने वाले झूलों के संचालकों को सुरक्षा के सभी मानकों का अनिवार्य रूप से ध्यान रखना के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी तथा उत्तरी), उप जिलाधिकारी आलापुर,जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी तथा अन्य अधिकारीध् कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय पर ली गई संविधान की शपथ



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में मंगलवार को भाजपाइयों ने तुलसी पार्क स्थित भाजपा कार्यालय पर संविधान दिवस मनाया। अटल भवन पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर संविधान की शपथ ली।

जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि देश के आजादी के बाद बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण किया था। जिसमें गरीब पिछले शोषण एवं वंचित लोगों को समाज में समान अधिकार प्राप्त हो सके। बाबा साहब ने सभी वर्गों को एक समाज में रहने का अधिकार दिया है। जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी एवं जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू ने कहा कि संविधान में सभी को सामान अधिकार मिले हैं। संविधान के द्वारा सभी को न्याय मिलता है। संविधान लोकतंत्र की ताकत है। जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण ने कहा कि बाबा साहेब के बने संविधान में गरीब अमीर सब समान है। पीएम मोदी ने बाबा साहब के पंच तीर्थ स्थल बनकर डॉक्टर अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ललित तिवारी, मंजू तिवारी नगर, अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, भाजपा नेता अमरनाथ शुक्ला, घनश्याम चौहान, जयंत सिंह धर्मू, विश्व मोहन द्विवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांग पेंशन और कुष्ठावस्था पेंशन की द्वितीय किस्त के लिए आधार बेस्ड प्रणाली अनिवार्य

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिव्यांग पेंशन और कुष्ठावस्था पेंशन की द्वितीय त्रैमासिक किस्त के वितरण में अब आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू की गई है। निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत, लाभार्थियों को अपनी पेंशन के डाटा में आधार प्रमाणीकरण कराने और बैंक खातों में एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया) प्रक्रिया को पूरा करना होगा। लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि वे अपनी पेंशन प्राप्त करने के लिए अपना आधार कार्ड लेकर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय में उपस्थित हों। यहां उनकी पेंशन से संबंधित डाटा में आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके साथ ही, लाभार्थियों को अपने बैंक की शाखा में जाकर एनपीसीआई प्रक्रिया को पूरा करना अनिवार्य है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा यादव ने कहा, ष्दिव्यांग पेंशन और कुष्ठावस्था पेंशन की राशि समय पर प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण और एनपीसीआई प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यह सुनिश्चित करेगा कि धनराशि सीधा उनके खातों में पहुंच सके। सभी लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में जल्द से जल्द उपस्थित हों। जिन लाभार्थियों को अब तक वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय किस्त प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें विशेष रूप से इस प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए कहा गया है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि पेंशन की धनराशि बिना किसी देरी के उनके खातों में स्थानांतरित हो सके। यह नई प्रणाली पेंशन वितरण को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है। आधार आधारित भुगतान प्रणाली न केवल धनराशि के गलत वितरण को रोकने में मदद करेगी, बल्कि लाभार्थियों के लिए यह सुनिश्चित करेगी कि वे अपनी पेंशन सीधे और समय पर प्राप्त कर सकें। जिला प्रशासन ने सभी दिव्यांगजन और कुष्ठावस्था पेंशन धारकों से अपील की है कि वे अपने दस्तावेज लेकर कार्यालय में आएं और इस प्रक्रिया को समय पर पूरा करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# एएसपी की अध्यक्षता में यातायात जागरूकता गोष्ठी आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार ने मंगलवार को सीएमएस स्कूल में यातायात नियम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । विद्यार्थियों को यातायात नियमों के विषय में जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी गयी । जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक एवं सुरक्षित परिवहन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नवम्बर माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया गया । पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस




अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार ने सीएमएस स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यशाला में विद्यार्थियों व कॉलेज स्टाफ को जागरूक करते हुए बताया गया कि सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिये तथा नाबालिग बच्चों को वाहन नही चलाना चाहिये । इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि आप सभी अपने परिजनों को भी बताये कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट तथा दोपहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, ओवरस्पीडिंग न करें, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन एयर फोन का प्रयोग न करे, नशे की हालत में वाहन न चलाये, दाएं-बाएं मोडते समय अपने आगे-पीछे देखते हुए इंडिकेटर का प्रयोग अवश्य करें, हाई और लो बीम का उचित प्रयोग करे। प्रतिवर्ष सडक दुर्घटनाओं में बहुत लोगों की मृत्यु हो जाती है तथा बड़ी संख्या में लोग घायल हो जाते हैं, वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित गतिसीमा में ही वाहन को चलाने से सड़क दुर्घटनाओं तथा उनमे होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को बताया गया कि यदि कोई सड़क दुर्घटना होती है तो दुर्घटना में घायल की हरसंभव मदद करनी चाहिये तथा उसे समय से अस्पताल पहुचाना चाहिये जिससे उसकी जान बच सके क्योंकि दुर्घटना होने के पश्चात पहले घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता जिसमें घायल व्यक्ति की सहायता करने से उसकी जान बचने की संभावना बढ़ जाती है तथा सहायता करने वाले को गुड सेमेरिटन (नेक दिल व्यक्ति) की संज्ञा दी जाती है। उपस्थित सभी को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई व यातायात जागरुकता हेतु पोस्टर पंपलेट आदि का भी वितरण किया गया।

# जिलेभर में समारोह पूर्वक मनाया गया संविधान दिवस



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में मंगलवार को संविधान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया । संविधान दिवस के अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल ने संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर तथा भारत माता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया साथ ही प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया । संविधान दिवस पर सभी सरकारी व अर्ध सरकारी कार्यालयों तथा ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया।

जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को संविधान दिवस जनपद में उत्सव के रूप में मनाया गया । जनपद के सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, सरकारी व निजी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा संविधान दिवस पर लखनऊ से मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया। कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस पर मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन देखा एवं सुना गया। डीएम पवन अग्रवाल ने संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी एवं भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया । इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा संविधान में निहित मूल कर्तव्यों के पालन की शपथ ली गई । इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 26 नवम्बर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''भारतीय संविधान दिवस'' कार्यक्रम मनाया गया । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय एवं राघवेन्द्र त्रिपाठी ने संविधान निर्माता डा0 भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करके द्वीप प्रज्जवलित किया। तिरंगो के साथ विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन) गाकर प्रारम्भ किया। विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनि सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता कला प्रतियोगिता एवं सेल्फी पाइंट का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत (गीत-भारत




का संविधान) जिसमें आराध्या, आस्था, आशिता, नित्या, सिमर, शुभि, दिव्यांसी, नाव्या एवं श्रृश्टि ने बहुत ही मार्मिक ढंग से अपने समूह नृत्य को प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त भारतीय संविधान के आधार पर सभी मौलिक अधिकारों का अभिनय छात्र-छात्राओं ने किया। जैसे-अधिकारों में समानता का अधिकार, स्वतत्रंता का अधिकार, शोशण के विरूद्ध अधिकार, धर्म की स्वतत्रंता का अधिकार, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार एवं संवैधानिक उपचार आदि का अभिनय आराध्या, आस्था, आशिता, नित्या, सिमर, शुभि, दिव्यांशी, नाव्या एवं श्रृश्टि ने किया। भाषण प्रतियोगिता के अन्तर्गत आयुश तिवारी, अंशिका श्रीवास्तव एवं यशी पाण्डेय ने संविधान दिवस के बारे में अपना-अपना विचार प्रस्तुत किया, साथ ही सेल्फी पाइंट में अनम, अरबिया, आराध्या, परिधि, फरहत, अंशिका, माशू, गरिमा, अंशू तथा इलिमा ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने बच्चों के समस्त कार्यक्रमों को देखा एवं समस्त प्रतिभागिओं का उत्साहवर्धन किया तथा सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि भारतीय संविधान में दर्शाये गये सभी मौलिक अधिकारों के आधार अपना-अपना अधिकार प्राप्त करना चाहिए इसलिए हमें पूरी-पूरी जानकारी मौलिक अधिकारों के बारे में रखनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय, उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी, आशुतोश मिश्रा सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं नें छात्राओं के ''भारतीय संविधान दिवस'' के कार्यक्रम में मनमोहक कार्यक्रम को देखकर सराहना की तथा बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# जिलेभर में समारोह पूर्वक मनाया गया संविधान दिवस



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में मंगलवार को संविधान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया । संविधान दिवस के अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल ने संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर तथा भारत माता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया साथ ही प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया । संविधान दिवस पर सभी सरकारी व अर्ध सरकारी कार्यालयों तथा ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया।

जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को संविधान दिवस जनपद में उत्सव के रूप में मनाया गया । जनपद के सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, सरकारी व निजी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा संविधान दिवस पर लखनऊ से मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया। कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस पर मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन देखा एवं सुना गया। डीएम पवन अग्रवाल ने संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी एवं भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया । इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा संविधान में निहित मूल कर्तव्यों के पालन की शपथ ली गई । इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर एसपी ने दिलाई संविधान की शपथ



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस कार्यालय में भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़कर उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई । जानकारी के अनुसार 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस कार्यालय में उपस्थित समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी । साथ ही संविधान मे निहित आदर्शों, उद्देशिका को स्मरण कराते हुए संविधान की शपथ दिलाई । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैंसर से जूझ रहे मरीजों के लिए असरदार उपचार है कीमोथेरेपी

**जन एक्सप्रेस । भिवानी**



कैंसर के इलाज में कीमोथेरेपी एक महत्वपूर्ण उपचार पद्धति है, जो कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर उन्हें नष्ट करती है और मरीजों को बेहतर जीवन जीने की आशा देती है। भारत में, जहां हर साल लगभग 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं, कीमोथेरेपी का उपयोग कई प्रकार के कैंसर के इलाज में व्यापक रूप से किया जाता है। इसके उद्देश्य, संभावित दुष्प्रभाव और तैयारी को समझना, इस चुनौतीपूर्ण यात्रा को आसान बना सकता है।

कीमोथेरेपी का मुख्य कार्य कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करना है ताकि ट्यूमर को छोटा किया जा सके, बीमारी की प्रगति को धीमा किया जा सके और कुछ मामलों में इसे पूरी तरह ठीक किया जा सके। यह उपचार कैंसर की पुनरावृत्ति को रोकने, लक्षणों को कम करने और उन्नत अवस्था में आराम प्रदान करने के लिए भी उपयोगी होता है। मरीज के कैंसर के प्रकार, अवस्था और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर उपचार योजना बनाई जाती है।

मैक्स सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, साकेत के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. नागेंद्र शर्मा ने कहा कि हालांकि कीमोथेरेपी प्रभावी है, यह स्वस्थ कोशिकाओं को भी प्रभावित कर सकती है, जिससे थकान, मतली, बाल झड़ना, संक्रमण का बढ़ता जोखिम, एनीमिया और पाचन संबंधी समस्याएं जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'द टीचर ऐप' का किया अनावरण

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने आज दटीचरऐप लॉन्च किया, जो एक नवोन्मेषी डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे 21वीं सदी की कक्षाओं की मांगों को पूरा करने के लिए शिक्षकों को भविष्य के लिए तैयार कौशल प्रदान करके भारत में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने इंडिया हैबिटेट सेंटर, दिल्ली में आयोजित एक लॉन्च कार्यक्रम में इस प्लेटफॉर्म का अनावरण किया। इस अवसर पर भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चैयरमेन श्री राकेश भारती मित्तल और भारती एयरटेल फाउंडेशन की सीईओ सुश्री ममता सैकिया के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षक और बी.एड. के विद्यार्थी भी मौजूद थे। जमीनी




अनुभव और शिक्षकों के सामने आने वाली चुनौतियों की गहरी समझ के आधार पर, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने द टीचर ऐप की अवधारणा को विकसित किया है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो शिक्षकों को नवोन्मेषी डिजिटल संसाधनों के माध्यम से उन्हें समय की कसौटी पर खरे उतरे और भविष्य के लिए तैयार कौशल से सुसज्जित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शिक्षकों के सीधे इनपुट से विकसित किया गया यह उपयोगकर्ता-केंद्रित, मुफ्त ऐप, वेब, आईओएस और एंड्रॉइड पर उपलब्ध है, जिससे देशभर के शिक्षक इसको आसानी से पा सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म 260+ घंटे के उच्च गुणवत्ता वाले संसाधन प्रदान करता है, जिसमें पाठ्यक्रम, लर्निंग बाइट्स, छोटे वीडियो, पॉडकास्ट और इंटरैक्टिव वेबिनार जैसे विषयगत उत्सव (थीमेटिक फेस्ट), वेबिनार, प्रतियोगिताएं और क्विज शामिल हैं। ये सभी भविष्य के लिए तैयार रहने को प्रोत्साहित करने, शैक्षणिक प्रथाओं को उन्नत करने और कक्षाओं में विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, इस ऐप में लाइव विशेषज्ञ सत्र भी हैं जो व्यावहारिक कक्षा रणनीतियां प्रदान करते हैं और शिक्षकों के असाधारण प्रभाव की कहानियों को उजागर करके शिक्षकों का एक समुदाय बनाने का लक्ष्य रखते हैं। इस प्लेटफॉर्म में टीचिंग किट्स नामक एक विशिष्ट खंड है जिसमें 900+ घंटे का कंटेंट है।

यह सुविधा शिक्षकों को शिक्षण वीडियो, प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षण गतिविधियां, वर्कशीट, पाठ योजनाएं और प्रश्न बैंक सहित जैसे विभिन्न उपकरणों के माध्यम से कक्षा संचालन में सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। स्कूलों को सुरक्षित और खुशहाल शिक्षण स्थलों में बदलने के मिशन के साथ, दटीचरऐप न केवल शिक्षकों के विकास का समर्थन करता है बल्कि स्कूल के नेतृत्वकर्ताओं और प्रशासकों को भी मजबूत बनाता है।

# महिलाओं में कोरोनरी आर्टरी डिजीज, बन चुकी है मृत्यु का एक प्रमुख कारण

**जन एक्सप्रेस । सोनीपत**



दिल की बीमारियाँ अक्सर पुरुषों की समस्या मानी जाती हैं, लेकिन कोरोनरी आर्टरी डिजीज (सीएडी) महिलाओं के लिए भी मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन चुकी है। इसके लक्षण, जोखिम और परिणाम पुरुषों से महिलाओं में भिन्न हो सकते हैं।

कोरोनरी आर्टरी डिजीज तब होती है जब हृदय को ऑक्सीजन प्रदान करने वाली रक्त वाहिकाएं प्लाक (कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों) के जमा होने से संकुचित या अवरुद्ध हो जाती हैं। रक्त प्रवाह की इस रुकावट के कारण छाती में दर्द (एंजाइना), सांस लेने में कठिनाई या दिल का दौरा पड़ सकता है। मैक्स सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, साकेत के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग की निदेशक डॉ. अनुपम गोयल ने कहा कि महिलाओं में कोरोनरी आर्टरी डिजीज के लक्षण अक्सर कम स्पष्ट होते हैं। जहां पुरुषों को आमतौर पर छाती में दर्द का अनुभव होता है, वहीं महिलाओं में कुछ और लक्षण देखने को मिल सकते हैं, जैसे थकावट (बिना किसी शारीरिक श्रम के), मिचली या चक्कर आना, पीठ, गर्दन या जबड़े में दर्द, और सांस लेने में कठिनाई। ये सूक्ष्म लक्षण कभी-कभी नजरअंदाज कर दिए जाते हैं, जिसके कारण इलाज में देरी होती है और गंभीर जटिलताओं का जोखिम बढ़ जाता है। कुछ सामान्य जोखिम कारक जैसे धूम्रपान, मधुमेह और उच्च कोलेस्ट्रॉल सभी के लिए समान होते हैं, लेकिन महिलाओं में हार्मोनल परिवर्तन, रजोनिवृत्ति के बाद एस्ट्रोजन का स्तर कम होना।

# जनपद में संविधान दिवस का हुआ भव्य आयोजन

■ गांधी सभागार में विधायक बरखेड़ा एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**





संविधान दिवस के अवसर पर विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में एक भव्य कार्यक्रम/गोष्ठी का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के इस मौके पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया तथा मा मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को संविधान की उद्देशिका का पाठ कराया। उन्होंने जनपद वासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी।संविधान दिवस के मौके पर आयोजित गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। इसे आज ही के दिन अंगीकृत किया गया था। कहा कि हमारा संविधान क्रांतिकारियों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महान विभूतियों की वर्षों की तपस्या का प्रतिफल है इसमे समय के अनुसार होने वाले परिवर्तनों को आत्मसात करने की प्रवृत्ति है जो किसी भी संविधान की जीवंतता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संविधान की उद्देशिका संविधान की आत्मा/मूल है। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी जाने और उनको माने व उनका पालन करें, कहा कि जो जहां पर है

वह अपने कार्यों को अच्छे ढंग से संपादित करें तथा देश को तरक्की के मार्ग पर ले जाने में अपना सक्रिय सहयोग करें। इसके साथ ही विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को शपथ दिलाई गई।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उप जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनावों के दौरान फिजिकल बैलेट सिस्टम शुरू करने की मांग वाली जनहित याचिका की खारिज

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने अवगत कराया कि आज सुप्रीम कोर्ट ने इंजीलवादी डॉ. केए पॉल द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) खारिज कर दी, जिसमें भारतीय चुनावों में फिजिकल बैलेट पेपर से मतदान फिर से शुरू करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने मामले की सुनवाई की।

उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान डॉ. पॉल ने वैश्विक प्रथाओं का जिक्र करते हुए कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अधिकांश देशों ने फिजिकल वोटिंग सिस्टम को चुना है। उन्होंने कहा कि ÷हम लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि अधिकांश देश फिजिकल बैलेट सिस्टम का पालन करते हैं और भारत को भी इस पर विचार करना चाहिए। इस तर्क का सुप्रीम कोर्ट ने जबाव दिया कि हमें अन्य देशों का अनुसरण नहीं करना है।

डॉ. पॉल की अतिरिक्त प्रार्थनाओं में शामिल हैं-शराब या पैसे बांटते हुए पकड़े जाने पर उम्मीदवारों को कम से कम पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाए। चुनावों के दौरान पैसे और शराब के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए एक व्यापक नीति बनाई जाए। मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदान शिक्षा कार्यक्रम शुरू किए जाएं। राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त धन की जांच के लिए जांच तंत्र स्थापित किया जाए। चुनाव संबंधी हिंसा को रोकने के लिए एक मजबूत रणनीति बनाई जाए।

डॉ. पॉल ने यह भी कहा कि 18 राजनीतिक दलों ने उनकी याचिका का समर्थन किया है और चुनाव आयोग की रिपोर्ट का हवाला दिया है जिसमें चुनाव के दौरान करीब 9,000 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं।

आंध्र प्रदेश के उदाहरणों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू और जगन रेड्डी जैसे राजनीतिक नेताओं ने भी ईवीएम से छेड़छाड़ के बारे में चिंता जताई है।

हालांकि, न्यायमूर्ति नाथ ने दलीलों को खारिज करते हुए कहा, जब राजनीतिक नेता हारते हैं, तो वे दावा करते हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है; जब वे जीतते हैं, तो वे कुछ नहीं कहते। यह अदालत ऐसे काल्पनिक दावों पर विचार नहीं कर सकती।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंततः यह निष्कर्ष दिया गया कि जनहित याचिका में पर्याप्त योग्यता नहीं है और इसे खारिज कर दिया।

# समाजवादी पार्टी ने जिला कार्यालय पर मनाया संविधान दिवस




**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने जिला कार्यालय पर संविधान दिवस पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यकर्ताओं एव जनपदवासियों को संविधान दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा सर्वसमावेशी, सर्व हितग्राही संविधान उच्चतम आदर्शों, नागरिक कर्तव्यों एवं अधिकारों की अभिव्यक्ति है। इस दौरान जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने सम्बोधन मे भारत के संविधान को दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान बताते हुए कहा कि बाबा साहेब ने सबसे पहले संविधान के रूप में ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' की आधारशिला रखी सत्तारूढ़ दल पर तंज कसते हुए कहा कि संविधान का हर दिन तिरस्कार-अपमान हो रहा है, ऐसे में उत्सव मनाना हमारे सिद्धांतों के खिलाफ है उत्सव ढोंग नहीं होना चाहिए।

सत्ता में रहने वाली खासकर भाजपा ने संविधान को इसकी असली जनकल्याणकारी मंशा के हिसाब से लागू नहीं किया, जो अति-दुखद हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रत्येक जनपद मे सविधान मान स्तम्भ की स्थापना कर सविधान के प्रति निष्ठा एव सम्मान को दिखाया जिसका आज पूरे उत्तर प्रदेश मे प्रभाव देखने को मिल रहा हैं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक शमशा ने कहा जब दुनिया के अन्य लोकतंत्रों में भेदभाव जारी था, भारत ने पहले ही आम चुनाव में हर वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया। यह बाबा साहब आंबेडकर और संविधान सभा की दूरदर्शिता का परिणाम है। बीसलपुर की पूर्व सपा प्रत्याशी दिव्या गंगवार ने कहा किसी भी संविधान या किसी भी पवित्र कार्यक्रम की आत्मा उसका उद्देश्य होता है। भारत का जो मूल संविधान बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को दिया जिसे भारत ने अंगीकार किया था। समाजवादी पार्टी जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी व जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज ने कहा की ''एक तरफ भाजपा संविधान को ताक पर रखकर मनमानी करना चाहती है, तो दूसरी तरफ दिखावा करना चाहती है। भाजपा का ये राजनीतिक दोहरापन देश और देशवासियों के लिए घातक है। संविधान के मान-सम्मान और उसे व्यवहार में लाने के संबंध में हालात बद से बदतर हो रहे हैं, संविधान का हर दिन तिरस्कार-अपमान हो रहा है, ऐसे में उत्सव मनाना हमारे सिद्धांतों के खिलाफ है। उत्सव ढोंग नहीं होना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा जी एवं कार्यक्रम का संचालन सपा प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी गंगवार, वरिष्ठ सपा नेता अशोक समस सपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा कट्टर, जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहें।

# पंखे के कुंडे पर रस्सी बांधकर विवाहिता ने लगाई फांसी

**जन एक्सप्रेस | बरखेड़ा**



जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव नारायनठेर में सोमवार की शाम विवाहित महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी।

सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतका चांद बी 25 वर्ष पत्नी अखलाक पुत्री शमसुल हसन ने कल शाम घर में अकेले होने पर पंखे के कुंडे में रस्सी के फंदे से लटक कर जान दे दी। घर में मां और छोटे बच्चे उस समय पौटा सामान खरीदने गए थें। इसी दौरान शाम किसी समय 25 वर्षीय विवाहिता ने रस्सी से लटक कर जान दे दी।

जिसकी सूचना पिता को गाँव मे परचून की दुकान पर मिली सूचना पर पिता और पड़ोसी दीवार के सहारे घर मे घुसकर देखा तो उसकी पुत्री पंखे के कुंडे से रस्सी से लटकते हुये शव दिखाई दिया। तभी पिता दहाड़े मारने लगे।? जिंदा होने की संभावना को देखते हुए पिता ने शव को तत्काल नीचे उतार लिया परंतु तब तक महिला की मौत हो गई थी महिला पिछले दो वर्षों से अपने मायके में ही रह रही थी महिला का विवाह 3 वर्ष पूर्व जिला बरेली के गांव अटँगा चांदपुर से हुआ था।

विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगो की प्रताड़ना के चलते मृतका अपने मायके में ही रह रही थी। ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा भी चल रहा हैं।

पिता शमशुल हसन का आरोप है कि आए दिन ससुराल पक्ष की प्रताड़ना के चलते बेटी ने आत्महत्या की है।

सूचना पर मृतका के ससुराल पक्ष से कोई भी अंतिम संस्कार में नही आया।

सूचना पर बरखेड़ा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये पीलीभीत भेज दिया।

# जल जीवन मिशन के तहत बनाई गयीं पानी का टंकियां

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



सरकार द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल के तहत सरकार द्वारा गांव गांव में टंकियां बनवायी गयी जिससे हर घर में शुद्ध जल मिल सके। लेकिन ठेकेदार गांव में गड्ढे खोद देते हैं। दोबारा से ईटें बिछाते हैं तो उसमें ट्रालियां फंस रही हैं। पाइप लाइनें लीक होकर कीचड़ बन रही है। लेकिन इप पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

सरकार द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल के तहत सरकार द्वारा गांव गांव में टंकियां बनवायी गयी जिससे हर घर में शुद्ध जल मिल सके। लेकिन ठेकेदार गांव में गड्ढे खोद देते हैं। दोबारा से ईटें बिछाते हैं तो उसमें ट्रालियां फंस रही हैं। पाइप लाइनें लीक होकर कीचड़ बन रही है। लेकिन इप पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसके तहत गांव पकड़िया पंगली, ढकिया महक में ठेकेदार द्वारा सीसी मार्ग को उखाड़कार पाइप लाइन बिछाई गयी। ठेकेदार द्वारा दोबारा से मार्ग को सही नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों में ठेकेदार के खिलाफ रोष व्याप्त है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चीनी मिल संचालन, गन्ना यातायात एवं गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चीनी मिल संचालन, गन्ना यातायात एवं बरखेड़ा चीनी मिल के गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में गांधी सभागार, पीलीभीत में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी, पीलीभीत द्वारा बताया गया की जनपद में चीनी मिल पीलीभीत और बरखेड़ा संचालित है एवं सहकारिता की दोनो चीनी मिले 29.11.2024 को पेराई कार्य का शुभारंभ कर रही है। वर्तमान में चीनी मिल पीलीभीत मिल गेट सहित 123 क्रय केंद्र पर एवं चीनी मिल बरखेड़ा मिलगेट सहित 45 क्रय केंद्र पर गन्ना खरीद कर रही है। विगत सत्र के गन्ना मूल्य भुगतान के संबध में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया की वर्तमान में बजाज चीनी मिल पर 67 करोड़ रुपए अवशेष है। 27 करोड़ रु. 30 नवंबर तक भुगतान करना है इसके पश्चात अवशेष 40 करोड़ रु.15.12.2024 तक भुगतान करना है। बरखेड़ा चीनी मिल के प्रतिनिधि सुबोध गुप्ता द्वारा बताया गया कि कार्ययोजना के अनुसार भुगतान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने चीनी मिल प्रतिनिधि को सख्त निर्देश दिए गए की वह कार्ययोजना के अनुसार गन्ना मूल्य भुगतान करें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में उप संभागीय अधिकारी, पीलीभीत द्वारा निर्देश दिए गए की गन्ना यातायात में लगे सभी वाहन जैसे ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाई जाए। बैठक में प्रधान प्रबंधक चीनी मिल बीसलपुर, पूरनपुर, सीसीओ बीसलपुर, लक्ष्मी कांत मुदगल वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, महा प्रबंधक गन्ना चीनी मिल बरखेड़ा, जी. एम. (एच आर), चीनी मिल पीलीभीत, उप महाप्रबंधक (गन्ना), चीनी मिल पीलीभीत, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, बीसलपुर, बरखेड़ा, मझोला, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति, पीलीभीत, मझोला उपस्थित रहे।

# पिता ने पानी में जहर देकर गर्भवती बेटी की कर दी हत्या

**जन एक्सप्रेस | मेरठ**

शुकतीर्थ घाट पर छह साल पहले गर्भवती बेटी की जहर देकर हत्या के मामले में दोषी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय पॉक्सो कोर्ट संख्या-दो के पीठासीन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने फैसला सुनाया। भोपा थाने में तैनात सिपाही दीपक कुमार 13 अगस्त 2018 को शुकतीर्थ घाट पर तैनात थे। इस दौरान श्मशान घाट की ओर से दौड़ते हुए पहुंचे युवकों ने उन्हें किशोरी के गंभीर हालत में पड़े होने की जानकारी दी। सिपाही किशोरी को लेकर भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़िता ने मरने से पहले बयान दिया था कि वह गाजियाबाद के सिकरेड़ा गांव की रहने वाली है।

# नुक्कड़ नाटक मंचन के द्वारा यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



■ नुक्कड़ नाटक कर छात्र छात्राओं ने यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

यातायात माह के अंतर्गत गौहनिया चौराहे पर वाहन चालकों एवं जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ज्ञान इंटर नेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन प्रस्तुत कर आने जाने वाले वाहनों एवं जनमानस को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यातायात माह अभियान अंतिम चरणों में है जो 01 नवंबर से 30 नवंबर तक मनाया जाता है। इसी के अंतर्गत छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जिसमें ईशा शर्मा, ईशा वर्मा, अंशिका शुक्ला, साफिया अंसारी, वंशिका सिंह, ज़ोया सिद्दीकी, सिमरन कौर, अमनप्रीत सिंह, साजवीर सिंह, किरनदीप सिंह, शोभित कुमार, शूवी गंगवार, आदी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी इन्तजार खान, यातायात प्रभारी राघवेन्द्र सिंह, सहित यातायात टीम उपस्थित रही।

# विधायक बदलापुर महोत्सव की तैयारियो को लेकर अधिकारियों संग किया समीक्षा बैठक



**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा के द्वारा विकास भवन के सभागार में बदलापुर महोत्सव मनाये जाने के संबंध में बैठक की गई।

बैठक में विधायक के द्वारा महोत्सव के सम्बन्ध में की गयी तैयारियों की समीक्षा की गई।

उन्होने विभिन्न विभागों के द्वारा शिलान्यास, उद्घाटन, स्टॉल आदि लगाने के सम्बन्ध में जानकारी ली।

विधायक के द्वारा निर्देशित किया गया कि सामूहिक विवाह के संबंध में आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए इसके साथ ही कृषि विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों के संबंध में जानकारी प्रदान करें।

विधायक के द्वारा निर्देश दिया गया कि महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ,इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, परियोजना निदेशक के.के. पांडे, जिला

सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चोरों ने लाखों के जेवरात व नकदी किया पार

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ौना गांव में बीती रात चोरों ने एक घर में घुसकर सोने चांदी के लाखों रुपए के जेवरात व नकदी पार कर दिया। सुबह घर वालों को घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। चोरी गये नगद समेत सामान का मूल्य पांच लाख रुपए से ज्यादा बताया जा रहा है। क्षेत्र के उक्त गांव निवासी स्व राम अजोर यादव के घर में बीती रात चोरों ने घर के पीछे से सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़े। दरवाजा तोड़ सीढ़ी के रास्ते नीचे उतरे।कमरे का ताला तोड़कर अंदर बक्से व आलमारी में रखा हुआ 25 हजार नगदी रुपये, सोने की बाली, मांग टीका, सोने का चैन, लाकेट, नथुनी, पायल आदि लेकर फरार हो गए। सुबह उठाने पर कमरे व आलमारी की हालत देख परिजनों के होश उड़ गए। घर में सिर्फ मां सुदामा देवी व बेटी अनीता ही रहती है। एक बेटा दिनेश है जो अपने परिवार सहित दिल्ली रहता है। भुक्तभोगी के मुताबिक चोरी गये जेवरात का मूल्य पांच लाख रुपए से ज्यादा है। घटना की सूचना पर मौके पर ग्राम प्रधान राम प्रकाश यादव व ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। वहीं पीड़ित अनीता ने तहरीर दे दिया है।

# सम्पूर्ण जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**




भारतीय सविधान के 75 वर्ष पूर्ण करने पर जनपद में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, मा0 विधायक बदलापुर श्री रमेश चंद्र मिश्रा, नगर पालिका परिषद जौनपुर की अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

लोक भवन स्थित सभागार में माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को राज्यसभा सांसद, विधायक बदलापुर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकगणों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया तथा मुख्यमंत्री जी के उदबोधन को सुना गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में भारतीय संविधान विषयक पर आयोजित निबन्ध, वाद-विवाद, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले में 10-10 प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को मा0 जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेडल, अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। संविधान के महत्व के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाते समय दूरदर्शिता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराता है।

विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा जी ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संविधान का सम्मान करना चाहिए और। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हमें संविधान के मूल्यो का आत्मसात करना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को संवैधानिक जीवन जीना चाहिए संविधान की मूल भावना में मानव ही नहीं अपितु पशु-पक्षी व अन्य वन्य जीवों को भी संरक्षित रखने का प्राविधान किया गया है।

कलेक्ट्रेट परिसर से संविधान स्वाभिमान जन जागरुकता रैली का शुभारम्भ किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा रैली के माध्यम से आम जनों में जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया।

रैली कलेक्ट्रेट से होते हुए पैदल मार्च करते हुए अम्बेडकर तिराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में सभा के रुप में परिणित हो गया। वहाँ पहुच कर सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर मा0 जनप्रतिनिधिगणों ,जिलाधिकारी सहित अन्य द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात नगर पालिका जौनपुर में नगर को स्वच्छ रखने में एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

राज्यसभा सांसद द्वारा रैली में आए हुए सभी जनों को भारतीय संविधान की उद्देशिका/प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई तथा उनके द्वारा अपील की गया कि हमें अपने संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखनी चाहिए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं शिक्षकगणों तथा सभी अधिकारियों का आभार जताते हुए धन्यवाद की ज्ञापित किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

इसके साथ विकास भवन, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित विभिन्न कार्यालयों सहित सम्पूर्ण जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयवर चौहान, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष और सदस्यगण सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेरठ में युवक की हत्या

**जन एक्सप्रेस | मेरठ**। एक साल पहले एक छात्र पर कुछ युवकों ने पेशाब कर वीडियो बनाया था। मंगलवार को उस छात्र रितिक की भावनपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि जिन लड़कों ने पिछले साल बेटे को सरेआम मारा-पीटा और यूरिन पिलाया था, उन्हीं ने हत्या की है। जागृति विहार निवासी रितिक के पिता कर्ण सिंह ने बताया कि सोमवार रात डेढ़ बजे उनके बेटे के मोबाइल पर एक युवक का फोन आया था। उसने कहा कि रितिक के पिता बोल रहे हो क्या? जल्दी मेडिकल इमरजेंसी आ जाओ। जब हम अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने कहा कि आपके बेटे की मौत हो चुकी है। पिता ने बताया कि सोमवार को वह ड्यूटी पर गए थे। रात को लौटे तो पता चला कि रितिक दोपहर साढ़े तीन बजे घर से निकल गया थ। उसने कहा कि वह कोई इंटर्व्यू देने जा रहा है। लेकिन तब से गायब है। परिजनों ने उसे लगातार कॉल किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। रात को डेढ़ बजे किसी ने कॉल कर अस्पताल बुलाया, जहं रितिक का शव रखा था। पिता का आरोप है कि उन्हीं युवको ने हत्या की है, जिन्होंने यूरिन पिलाया था।

# संविधान दिवस पर प्रभारी मंत्री ने दिलाई संविधान प्रस्तावना की शपथ

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर संविधान दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण/पुष्पार्चन कर संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया।

मंत्री एवं जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित उत्कृष्ट कार्य करने वाले एकीकृत बागवानी विकास मिशन रबी, प्याज के 07 लाभार्थी एवं 05 स्वच्छता प्रहरी तथा 01 महिला सशक्तिकरण समाजसेवी व 01 दिव्यता सशक्तिकरण मनोवैज्ञानिक एवं कौमी एकता सप्ताह के तहत 05 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एव टूलकिट योजना के 05 लाभर्थियों टूलकिट देकर सम्मानित किया। मंत्री ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संवैधानिक मूल्यों की स्थापना में विशिष्ट प्रयास किये जा रहे हैं। हम सभी को भी संवैधानिक मूल्यों की स्थापना का प्रयास करना चाहिये, जिससे आम जनमानस के जीवन को बेहतर बनाया जा सके। कहा कि हम सभी मुख्यमंत्री को सुन रहे थे कि किस तरीके से चुनौतियों का सामना करना है हर वर्ग के गरीब, अमीर व जातियों का भेदभाव को छोडकर भारतीय संविधान में दिये हुए आदर्शो का पालन करें। कहा कि हमारें संविधान ने हमें बहुत सारे अधिकार दिये है। हम जहां भी है, जिस क्षेत्र में हैं वहां अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आगे बढे और अपने अधिकारों के बारें में जानें। उन्होनें 26/11 को मुम्बई मे आतंकी हमले में शहीद हुए शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमारें प्रधानमंत्री ने देश को सुरक्षित रखने का काम किया है। आज हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। कहा कि हमारा देश हर तरह से मजबूत है। प्रधानमंत्री ने संविधान दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाये जाने का आवाह्न किया है, जिसके अनुपालन में आज हम भव्य रूप से संविधान दिवस मना रहें हैं। कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को भारतीय संविधान के बारे में जानकारी होनी चाहिए। किस तरह से बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर ने हमारे संविधान को तैयार किया है। भारतीय संविधान देश मे ही नही सबसे अच्छा है बल्कि पूरे विश्व में हमारें संविधान का सम्मान किया जाता है।

जिलाधिकारी ने संविधान दिवस के अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संविधान किस प्रकार से हमारे समाज में आया उसके विषय में मुख्यमंत्री ने संजीव प्रसारण के माध्यम से अपने विचार प्रकट किये। हमने भारतीय संविधान की मूल उद्देशिका का वाचन किया। कहा कि हम सब जानते है भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके है 76वां वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। 26 नवम्बर 1949 को हमनें संविधान को आत्मार्पित किया था इसमें बहुत ही शुद्व आदर्श रखें गयें है। यह आदर्श 140 करोड देशवासियों के बीच बनें रहें। कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर ने समाज की सभी भावनाओं को हीरें के मोती के दानों की तरह पिरोकर एक पुस्तक के रूप में लिखा, जिसको हम भारतीय संविधान कहते है। भारतीय संविधान की मूल भावना का हम सब पालन करें। उन्होंने सभी को प्रस्तावना में निहित मूल्यों के अनुसार आचरण का अनुपालन करने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा0 आशीष कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों का सभी को अपने जीवन में अनुपालन करना चाहिए।

जनपद के समस्त कार्यालयों, तहसीलों, ब्लाकों, ग्राम पंचायतों, जिला जेल, शिक्षण संस्थानों आदि में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) देवेन्द्र सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारिगण उपस्थित रहे। दूसरी ओर संविधान दिवस के अवसर पर कन्नौज पुलिस द्वारा पुलिस कार्यालय व समस्त थानों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस कार्यालय में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। एसपी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौलिक कर्तव्यों के संबंध में शपथ दिलाई, जिसमें उन्होंने संविधान के सम्मान, अधिकारों की रक्षा एवं समाज में संविधान के सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने देखा मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण, दिलायी संविधान की शपथ



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

26 नवंबर को जनपद में संविधान दिवस भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट लोक सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी इंद्रसेन, उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, उप जिलाधिकारी विवेकशील सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। लाइव प्रसारण के उपरांत सभागार में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विष्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवंबर, 1949 ई0 को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। आज संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त कार्यालयों, तहसीलों, ब्लॉकों, ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों में भी संविधान की उद्देशिका का पाठन कराने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने दिलायी संविधान की शपथ

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय प्रांगण में समस्त पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाकर भारत को एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विष्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन गरिमा पन्त व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, डॉ. अखिलेश नारायण सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में व समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में तथा थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज द्वारा थाना, चौकी पर पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गयी।

## भाजपाईयों ने संविधान दिवस पर बाबा साहब को किया याद

बाराबंकी। भारतीय संविधान अपनाने की 75 वीं वर्षगांठ पर भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को धन्यवाद एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके भाजपाइयों ने उन्हें नमन किया। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि संविधान देश का सबसे पवित्र ग्रन्थ है।कहा ,हमारा संविधान सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान सुनिश्चित करता है।पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि संविधान ने भारत को लोकतांत्रिक देश बनाया है।यह एक ऐसा दस्तावेज है जो देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। कहा,यह प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार प्रदान करता है। भाजपाइयों ने संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ रामकुमारी मौर्य, अमरीश रावत, संदीप गुप्ता, रचना श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, विजय आनंद बाजपेई, रामेष्वरी त्रिवेदी, सीए अष्वनी श्रीवास्तव, नीरज वर्मा, सूरज सिंह मौजूद रहे।

# विकसित भारत यंग लीडर्स प्रतियोगिता के विजेता प्रधानमंत्री से रूबरू होंगे



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

## विकसित भारत पर साझा करेंगे विचार

नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अग्रणी भूमिका की वकालत की गई थी। इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना को पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत इनिशिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। इसके तहत चार चरणों में होने वाली प्रतियोगिताओं में युवाओं को भाग लेना होगा। देश भर से चुने जाने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रधानमंत्री से रूबरू होने का मौका मिलेगा। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम 25 नवम्बर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा। इसके तरत देश भर में चार चरणों में प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। पहले चरण में विकसित भारत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक प्रतियोगिता कराई जाएगी।

इसमें 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। दूसरे चरण में निबंध और ब्लाक लेखन प्रतियोगिता होगी। इसमें पहले चरण के विजेता प्रतिभाग कर सकेंगे। तीसरे चरण में विकसित भारत विजन पिच डेस्क, राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां होंगी। इसमें द्वितीय चरण के विजेता प्रतिभाग कर सकेंगे। इसी तरह चौथे चरण की प्रतियोगिता भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी।

इसमें विभिन्न थीम आधारित राज्य स्तरीय टीम प्रतिभाग कर सकेगी। जोकि 11 और 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विचार प्रस्तुत कर सकेंगे।

# जब तक समाधान नही, तब तक जारी रहेगा हड़ताल- प्रदीप निगम

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



फतेहपुर। दि-बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की छठे दिन भी कलमबन्द हड़ताल जारी रही। जिसके चलते सभी न्यायालयों व रजिस्ट्री दफ्तर का कार्य संपूर्ण रूप से बंद रहा। बार अध्यक्ष ने कहा कि जब तक कोई समुचित निर्णय नही होता है तब तक कलम बंद हडताल निरन्तर जारी रहेगी। मालुम हो कि उपनिबन्धक कार्यालय को तहसील से अन्यत्र स्थान पर स्थानान्तरित न किये जाने को लेकर अधिवक्ताओं की कलमबन्द हड़ताल छठे दिन भी जारी रही। जिसके क्रम में बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने बताया कि बीते सोमवार को जिलाधिकारी को डाक से और उपनिबन्धक को सीधे एक मांगपत्र सौंपा गया था। जिसक्रम में अभी कोई अधिकारियों की ओर से वार्ता नही हुई है जब तक समस्या का समाधान नही हो जाता है तब तक हडताल जारी रहेगी। इस हडताल के दौरान अधिवक्ताओं और स्टाम्प वेन्डरों के चौम्बर और बस्ते भी नही खुल रहे है जिसके चलते एक शिकायती पत्र लिखाने के लिए फरियादियों को दर-दर भटकना पड रहा है। इस मौके पर संजय सिंह नम्बरदार, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नयन तिवारी, इन्द्रेश शुक्ला, प्रिंस वर्मा, रमेशचन्द्र रावत, प्रेमचन्द्र पाल, अनीक अहमद सिद्दीकी, श्रवण कुमार वर्मा, सतीश वर्मा, नफीस अहमद, अलीउद्दीन शेख, पुलकित श्रीवास्तव, नितिन मुकेश राज, प्रेमचन्द्र राजपूत, अशोक यादव, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में परिषदीय विद्यालयों में नेट परीक्षा का आयोजन हुआ

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शासन के निर्देश के अनुसार बच्चों के अधिगम स्तर आकलन हेतु दिनांक 25.11.24 व दिनांक 26. 11.24 को विकासखंड में नेट परीक्षा का आयोजन किया गया 25.11.2024 को समस्त परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 तक परीक्षाएं आयोजित की गई

दिनांक 26.11.2024 को समस्त परिषदीय विद्यालय में कक्षा 4 से 8 तक की परीक्षाओं का आयोजन किया गया यह परीक्षा ओएमआर शीट पर आयोजित की गई विकासखंड बिल्हौर में कक्षा 1 से 3 तक के समस्त बच्चों की उपस्थिति 99.34 प्रतिशत तथा दिनांक 26.11.2024 को आयोजित कक्षा 4 से 8 तक की परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति 95.39 प्रतिशत रही परीक्षा की सुचिता बनाए रखने हेतु सचलदल का भी गठन मुख्य विकास अधिकारी महोदया दीक्षा जैन द्वारा किया गया था

जिसमें खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा, पूर्ति निरीक्षक, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सम्मिलित रहे परीक्षा संपूर्ण ढंग से संपन्न रही खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रताप सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश की परीक्षाएं संपन्न होने के बाद में परीक्षा परिणाम आएंगा।

# क्षेत्रीय केंद्रीय आईपीएम केंद्र ने आयोजित किया बीजोपचार अभियान

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अतंर्गत लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र के प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में बिल्हौर विकास खंड के प्रगतिशील कृषकों हेतु राढ़ा गांव में बीजोपचार अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ राहुल सुतार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन (आईपीएम) की वर्तमान प्रासंगिकता एवं उपादेयता के विषय में किसानों को जानकारी दी। उन्होंने कृषकों को बताया कि रबी फसलों की बुआई के पूर्व किसान ट्राइकोडर्मा जैविक फंफूदीनाशक से शत - प्रतिशत बीज उपचार करें। उन्होंने कहा कि बीज उपचार एक प्रकार से बीज का टीकाकरण है जो कि फसलों में आने वाली बीजजनित बीमारियों से फसलों को सुरक्षा प्रदान करता है। धर्मराज सिंह, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने प्रयोगात्मक तौर पर प्रदर्शन करके ट्राईकोडर्मा से मटर एवं गेहूं का बीज उपचार करते हुए किसानों को दिखाया। उन्होंने बताया कि ट्राईकोडर्मा से उपचारित बीज की बुआई करने से फसलों में फंफूदजनित बीमारियों से सुरक्षा मिलती है साथ ही बीज का जमाव भी अच्छा होता है। इसके प्रयोग से पौधों का समुचित वृद्धि एवं विकास होता है क्योंकि यह पोषक तत्वों को घुलनशील बनाने में सहायक होता है तथा ट्राईकोडर्मा से बीज उपचार करने से रासायनिक कवकनाशी पर निर्भरता भी कम होती है । केंद्रीय टीम में धर्मेंद्र कुमार सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी एवं अलोक दुबे, वैज्ञानिक सहायक एवं बिल्हौर कृषि रक्षा ईकाई के प्रभारी रजनीश सिंह और कमल कुमार, देवेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

गांवों के प्रगतिशील कृषकों ने अत्यंत रुचि के साथ बीजोपचार अभियान में शामिल हुए।

# एक्सप्रेस खबरें...

## घुंघटेर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। जिले के घुंघटेर थाना की प्रभारी निरीक्षक गीता द्विवेदी पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एसपी दिनेश कुमार सिंह ने कड़ा कदम उठाते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्यवाई एएसपी चिरंजीवी नाथ द्वारा मामले की जाँच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद की गई। जानकारी के अनुसार, बीती 23 नवंबर की रात घुंघटेर क्षेत्र के ग्राम भदेसिया में नकाबपोश बदमाशों ने परिजनों को तमंचे के बल पर बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। पीड़ितों का आरोप है कि प्रभारी निरीक्षक गीता द्विवेदी ने उन पर दबाव बनाते हुए लूटपाट की तहरीर बदलवा दी और मुकदमा चोरी के मामले में दर्ज किया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी चिरंजीवी नाथ को जाँच सौंपी थी। जाँच में गीता द्विवेदी के खिलाफ लगे आरोप सही पाए गए, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। इस घटना ने जिले में पुलिस की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसपी ने स्पष्ट किया है कि पुलिस प्रशासन में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फावड़ा से गला काट कर पत्नी की निर्मम तरीके से हत्या करने सम्बंधी मुकदमे का फैसला सुनाते हुए अपर जिला जज प्रण विजय सिंह ने मृतका के कातिल पति को दोषी करार देकर आजीवन कारावास वा बीस हजार रूपये अर्थदंड से दण्डित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार थाना सतरिख के ग्राम जैना बाद निवासी वादी मुन्नूलाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 28/29सितम्बर 2022की रात उसकी बहू वर्ष की हत्या हो गई। सुबह उसके लड़के अजय कुमार ने उसे बताया तो वादी अपने घर के लोगों के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा कि उसकी बहू वर्ष का गला कटा हुआ था, वह मृत हो गई थी,खून भरा फावड़ा वहीं पड़ा था। पुलिस को दिए बयान में वादी ने कहा था कि उसकी बहू वर्ष का चरित्र बिल्कुल ठीक था,लडके अजय को गुस्सा ज्यादा आता था कुछ दिन पूर्व तक लड़के/आरोपी अजय कुमार का इलाज भी करना पड़ा था। न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई पूरी कर आरोपी पति को दोषी करार देकर आजीवन कारावास वा बीस हजार रुपए अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

## लगातार दिख रहा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहषत

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर। क्षेत्र के कल्याणी नदी में आये विशालकाय मगरमच्छ के कारण आसपास गांवों के लोगों में दहशत का पर्याय बना हुआ है। ग्राम रसूलपुर हेतम में कल्याणी नदी के किनारे एक विशालकाय मगरमच्छ ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना वन विभाग को दी गयी। वही वन विभाग नदी पर नजर बनाये हुए है। मालूम हो करीब एक माह पूर्व फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम रौजा नहर किनारे स्थित तालाब में एक विशालकाय मगरमच्छ देखा गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी थी। इसके बाद फिर बीती 23 नवम्बर को ग्राम रौजा में कल्याण नदी के किनारे फिर से एक मगरमच्छ ग्रामीणों को दिखाई पड़ा था। जब तक वन विभाग की टीम कुछ कर पाती वह नदी के गहरे पानी में चला गया था। मंगलवार पुन: सुबह एक बार फिर ग्राम रसूलपुर हेतम में मगरमच्छ दिखाई पड़ा। जो नदी के किनारे बैठा हुआ था यह देख ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। लगातार क्षेत्र मे दिख रहे मगरमच्छ के कारण आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस सम्बन्ध में रेंजर पी-के सिंह ने बताया कि नदी किनारे जो भी गांव है उन ग्रामीणों को सचेत किया गया है कि नदी के किनारे न जाये और जानवरों को जाने दें। लगातार विभाग द्वारा निगरानी की जा रही है। जल्द ही रेस्क्यू करके मगरमच्छ पकड़ लिया जाएगा।

# पुलिस टीम ने फरार चल रहे 50,000 रूपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



थाना सदर बाजार व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा फरार चल रहे 50,000 रूपये के ईनामी हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त वसीम उर्फ मॉडल को गिरफ्तार किया गया।

प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह व उ0नि0 प्रमोद रावल प्रभारी स्वाट टीम के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। दिनांक 23.11.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार व स्वाट/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा फरार चल रहे 50,000/- रूपये ईनामी अभियुक्त वसीम उर्फ माडल पुत्र मोबीन निवासी खानआलमपुरा थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर को थाना सत्यावादी जनपद पुरी उडीसा राज्य से गिरफ्तार किया गया तथा दिनांक 24.11.2024 को गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय से ट्रांजिट रिमाण्ड स्वीकृत कराकर जनपद सहारनपुर लाया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना मे इस्तेमाल स्कूटी न0 एच0आर0 01 ए0एन0-7243 को बरामद किया गया। अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जो थाना जनकपुरी का हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है।

# पेपर मिल रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक्टिवा सवार युवती की मौत

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

थाना सदर बाजार क्षेत्र के पेपर मिल रोड पर देवबंद निवासी युवक एवं युवती एक्टिवा से देवबंद की ओर जा रहे थे।

मंगलवार दोपहर 3.30 बजे एक्टिवा सवार युवक एवं युवती अचानक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिसके कारण युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना सदर बाजार पुलिस ने मृतक युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया है। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार देवबंद निवासी भाई अपनी बहन शिवानी के साथ एक्टिवा पर देवबंद की ओर जा रहा था।

# ककवन खंड विकास अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी ने गौशाला में तिरपाल ना मिला तो करवाई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गौशालाओं में इन दिनों सर्दी के चलते गोवंश गौशालाओं में सिकुड़ रहे हैं और कमजोर गोवंश बीमार हो रहे हैं सोमवार को खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत और पशु चिकित्सा अधिकारी नीरज पटेल,चमन प्रकाश बीटी, रवि शंकर एमआई ने सभी गौशालयों के प्रधान सचिव और संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक गौशाला ट्रिपाल से ढका होना चाहिए जिससे ठंडी हवा लगने से कमजोर गोवंश बीमार ना पड़े जिन गौशालाओं में ट्रिपाल ढके नहीं हैं वह हर हालत में दो दिन के अंदर ट्रिपाल लग जाएं अगर कहीं पर भी जांच करने पर नहीं पाया गया प्रधान और सचिव पर कार्रवाई उच्च अधिकारियों से कराई जाएगी पशु चिकित्सा अधिकारी नीरज पटेल ने बताया कि इन दिनों खुले में गोवंश बैठ जाते हैं और शीत लहर के चलते बुजुर्ग गोवंश बीमार हो रहे हैं और उनकी मौत भी हो सकती है।

इस समय से ही ट्रिपाल की व्यवस्था और खान-पान की दुरुस्त रखनी चाहिए।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जिन गौशालाओं में अभी तक ट्रिपाल नहीं लगा है प्रधान और सचिव मिलकर तुरंत तिरपाल खरीद कर वहां पर लगे जिससे गोवंश को बीमार होने से बचाया जा सकता है।

## कमसान मौनी आश्रम पर चल रही भागवत महापुराण में विधायक और वीडियो ने लिया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। तहसील क्षेत्र के कमसान ग्राम सभा में वर्षों पुराना मौनी आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा पुराण प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित की गई पुजारी राजेंद्र दास जी के देखरेख में चल रही हैं। इस वर्ष भागवताचार्य सत्यम वाजपेई सरस कथा सुना रहे हैं जहां पर सैकड़ो भक्त प्रतिदिन भागवत का रसपान कर प्रसाद लेकर अपने-अपने घरों को जा रहे हैं अपने सामर्थ के हिसाब से कोई अनाज तो कोई पैसा और फल चढाकर आशीर्वाद ले रहे हैं। इसी कड़ी में बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर सोमवार को आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने भी पहुंचकर आशीर्वाद लिया वहीं पर आश्रम के पुजारी राजेंद्र दास प्रधान जयसिंह ने विधायक से आग्रह किया की वर्षों पुराना तपोभूमि है जहां पर आने-जाने के लिए रास्ता आने जाने में कठिनाई होती है कई बार प्रयास हुआ है रास्ता बनाने का लेकिन निर्माण अधर में पड़ जाता है उन्होंने आग्रह किया कि रास्ते को बनवाया जाऐ।

# प्रणय कृष्ण पीडी ने दिलाई मौलिक कर्तव्यों की शपथ

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



संविधान दिवस पर विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रणय कृष्ण परियोजना निदेशक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। प्रणय कृष्ण पीडी नें विकास भवन के समस्त अधिकारीयों व कर्मचारियों को संविधान दिवस शपथ दिलाई। उन्होंने कहा की भारत के लिए आज का दिन काफी खास है। आज ही के दिन हमारे देश ने संविधान को अपनाया था। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी के नेतृत्व में हमारा संविधान बना जिसके बाद इसे आज तक सर्वोपरि माना जाता है। इस बात को आज 75 साल हो गए हैं। इसी क्रम में सभी अधिकारी व कर्मचारी से अनुरोध किया की व अपने-अपने पद से सम्बंधित आवंटित कार्य को पूरी निष्ठा व लग्न के साथ प्रतिदिन सम्पादित करायें । विकास भवन में आने वालेआमजन की समस्याओ को सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करें। इस दौरान अलोक कुमार शर्मा, ज़िला पंचायत राज अधिकारी, अर्चना, जिला समाज कल्याण अधिकारी, आर0 बी0 वर्मा, परियोजना अधिकारी (नेडा) प्रेमपाल सिंह, ज़िला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, नन्द लाल प्रसाद, ज़िला कार्यक्रम अधिकारी, इंद्रपाल सिंह, उपायुक्त स्वतरोज़गार, सुनील पुंडीर सहायक अभियंता डी.आरडीए, विनोद कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (डीडीओ) राजेंद्र त्यागी, संजय गौतम, आदित्य त्यागी,राजीव बंसल, सलीम कौसर, राकेश कुमार, गोपाल सिंह, उपेंद्र शर्मा, सुधीर सिंह, सतीश कुमार, अश्वनी कुमार, नाज़िम ख़ान, दीपक राठौर, बबिता रानी, आदि मौजूद रहे।

# देश की सुरक्षा को चुनौती देने वालों को मिलेगा करारा जवाब : पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में आयोजित समारोह में संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि मैं देश का यह संकल्प दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को संविधान दिवस की बधाई। भारत के संविधान का ये 75वां साल पूरे देश के लिए एक गौरव का विषय है। आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले जिनकी मृत्यु हुई उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है। बीते 75 वर्षों में देश के सामने जो भी चुनौतियां आई हैं। हमारे संविधान ने हर चुनौती का समाधान करने के लिए उचित मार्ग दिखाया है। संविधान ने आपातकाल का सामना किया। संविधान से मिली शक्ति की वजह से ही आज जम्मू-कश्मीर में भी बाबा साहब आंबेडकर का संविधान पूरी तरह लागू हुआ है। आज पहली बार वहां भी संविधान दिवस मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान सभा की बहस के दौरान बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है। इसकी भावना हमेशा युग की भावना है। पीएम ने कहा कि आज यह आसान लगता है कि लोगों को नल से पानी मिल रहा है, लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी सिर्फ तीन करोड़ घरों में ये सुविधा थी। संविधान की मूल प्रति में भगवान राम, माता सीता की तस्वीरें हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक चित्र इसलिए हैं ताकि वो हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाते रहें। ये मानवीय मूल्य आज के भारत की नीतियों और निर्णयों का आधार हैं।

### 10 साल में 4 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के घर पक्के हुए

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में 53 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के बैंक खाते खुले, जो बैंक के दरवाजे तक नहीं पहुंच पाए। पिछले 10 साल में 4 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के घर पक्के हुए। उन्होंने कहा कि भारत के हर नागरिक का सपना विकसित भारत है। इसी ध्येय से हम काम कर रहे हैं। हमने दिव्यांगों को पहचान दिलाई है। हमने संविधान की भावना को सशक्त किया है। हमने त्वरित न्याय के लिए न्याय संहिता लागू की है।

### देश के 100 जिले विकास की गति में आगे बढ़ रहे हैं

उन्होंने कहा कि एक समय था जब वरिष्ठ नागरिकों को बैंकों में जाकर यह साबित करना पड़ता था कि वे जीवित हैं। आज वरिष्ठ नागरिक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। देश के 100 जिले विकास की गति में आगे बढ़ रहे हैं। लोगों की रोजमर्रा जिंदगी की परेशानी दूर करने का काम भी चल रहा है। कुछ साल पहले तक देश में ढाई करोड़ घर अंधेरे में डूब जाते थे। देश में सबको बिजली कनेक्शन देकर हमने घरों को रोशन किया। सुदूर इलाकों में हजारों मोबाइल टावर लगाए गए। ताकि लोगों को 4 जी और 5 जी कनेक्शन की सुविधा मिले।

### पीएम के संबोधन की मुख्य बातें...

- डॉ राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि भारत को 50 ईमानदार लोगों के समूह की जरूरत है, जो देश के हित को अपने से ऊपर रखते हैं। राष्ट्र प्रथम की ये भावना आने वाले कई सालों तक भारतीय संविधान को जीवंत रखेगी।
- संविधान ने मुझसे जो मर्यादा मांगी मैंने उसका पालन करने का प्रयास किया है। मैंने उसका अतिक्रमण करने का प्रयास नहीं किया है।
- एक समय था जब वरिष्ठ नागरिकों को बैंकों में जाकर यह साबित करना पड़ता था कि वे जीवित हैं। आज वरिष्ठ नागरिक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।
- संविधान की मूल प्रति में भगवान राम, माता सीता की तस्वीरें हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक चित्र इसलिए हैं ताकि वे हमें मानवीय मूल्यों की याद दिला सकें। ये मानवीय मूल्य आज के भारत की नीतियों और निर्णयों का आधार हैं।

### कई वर्षों तक भारतीय संविधान को जीवंत रखेगी

पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि भारत को ईमानदार लोगों के समूह की जरूरत है जो देश के हित को अपने से ऊपर रखते हैं। राष्ट्र प्रथम की यह भावना आने वाले कई वर्षों तक भारतीय संविधान को जीवंत रखेगी। मैंने उस मर्यादा का पालन करने की कोशिश की जो संविधान ने मुझसे मांगी थी, मैंने उसका अतिक्रमण करने की कोशिश नहीं की।

### न्यायपालिका की सबसे बड़ी ताकत

इससे पहले सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि हम जो भी निर्णय देते हैं, वह एक शून्य-योग खेल होता है। कुछ लोग जश्न मनाते हैं और कुछ आलोचना करते हैं। यह एमएम है जो न्यायालयों के कामकाज में जांच को आमंत्रित करता है। भारत की सांवधानिक अदालतें दुनिया की सबसे शक्तिशाली अदालतों में से हैं। न्यायाधीशों के रूप में दृष्टिकोण और आलोचना मायने रखती है। क्योंकि हमारा सबसे पहला कर्तव्य जनता के प्रति है और दूसरा खुला और पारदर्शी होना न्यायपालिका की सबसे बड़ी ताकत है।

# एनआईए ने मणिपुर हिंसा के तीन बड़े मामलों की जांच शुरू की, फिर से दर्ज किए मुकदमे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर के हाल के हिंसा से जुड़े तीन बड़े मामलों की जांच शुरू कर दी है। एक आधिकारिक बयान में जानकारी दी गई कि जांच एजेंसी की टीमों ने 21 और 22 नवंबर को घटनास्थलों का दौरा किया और जांच शुरू की। बयान में कहा गया है कि राज्य पुलिस से मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने की प्रक्रिया जारी है।

### गृह मंत्रालय ने दिया था एनआईए को जांच का निर्देश

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद एनआईए ने मणिपुर में हिंसा से जुड़े तीन प्रमुख मामलों की जांच शुरू की। इन मामलों में बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए एनआईए ने 13 नवंबर को तीन मामलों को नए सिरे से दर्ज किया। गृह मंत्रालय ने अपराधों की गंभीरता और राज्य में बढ़ती हिंसा को देखते हुए जांच एनआईए को सौंपने का फैसला लिया था।

### तीन महिलाओं और बच्चों की अपहरण के बाद हत्या

पहले मामले की जानकारी देते हुए एनआईए ने बताया कि 11 नवंबर को बोरोबेकरा में कई घरों को आ लगा दी गई थी और दो नागरिकों की हत्या कर दी गई। बाद में अज्ञात उग्रवादियों ने छह लोगों का अपहरण कर हत्या कर दी, जिनमें तीन महिलाएं और तीन बच्चे शामिल थे। इन घटनाओं के बाद पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे भारी गोलीबारी हुई। तलाशी अभियान में जलते हुए घरों से दो शव बरामद हुए। एनआईए ने इस मामले को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम, 1959 के तहत फिर से दर्ज किया है।

### जिरिबाम के दो थानों पर उग्रवादियों ने किया हमला

दूसरे मामले में 11 नववंबर को जिरिबाम के जकुराधोर कड़ोंग और बोरोबेकरा थानों पर उग्रवादियों ने हमला किया था। इस हमले में सीआरपीएफ का एक कांस्टेबल घायल हुआ था और उसे इलाज के लिए सिल्चर भेज गया। इसके बाद सुरक्षा बलों और पुलिस ने जब तलाशी ली, तो हमलावर उग्रवादियों के शव और शस्त्र बरामद हुए। एनआईए ने इस मामले को भी भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम, 1959 के तहत फिर से दर्ज किया है।

### तीन बच्चों की मां के साथ दुष्कर्म

तीसरे मामले में जिरिबाम में उग्रवादियों ने एक महिला की हत्या की। सात नवंबर को जिरिबाम के जयरलपोकपी निवासी जोसांगकिम (31 वर्षीय) के साथ उग्रवादियों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और फिर उसे जलाकर मार दिया। जोसांगकिम तीन ब्चों की मां थीं। यह घटना पहले जिरिबाम थाने में आठ नवंबर को दर्ज की गई थी। एनआईए ने इस मामले को भी बीएनएस, शस्त्र अधिनियम (1959) और अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत फिर से दर्ज किया।

# नाव से 5500 किलो ड्रग्स थाईलैंड ले जाने की थी साजिश, पुलिस निकलवाएगी चालक दल की कॉल रिकॉर्ड

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अंडमान जल क्षेत्र में नाव से जब्त किए गए 5500 किलो मेथमफेटामाइन ड्रग्स को थाईलैंड ले जाने की तैयारी की जा रही थी। अंडमान-निकोबार कमांड और पुलिस ने इसे लेकर जांच शुरू कर दी है। इसके लिए पुलिस म्यांमार से नाव लेकर आए चालक दल के सेटेलाइट फोन का कॉल रिकॉर्ड निकलवाएगी। विरोधी अभियान में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह दो दिन पहले भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक बड़े मादक पदार्थ के पास 5500 किलोग्राम प्रतिबंधित मेथमफेटामाइन ले जा रहे छह म्यांमारी चालक दल के साथ एक नाव को जब्त किया था। ड्रग्स दो किलोग्राम के लगभग 3,000 पैकेट में पैक पाए गए थे। तटरक्षक बल ने नाव और चालक दल को पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खरगे ने उठाई मतपत्रों की वापसी की मांग

## कहा, जागरूकता के लिए भारत जोड़ो यात्रा की तरह चले अभियान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस ने एक बार फिर मतपत्रों की वापसी की मांग उठाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को तालकटोरा स्टेडियम में कहा कि मतपत्रों की वापसी के लिए भारत जोड़ो यात्रा की तरह जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम के दौरान खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातिगत जनगणना से डरते हैं। मोदी को डर है कि अगर वह जाति जनगणना कराते हैं तो समाज के सभी वर्ग अपना हिस्सा मांगेंगे। खरगे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए ने शानदार जीत दर्ज की है। मगर इस चुनाव का उद्यमी गौतम अदाणी से भी लेना-देना है, क्योंकि उनकी काफी संपत्ति दांव पर लगी थी। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। मैं चुनावों के बारे में बात नहीं करना चाहता, लेकिन चुनावों में सभी गरीब और उत्पीड़ित समुदायों के वोट बर्बाद हो रहे हैं। सभी को मतपत्र से मतदान की मांग करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा को ईवीएम अपने पास रखने दीजिए। हमें ईवीएम नहीं चाहिए, हमें मतपत्र पर मतदान चाहिए। तब पता चलेगा कि भाजपा की स्थिति क्या है और वे कहां खड़े हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस को सभी को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू करना चाहिए। हमें मतपत्र की वापसी की मांग करनी चाहिए। इसके लिए हम अन्य राजनीतिक दलों से बात करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा जैसा अभियान शुरू करना चाहिए।

### फिर मोदी को अहमदाबाद भागना पड़ेगा

खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जाति जनगणना से डरते हैं क्योंकि तब हर कोई अपना हिस्सा मांगेगा और मोदी को अहमदाबाद भागना पड़ेगा। अगर प्रधानमंत्री देश में एकता चाहते हैं तो वे और उनकी पार्टी देश में नफरत फैलाना बंद कर दे। भाजपा के नेता कह रहे हैं कि बटेंगे तो कटेंगे, लेकिन देश को कौन बांट रहा है? यह वे लोग हैं जो नफरत फैलाकर, लोगों को गुमराह करके और धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा पर संविधान को लेकर लगाए आरोप

खरगे ने भाजपा पर सांविधानिक अखंडता और संघीय चरित्र न होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा डॉ. बीआर आंबेडकर और संविधान सभा के सदस्यों की ओर से संविधान में लागू किए गए प्रावधानों को खत्म कर रही है। भाजपा संविधान की बात करती है, लेकिन जब संविधान को अपनाया गया था, तब आरएसएस ने कहा था कि यह पश्चिमी संस्कृति पर आधारित है और इसे मनुस्मृति पर आधारित होना चाहिए। जिन लोगों ने संविधान का अपमान किया है, वे इसके प्रति नकली प्रेम में लिप्त हैं। भाजपा संविधान की रक्षक नहीं, बल्कि भक्षक हैं। भाजपा संविधान को नष्ट करना चाहती है। हम एकजुट होकर भाजपा को पीछे धकेलना होगा।

# कांग्रेस के पास 17 राज्यों में 10 प्रतिशत से कम एमएलए : प्रधान

## यूपी-बंगाल समेत कई राज्यों ने राहुल गांधी को नकारा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भाजपा ने केंद्र और राज्य के चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन को लेकर जबरदस्त तंज कसा है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने भारत के नक्शे के जरिए कांग्रेस के खराब प्रदर्शन का जिक्र किया। प्रधान ने दावा किया कि यूपी-बंगाल और तमिलनाडु समेत कई राज्यों में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 10 फीसदी से भी कम है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों ने राहुल गांधी और कांग्रेस को सिरे से नकार दिया है।

### क्या बोले धर्मेंद्र प्रधान?

केंद्रीय मंत्री ने कहा, देश के ज्यादातर राज्यों की जनता ने कांग्रेस के भ्रम, झूठ और प्रपंच की दुकान पर पूरी तरह से ताला लगा दिया है। महाराष्ट्र 17वां राज्य बन गया है, जहां कांग्रेस के पास 10 प्रतिशत से भी कम विधायक हैं। गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बंगाल, दिल्ली, त्रिपुरा जैसे कई राज्यों की जनता ने राहुल गांधी और कांग्रेस को सिरे से नकार दिया है। प्रधान ने आगे कहा, कांग्रेस के नेताओं द्वारा नॉर्थ-साउथ के नाम पर लोगों को बांटने का घातक प्रयास अब पूरी तरह असफल हो चुका है। हर क्षेत्र की जनता ने एकजुट होकर कांग्रेस की विभाजनकारी सोच को कुचल दिया है। कांग्रेस अब खुद को बचाने के लिए देशहित के मुद्दों पर भी निम्न स्तरीय राजनीति कर रही है। भाजपा नेता ने कहा, इस पार्टी के पास अब न कोई नीति है, न कोई दिशा। कांग्रेस अब सिर्फ खोखले वादों और महज परिवार की साख बचाने की सियासत में जुटी हुई पार्टी बनकर रह गई है। अब देश की जनता ने भी तय कर लिया है कि कांग्रेस का विपक्ष में बैठना ही भारत की प्रगति का मार्ग है।

# छात्र संघ चुनाव के दौरान ईटानगर में भड़की हिंसा फायरिंग-मारपीट के बाद कई घायल, 10 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में छात्रसंघ चुनाव के दौरान हिंसा भड़क उठी। इस हिंसा में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने 10 लोगों को हिंसा के मामलों में गिरफ्तार किया है। हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। वहीं पहाड़ी इलाकों में अभी भी गोलीबारी की आवाजें सुनने को मिल रही हैं। दरअसल अरुणाचल प्रदेश में ऑल न्याशी छात्र संघ (एएनएसयू) चुनाव के लिए सोमवार को मतगणना हो रही थी। मतगणना के दौरान ही दो गुटों में विवाद हो गया और ये विवाद मारपीट में बदल गया। पुलिस अधीक्षक (राजधानी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजे मतगणना के दौरान सिद्धार्थ हॉल में दो उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच झड़प हुई। उन्होंने बताया कि झड़प में धारदार हथियारों और लाठियों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हिंसा के दौरान दोनों तरफ से गोलीबारी भी हुई, जिससे हालात बिगड़ गए। पुलिस ने भी हालात काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और भीड़ पर लाठीचार्ज किया।

# असम कैबिनेट ने होजाई जिला मुख्यालय का बदला नाम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने किया नए नाम का एलान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी



असम के मंत्रिमंडल ने होजाई जिला मुख्यालय का नाम बदलने की मंजूरी दी है। अब इसे शंकरदेव नगर से बदलकर श्रीमंत शंकरदेव नगर कर दिया गया है। यह फैसला राज्य की सांस्कृति और आध्यात्मिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है, जो 15वीं सदी के संत श्रीमंत शंकरदेव के योगदान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को नए नाम की घोषणा की।

### असम की कला, साहित्य पर श्रीमंत शंकरदेव का प्रभाव

श्रीमंत शंकरदेव का असम की कला, साहित्य और धार्मिक परंपराओं में गहरा प्रभाव रहा है। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने इस कदम की सराहना की है। उन्होंने इसे असम की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान को फिर से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### करीमगंज जिला और शहर का भी बदला था नाम

असम सरकार ने इससे पहले बराक घाटी के करीमगंज जिले और शहर का नाम बदलने का एलान किया था। अब करीमगंज जिले को श्रीभूमि और करीमगंज शहर को %श्रीभूमि टाउन% से जाना जाता है। यह बदलाव राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाने के लिए किया गया। राज्य मंत्रिमंडल ने 19 नवंबर को अपनी पिछली बैठक में करीमगंज जिले और शहर का नाम बदलने का फैसला किया था। होजई को 15 अगस्त 2015 को नागांव से अलग करके एक अलग जिला बनाया गया था।

### निवासियों-व्यापारियों को जानकारी अपडेट करने की सलाह

नाम बदलने की प्रक्रिया के तहत सभी सरकारी दस्तावेजों और साइनबोर्ड पर जल्द ही नए नामों का उपयोग किया जाएगा। स्थानीय निवासियों और कारोबारियों को अपने पते व अन्य संबंधित जानकारी को अपडेट करने की सलाह दी गई है। सरकार ने इस बदलाव को सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

# राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप वापस ले सकते हैं अदाणी के खिलाफ रिश्वतखोरी मामला, अमेरिकी वकील का दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर भारतीय अमेरिकी वकील रवि बत्रा ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद अदाणी के खिलाफ रिश्वतखोरी के मामले को वापस ले सकते हैं। रवि बत्रा ने कहा कि हर नए राष्ट्रपति के पास एक नई टीम होती है। डोनाल्ड ट्रंप 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर किसी भी ऐसे मुकदमे और मामलों को निष्प्रभावी कर सकते हैं जो विरोधी को निशाना बनाने के लिए कानून का सहारा लेने पर आधारित है। कानून का अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल करना अमेरिका के संघीय संविधान द्वारा दी गई कानून के समान संरक्षण की गारंटी के लक्ष्य को नकारता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को गौतम अदाणी भारतीय सरकार के साथ उठा सकते हैं और अनुरोध कर सकते हैं कि वह इस पर ट्रंप प्रशासन से बात करे। यदि आपराधिक या दीवानी आरोपों को बेबुनियाद या दोषपूर्ण माना जाता है तो राष्ट्रपति ट्रंप का नया न्याय मंत्रालय और एसईसी (प्रतिभूति और विनिमय आयोग) आपराधिक और दीवानी मामलों को वापस ले सकता है। वहीं अदाणी के खिलाफ रिश्वतखोरी का आरोप अमेरिकी कानूनों के देश के बाहर लागू होने से भी जुड़ा है। क्योंकि भारतीय उद्योगपति और मामले के अन्य आरोपी यहां नहीं रहते हैं। ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के नए राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे।

### यह लगाए गए थे आरोप

अमेरिकी न्याय विभाग ने न्यूयॉर्क की अदालत में दावा किया था कि दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी और अन्य साथियों ने अपने फायदे के लिए निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के लिए साजिश रची। अमेरिकी अभियोजकों का आरोप है कि 2020 और 2024 के बीच अदाणी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और अमेरिका स्थित परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों से 200 करोड़ डॉलर से अधिक बैंक ऋण जुटाया। अदाणी और उनके सहयोगियों ने अमेरिकी निवेशकों की कीमत पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के जरिये बड़े पैमाने पर राज्य ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध हासिल करने और वित्तपोषित करने की साजिश रची। उन्होंने आंध्र प्रदेश और ओडिशा सरकार के अधिकारियों को महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए रिश्वत दी। इससे अदाणी समूह को अगले बीस वर्षों में दो अरब डॉलर से ज्यादा का मुनाफा हो सकता था।

# बांग्लादेश में इस्कॉन धर्मगुरु की गिरफ्तारी से भारत नाराज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका



बांग्लादेश में इस्कॉन के धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर भारत ने नाराजगी जाहिर की है। भारत के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से हम चिंतित हैं। वहीं, चटगांव की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका भी खारिज कर दी। चटगांव कोर्ट के बाहर पुलिस ने चिन्मय प्रभु के समर्थकों पर आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को भगाने के लिए रबर बुलेट्स का भी इस्तेमाल किया। चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन करने आए लोगों को भी पुलिस ने हटा दिया। उधर, चिन्मय प्रभु ने कोर्ट परिसर में ही समर्थकों को संबोधित करते हुए कानून के मुताबिक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया।

# महाराष्ट्र में सीएम का ऐलान नहीं, अब भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी

- विधायकों से रायशुमारी करके नाम घोषित करेंगे, विधानसभा के कार्यकाल का आखिरी दिन आज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका। इसके लिए भाजपा आज या कल पर्यवेक्षक भेजेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के नाम का ऐलान करेंगे। उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उनको अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान डिप्टी ष्टरू देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। विधानसभा का कार्यकाल आज यानी 26 नवंबर तक ही है। नए मुख्यमंत्री के शपथ की तारीख तय नहीं है। तब तक शिंदे ही कार्यवाहक ष्टरू रहेंगे। शिंदे 28 जून 2022 से 26 नवंबर 2024 तक ष्टरूरहे। शिंदे के इस्तीफे के बाद भाजपा विधायकों की मुंबई में बैठक बुलाई गई है। इसमें फडणवीस को नेता चुना जाएगा। इसके बाद सह्याद्रि गेस्ट हाउस में शिंदे, फडणवीस और अजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए मुख्यमंत्री के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम लगभग फाइनल हो चुका है। आज ही उनके नाम की आधिकारिक घोषणा हो सकती है। फडणवीस के ष्टरूबनने पर नई सरकार में पहले की ही तरह दो डिप्टी ष्टरू होंगे। ह्ष्टक्क की ओर से अजित पवार और शिवसेना की ओर से शिंदे किसी नए विधायक का नाम आगे कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार का एजेंडा तय करने के लिए तीनों दलों की एक कमेटी बनाई जा सकती है, जिसके मुखिया एकनाथ शिंदे हो सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुखः संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)